

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रात:नागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791



वर्ष : 3, अंक : 164 रांची, गुरुवार, 28 मई, 2026 (ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष 12, संवत 2083) पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये,

email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com


## संक्षिप्त

### मणिपुर में विभिन्न उग्रवादी संगठनों के पांच कैडर गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने पिछले दो दिनों में पूरे मणिपुर में प्रतिबंधित उग्रवादी समूहों से जुड़े कई कथित भूमिगत सदस्यों को गिरफ़्तार किया है। साथ ही, पहाड़ी जिलों में अलग-अलग अभियानों के दौरान हथियार, विस्फोटक और संचार उपकरण भी बरामद किए गए हैं। मणिपुर पुलिस मुख्यालय के अनुसार प्रतिबंधित संगठन प्रीपाक के एक सक्रिय सदस्य, जिसकी पहचान इंफाल पूर्वी जिले के निंगोमथोंग सैरोम लीराक निवासी थिंगुजम गुलापी सिंह (45) के रूप में हुई है, को 26 मई को इंफाल पश्चिमी जिले के सिंगजामेई पुलिस स्टेशन के अंतर्गत काकवा लिलांडो लंपक से गिरफ़्तार किया गया। सुरक्षाकर्मियों ने उसके कब्जे से एक मोबाइल फोन, एक आधार कार्ड और एक स्कूटर जब्त किया। इसके अलावा, सुरक्षा बलों ने पीएलए के एक कथित सक्रिय सदस्य, वाइखोम शांता सिंह उर्फ. टोरबोट (32) को भी गिरफ़्तार किया। वह सबुंगखोक मामंग लीकाई का निवासी है और उसे इंफाल पूर्वी जिले के लामलाई पुलिस स्टेशन के अंतर्गत नोंगदा कामेंग क्षेत्र से गिरफ़्तार किया गया।

### नीट परीक्षा लीक मामले में दो लोग गिरफ्तार, अब तक 13 पकड़े गए

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने नीट-यूजी 2026 परीक्षा पेपर लीक मामले की जांच के दौरान दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। इनको मिलाकर इस मामले में गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या 13 हो गई है। गिरफ्तार किए गए लातूर के रहने वाले डॉक्टर मनोज शिरुरे पर तीन छात्रों की मदद करने में अहम भूमिका है। इनमें एक कोचिंग सेंटर के मालिक का बेटा भी है। उन्होंने आरोपित पी.वी. कुलकर्णी से केमिस्ट्री के प्रश्न हासिल करने में इन छात्रों की मदद की। सीबीआई ने तेजस हर्षदकुमार शाह को भी गिरफ्तार किया है। वह पुणे स्थित एक कोचिंग सेंट, डॉ. अभंग प्रभु मेडिकल एकेडमी (एपीएमए) में फिजिक्स का फैकल्टी है। जांच में खुलासा हुआ है कि उसे लीक हुए फिजिक्स के प्रश्न मनीषा हवलदार से मिले थे। मनीषा को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। सीबीआई ने विज्ञप्ति में यह जानकारी देते हुए कहा कि पूरी कड़ी और साज़िश का पता लगाने के लिए जांच जारी है। अब तक अलग-अलग जगहों पर 49 स्थानों पर तलाशी ली गई है। कई लैपटॉप और मोबाइल फोन जब्त किए हैं।

### श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर से हीरे के आभूषण और सोना गायब

**तिरुवनंतपुरम।** दुनिया के सबसे रहस्यमयी और अमीर मंदिरों में शुमार केरल के तिरुवनंतपुरम स्थित श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर से एक बेहद चौंकाने वाली खबर सामने आई है। सदियों पुराने खजाने और अपनी अभेद्य सुरक्षा व्यवस्था के लिए मशहूर इस ऐतिहासिक मंदिर से वैर नाम नामक एक अत्यंत कीमती व दुर्लभ हीरे का आभूषण पिछले छह महीनों से गायब है। इसके साथ ही, भक्तों द्वारा श्रद्धा से दान किए गए करीब 78 ग्राम सोने का भी कोई आधिकारिक हिसाब-किताब नहीं मिल रहा है। यह गंभीर मामला तब और ज्यादा गर्मा गया जब पुलिस महानिदेशक की हालिया रिपोर्ट में इन बड़ी प्रशासनिक गड़बड़ियों और सुरक्षा चूकों का स्पष्ट रूप से जिक्र किया गया। इस खुलासे के बाद अब मंदिर की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था, प्रशासनिक निगरानी और इसके अरबों के खजाने की देखरेख पर बेहद गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

*मुख्यमंत्री ने पंचायती राज विभाग और ग्रामीण कार्य विभाग के कार्य प्रगति की समीक्षा की*

# अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता : सीएम

प्रात: नागपुरी संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को पंचायती राज्य विभाग एवं ग्रामीण कार्य विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में पंचायती राज विभाग एवं ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा राज्य में संचालित विकास योजनाओं की अद्यतन कार्य प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ग्रामीण क्षेत्रों की आधारभूत संरचना, सड़क संपर्क, पंचायत स्तरीय सेवाओं एवं विकास योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास की बेहतर कार्य योजना बनाते हुए योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाए। बैठक में मंत्री, पंचायती राज एवं ग्रामीण कार्य विभाग दीपिका पांडेय सिंह भी उपस्थित रहीं।

पंचायती राज विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने पंचायत स्तर पर पारदर्शिता लाने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पंचायतों के माध्यम से बाल विवाह की रोकथाम, महिला हिंसा की रोकथाम, हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देने एवं इसे लेकर आमजनता को जागरूक करें। उन्होंने विशेषज्ञों की मदद से पंचायत भवनों में भी सॉलिड बेस्ड मैनेजमेंट के लिए कार्य योजना तैयार करने तथा सूखा एवं गीला कचरा को अलग-अलग रखने हेतु लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्लास्टिक को भी सेग्रीगेट (पृथक्करण) करने पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने पंचायत सचिवालय प्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराने तथा पंचायत भवनों में शुद्ध पेयजल, शौचालय, स्वच्छता एवं लाइट जैसी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

### ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क संपर्क से विकास को मिलेगी गति



**मुख्यमंत्री** हेमंत सोरेन ने ग्रामीण कार्य विभाग की समीक्षा के दौरान ग्रामीण सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिए। उन्होंने उन्होंने सड़क निर्माण कार्यों के गुणवत्ता पर भी विशेष बल दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क संपर्क से विकास को गति मिलेगी। इससे गांवों की आर्थिक गतिविधियां भी मजबूत होगी। मुख्यमंत्री ने झारखंड मंत्रालय से ऑनलाइन माध्यम से बरहेट के पंचायत सचिवालय में चल रहे कार्यों एवं सेवाओं की जानकारी ली। साथ ही पंचायत सचिवालय में उपस्थित महिला लाभुक से बातचीत कर उनका हौसला बढ़ाया। बैठक के प्रारंभ में विभागीय सचिव ने विभिन्न भवनों परिसंपत्तियों का निर्माण, मरम्मती एवं नवीनीकरण संबंधी जानकारी से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। इधर, ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा में विभागीय सचिव ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। बैठक में राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह, ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव मनोज कुमार, निदेशक पंचायती राज राजेश्वरी बी० सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### आमजनों को ससमय मिले सेवाओं का लाभ, अनावश्यक न हो परेशानी

**मुख्यमंत्री** हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आमजनों को पंचायत सचिवालय से मिलने वाली सभी सेवाओं का लाभ ससमय मिले। उन्हें अनावश्यक परेशानी नहीं उठाना पड़े। उन्होंने पंचायत में डिजिटल सेवाओं के विस्तार एवं योजनाओं में पारदर्शिता बढ़ाने पर बल दिया, ताकि ग्रामीण व्यक्तियों को लाभ मिले। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण युवाओं एवं महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने तथा विकास कार्यों में पंचायत स्तर पर जनभागीदारी बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिया।

*झारखंड कैबिनेट की बैठक में 39 प्रस्तावों पर लगी मुहर*

# राज्य के सभी 24 जिलों में खुलेगा अबुआ दवाखाना

**मंत्रिपरिषद की बैठक में स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार, उड़ान सेवा और कर्मचारियों से जुड़े कई अहम प्रस्तावों को मिली स्वीकृति**

प्रात: नागपुरी संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्यहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। बैठक में कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, न्यायिक व्यवस्था, ग्रामीण विकास, खनन और कर्मचारियों से जुड़े अहम निर्णय लिए गए। कैबिनेट ने राज्य में 1.05 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में जैविक खेती प्रमाणीकरण योजना को मंजूरी दी। इस योजना पर कुल 370 करोड़ 12 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। पहले चरण के लिए वर्ष 2026-27 में 42 करोड़ 87 लाख रुपये जारी करने की स्वीकृति दी गई।

राज्य में बहु-चिकित्सा प्रणाली आधारित अबुआ दवाखाना स्थापित करने का निर्णय भी लिया गया। इसके तहत एलोपैथी, आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी और सिद्धा चिकित्सा सेवाएं एक ही केंद्र पर उपलब्ध होंगी। वहीं प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन योजना की अवधि विस्तार और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यकाल विस्तार को भी मंजूरी दी गई। मंत्रिपरिषद ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत व्यवसायिक बकरा-बकरी पालन योजना के संचालन को स्वीकृति दी। इस योजना के लिए 30 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। साथ ही वृद्ध, गंभीर रूप से अस्वस्थ और स्थायी रूप से दिव्यांग कलाकारों के लिए मासिक निवृत्तिका योजना लागू करने का निर्णय लिया गया।



### दुमका एयरपोर्ट से उड़ान सेवा का रास्ता साफ

**बैठक** में दुमका हवाई अड्डे से क्षेत्रीय उड़ान सेवा शुरू करने के लिए भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के साथ समझौते को मंजूरी दी गई। इससे क्षेत्रीय संपर्क व्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है। राज्य सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत में वृद्धि को भी स्वीकृति दी गई। यह लाभ छठे और सातवें वेतनमान के तहत कार्यरत कर्मियों और पेंशनभोगियों को मिलेगा। इसके अलावा राज्य में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के उन्नयन, खनिज प्रबंधन प्रणाली के नए संस्करण, झारखंड बालू खनन संशोधन नियमावली, पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय सहायता तथा न्यायालयों में नए पद सृजन सहित कई प्रशासनिक प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई। मंत्रिपरिषद ने मादक पदार्थों की तस्करी की सूचना देने वालों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार नीति बनाने का भी फैसला लिया। वहीं विस्थापितों और सार्वजनिक उपयोग के लिए दान की गई जमीन के दस्तावेजों को मुद्रांक एवं निबंधन शुल्क से छूट देने का निर्णय लिया गया। बैठक में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के लिए विभिन्न वेब पोर्टल विकसित करने, लोक भवन एवं राज्यपाल सचिवालय के पुनर्गठन तथा कई न्यायालयीय आदेशों के अनुपालन से जुड़े प्रस्तावों को भी स्वीकृति दी गई।

## सेप्टिक टैंक की जहरीली गैस से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

प्रात: नागपुरी संवाददाता

**हजारीबाग ।** सदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कटकमदाग प्रखंड के ग्राम कूद में हुई हृदयविदारक घटना ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया। घर के सेप्टिक टैंक में बनी जहरीली गैस की चपेट में आने से एक ही परिवार के तीन सदस्यों – चमेली देवी, रवि साव एवं मदन साव – की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि परिवार के मुखिया आनंद साव गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद सदर अस्पताल पहुंचे और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान पोस्टमार्टम प्रक्रिया में विलंब की जानकारी मिलने पर विधायक ने तत्काल संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर आवश्यक पहल की, जिसके बाद प्रक्रिया शुरू कराई गई। विधायक प्रदीप प्रसाद ने घटना को अत्यंत दुखद, पीड़ादायक और समाज को झकझोर देने वाली बताया। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने घायल आनंद साव के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।



# एसआईआर प्रक्रिया को सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में मतदाता सूची के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर दायर याचिकाओं पर महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए चुनाव आयोग की प्रक्रिया को वैध और संवैधानिक करार दिया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि सिर्फ इस आधार पर एसआईआर प्रक्रिया को अवैध नहीं कहा जा सकता कि यह सामान्य मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया से अलग है।

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि संविधान और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत निर्वाचन आयोग को मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण करने का अधिकार प्राप्त है। अदालत ने कहा कि चुनाव आयोग का यह कदम कानूनी रूप से सही है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की शुचिता बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया गया है। पीठ ने अपने फैसले में कहा कि चुनाव आयोग को यह अधिकार है कि वह मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने संबंधी प्रक्रिया अपनाए, लेकिन इसका अर्थ किसी व्यक्ति की नागरिकता तय करना नहीं है। अदालत ने कहा कि मतदाता सूची से नाम हटने मात्र से किसी व्यक्ति की नागरिकता समाप्त नहीं होती। नागरिकता का निर्धारण केवल सक्षम प्राधिकारी ही कर सकता है।



### तीसरे चरण में झारखंड समेत 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में होगा एसआईआर

**विशेष** गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया का तीसरा चरण 30 जून से शुरू होगा। इस चरण में झारखंड समेत 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों को शामिल किया गया है। पूरी प्रक्रिया 30 मई से 23 दिसंबर तक संचालित होगी। एसआईआर के पहले चरण में बिहार को शामिल किया गया था। वहीं दूसरे चरण में मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, गुजरात, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल और गोवा सहित तीन केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी, लक्षद्वीप और अंडमान-निकोबार को शामिल किया गया था। अब तीसरे चरण में झारखंड समेत अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में यह प्रक्रिया लागू की जाएगी। निर्वाचन संबंधी अभिलेखों के अद्यतन और सत्यापन को लेकर यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

## तालाब में डूबने से दो बच्चियों की मौत

प्रात: नागपुरी प्रतिनिधि

**गढ़वा।** गढ़वा जिले के श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के कुंबा गांव स्थित अकेलवा तालाब में डूबने से दो बच्चियों की मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। बुधवार सुबह तालाब में दोनों बच्चियों का शव मिलने के बाद गांव में चीख-पुकार मच गई। जानकारी के अनुसार पतरिहा कलां गांव के हरिजन टोला निवासी राजू राम की 8 वर्षीय पुत्री प्रियांशु कुमारी एवं परमेश्वर राम की 10 वर्षीय पुत्री रेशमा कुमारी मंगलवार सुबह करीब 9 बजे घर से बहवा पहाड़ की ओर लकड़ी चुनने गई थीं। शाम तक जब दोनों बच्चियां घर नहीं लौटीं तो परिजनों की चिंता बढ़ गई।

रातभर ग्रामीणों और परिजनों ने आसपास के इलाकों में उनकी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बुधवार की सुबह करीब 6 बजे गांव के कुछ बच्चे शौच के लिये तालाब के किनारे पहुंचे। इसी दौरान लोगों ने शव देखा। यह दृश्य देखते ही बच्चों ने शोर मचाया, जिसके बाद ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। ग्रामीणों की मदद से दोनों बच्चियों के शव को तालाब से बाहर निकाला गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल के बाद दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिये गढ़वा भेज दिया।


## भारत ने लॉन्च किया पहला स्वदेशी सुपर प्रेशर बैलून

*अंतरिक्ष तकनीक में बड़ी उपलब्धि, सैटेलाइट से सस्ती तकनीक का कमाल*

**स्काईरूट के पूर्व अधिकारियों के स्टार्टअप ने रचा इतिहास**

एजेंसी

**हैदराबाद।** पूर्व स्काईरूट एयरोस्पेस अधिकारियों द्वारा स्थापित स्टार्टअप रेड बैलून एयरोस्पेस ने बुधवार को विजयवाड़ा से भारत का पहला स्वदेशी सुपर प्रेशर बैलून सफलतापूर्वक लॉन्च किया। यह उपलब्धि भारत को इस अत्याधुनिक तकनीक वाले चुनिंदा देशों की श्रेणी में शामिल कर सकती है। विजयवाड़ा स्थित इस स्टार्टअप ने हाल ही में सुपर प्रेशर बैलून के टेथर्ड ट्रायल किए थे। अब कंपनी का लक्ष्य अपने पहले मिशन के जरिए बैलून को 24 घंटे तक स्ट्रैटोस्फीयर में उड़ाकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाना है। यह बैलून धरती से 20 से 40 किलोमीटर की ऊंचाई पर उड़ान भर सकता है, जो सामान्य विमानों की पहुंच से ऊपर और उपग्रहों की कक्षा से नीचे का क्षेत्र माना जाता है।



यह सुपर प्रेशर बैलून पॉलिमर नैनोकॉम्पोजिट सामग्री से बनाया गया है और इसमें हल्की-से-हवा तकनीक के तहत हाइड्रोजन गैस भरी गई है। नेविगेशन के लिए इसमें अत्याधुनिक ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (जीएनएसएस) मॉड्यूल लगाया गया है। करीब 50 किलोग्राम तक का पेलोड ले जाने में सक्षम इस बैलून के पहले मिशन में छह पेलोड भेजे गए, जिनमें हाई-रिजॉल्यूशन इमेजिंग सिस्टम भी शामिल है। यह सिस्टम 25 से 75 सेंटीमीटर तक की स्पष्ट तस्वीरें लेने में सक्षम बताया गया है।

## केरल के पूर्व मुख्यमंत्री के आवास पर तलाशी के दौरान ईडी अधिकारियों के काफिले पर समर्थकों का हमला

एजेंसी

**तिरुवनंतपुरम।** कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड (सीएमआरएल)-एक्सालॉजिक वित्तीय लेनदेन और धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई के बाद बुधवार को केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में जबरदस्त राजनीतिक तनाव और हिंसक प्रदर्शन देखने को मिला।

पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान नेता प्रतिपक्ष पिनाराई विजयन के आवास पर कई घंटों तक चली तलाशी के बाद जब ईडी अधिकारियों की टीम परिसर से बाहर निकली, तब वहां मौजूद भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-मार्क्सवादी (सीपीआई-एम) कार्यकताओं की भीड़ उग्र हो गई और अधिकारियों के काफिले पर हमला कर दिया। केरल पुलिस ने लगभग 100 पार्टी कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



# मोदी कैबिनेट का बड़ा फैसला : देश में हाईटेक होगी राशन व्यवस्था


*सार्वजनिक वितरण प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए 25,530 करोड़ रुपये मंजूर*

**80 करोड़ लोगों को सीधा लाभ पहुंचाने की तैयारी, सार्थक-पीडीएस योजना को मंजूरी**

**डीलरों का बढ़ेगा कमीशन और राज्यों को मिलेगी आर्थिक सहायता**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट बैठक में सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) को लेकर बड़ा फैसला लिया है। केंद्र सरकार ने सार्थक-पीडीएस योजना को मंजूरी दी है, जिसके तहत देश के करीब 80 करोड़ राशन लाभार्थियों को सीधे तौर पर फायदा मिलेगा। इस महत्वाकांक्षी योजना पर लगभग 25,530 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट बैठक के बाद जानकारी देते हुए बताया कि सरकार राशन वितरण प्रणाली को अधिक मजबूत, पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत तीन बड़े बदलाव किए गए हैं, जिनसे राज्यों, राशन डीलरों और आम उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।



कैबिनेट का पहला बड़ा फैसला राज्यों को आर्थिक सहायता देने से जुड़ा है। मंत्री ने बताया कि भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के बड़े गोदामों से अनाज को जिलों, ब्लॉकों और अंततः राशन दुकानों तक पहुंचाने में राज्य सरकारों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब केंद्र सरकार इस परिवहन और वितरण व्यवस्था में राज्यों को वित्तीय मदद उपलब्ध कराएगी, जिससे राशन आपूर्ति व्यवस्था और अधिक सुचारु हो सकेगी। कैबिनेट का दूसरा महत्वपूर्ण निर्णय राशन डीलरों के कमीशन को बढ़ाने का है। लंबे समय से राशन दुकानदार अपने कमीशन में वृद्धि की मांग कर रहे थे। सरकार ने उनकी मांग को स्वीकार करते हुए कमीशन बढ़ाने का फैसला लिया है। इससे देशभर के लाखों राशन डीलरों को आर्थिक राहत मिलने की उम्मीद है।

# असम विधानसभा में पारित हुआ यूसीसी विधेयक

एजेंसी

**गुवाहाटी।** असम विधानसभा में बुधवार को लंबी और तीखी बहस के बाद समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पारित कर दिया गया। इसके साथ ही असम यूसीसी लागू करने वाला देश का तीसरा राज्य तथा पूर्वोत्तर का पहला राज्य बन गया। विधानसभा में विधेयक को सत्तारूढ़ गठबंधन का समर्थन मिला, जबकि विपक्षी दलों ने इसके कई प्रावधानों पर आपत्ति जताई। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि यह कानून सभी नागरिकों, विशेषकर महिलाओं को समान अधिकार और न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लाया गया है।



विधानसभा में बहस के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली। विपक्षी सदस्यों ने आरोप लगाया कि यह कानून व्यक्तिगत धार्मिक परंपराओं में हस्तक्षेप करेगा, लेकिन विरोध के बावजूद विधेयक ध्वनिमत से पारित हो गया। समान नागरिक संहिता (यूसीसी), असम, 2026 बिल पर पूरे दिन चली चर्चा के बाद, स्पीकर रंजीत कुमार दास ने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा से इसे पास कराने के लिए पेश करने को कहा। स्पीकर ने विपक्ष की उस मांग को खारिज कर दिया जिसमें बिल को और ज्यादा चर्चा के लिए एक सेलेक्ट कमेटी के पास भेजने की बात कही गई थी। इसके विरोध में विपक्षी सदस्य सदन के वेल (बीच के हिस्से) में आ गए और बिल पास होने तक लगातार नारेबाजी करते रहे। सत्ता पक्ष के सदस्यों द्वारा लगातार भारत माता की जय और जय श्री राम के नारे लगाए जाने के बीच, स्पीकर ने बिल को ध्वनि मत से पास करने के लिए पेश किया।

# बकरीद को लेकर चान्हो में पुलिस का फ्लैग मार्च, शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**चान्हो।** आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के माहौल में संपन्न कराने को लेकर बुधवार शाम करीब 5 बजे चान्हो थाना प्रभारी टिंकू रजक के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च चान्हो थाना परिसर से शुरू होकर मुख्य बाजार, विभिन्न चौक-चौराहों एवं संवेदनशील इलाकों से होकर गुजरा। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल के जवानों ने लोगों से आपसी प्रेम, भाईचारे और शांति के साथ पर्व मनाने की अपील की। थाना प्रभारी टिंकू रजक ने कहा कि बकरीद के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जा रही है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की।

मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं जवानों की मौजूदगी से आम लोगों में सुरक्षा का एहसास देखने को मिला। बाजार क्षेत्र में फ्लैग मार्च को देखने के लिए लोगों की भीड़ जुटी रही। स्थानीय नागरिकों एवं दुकानदारों ने प्रशासन के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के फ्लैग मार्च से लोगों में भरोसा बढ़ता है और त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने में मदद मिलती है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा लगातार गश्ती अभियान चलाया जाएगा ताकि बकरीद पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।



# सीसीएल मुख्यालय में कल उच्चस्तरीय बैठक, मजदूरों और विस्थापितों के मुद्दों पर होगा मंथन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खलारी।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन (जेसीएमयू) एवं सीसीएल प्रबंधन के बीच 29 मई 2026 को कंपनी स्तर की उच्च स्तरीय बैठक आयोजित होगी। यह बैठक सीसीएल मुख्यालय स्थित दरभंगा हाउस के गंगोत्री भवन के द्वितीय तल पर संपन्न होगी। बैठक में सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों के संगठित-असंगठित मजदूरों तथा रैयत विस्थापितों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। यूनियन के उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार बैठक में 9.4.0 के तहत नौकरी देने, एससी-एसटी एवं ओबीसी आरक्षण प्रमोशन रोस्टर लागू करने तथा चार श्रम संहिताओं पर रोक लगाने की मांग प्रमुखता से उठाई जाएगी।

साथ ही अशोक वेस्ट, कोतरे-बसंतपुर, केडी-आरएनआरडी एवं दामोदर नदी परियोजनाओं को शीघ्र चालू करने की मांग भी रखी जाएगी। बैठक में अस्पतालों में बेहतर चिकित्सा सुविधा, डॉक्टर एवं एंबुलेंस की उपलब्धता, रेफर प्रक्रिया को सरल बनाने, दुर्घटना मुआवजा, आवास आवंटन एवं मरम्मत जैसे मुद्दों पर भी चर्चा होगी। यूनियन को औद्योगिक संबंध प्रणाली में शामिल करने तथा विस्थापितों की लंबित नौकरी, मुआवजा, पुनर्वास एवं रोजगार से जुड़े मामलों को प्राथमिकता देने की मांग भी उठेगी। यूनियन ने गैर मजरुआ खास, सरकारी बंदोबस्ती एवं वन पट्टा भूमि के बदले रोजगार देने तथा भूमि सत्यापन के लिए परियोजना स्तर पर विशेष शिविर लगाने की मांग की है। इसके अलावा सीएसआर की 95 प्रतिशत राशि गांवों में खर्च करने, रोड सेल में 40 प्रतिशत कोयला आवंटन तथा ठेका प्रथा सहित अन्य कार्यों में स्थानीय विस्थापितों को प्राथमिकता देने की बात कही गई है।

## संक्षिप्त

### बकरीद को लेकर मुरी में फ्लैग मार्च



**सिल्ली।** बकरीद पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लेकर बुधवार को मुरी आसपास क्षेत्रों में मुरी ओपी पुलिस द्वारा फ्लेग मार्च किया गया। ओपी प्रभारी विकास कुमार पासवान के नेतृत्व में पुलिस जवानो ने आसपास क्षेत्रों के चौक चौराहों एवं मस्जिदों का भ्रमण किया। पुलिस पदाधिकारीयों ने ग्रामीणों से आपसी भाईचारा एवं शांति बनाए रखने की अपील की। अफवाहों पर ध्यान न देने एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने को कहा। वहीं प्रशासन ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्र में लगातार गस्ती एवं निगरानी की जाएगी। ग्रामीणों ने भी प्रशासन को सहयोग करने एवं शांतिपूर्ण तरीके से बकरीद मनाने का आश्वासन दिया। फ्लेग मार्च में एसआई आशीष रंजन, एएसआई मुन्ना सिंह समेत पुलिस पदाधिकारी एवं जवान शामिल थे।

### इटकी में पुलिस प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च



**इटकी।** इटकी में बकरीद त्योहार को लेकर पुलिस प्रशासन चौकस है ।बुधवार को पुलिस प्रशासन ने त्योहार के दौरान विधि व्यवस्था कायम रखने के लिए फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैंग मार्च इटकी सूर्य मंदिर स्थित से शुरू होकर देवीमंडप चौक, बाजार परिसर, गुलजार रोड, त्रिविधा चौंक, गुलाम टोली, बनिया टोली ,स्टेशन रोड होते थाना पहुंची। फ्लैग मार्च में थाना प्रभारी शिवनरायण तिवारी, एसएआई मनीभूषण सहित शास्त्र बल और अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे। इधर प्रखण्ड में ईद-उल-अजहा (बकरीद) की विशेष नमाज अदा के लिए सभी तैयारी पुरी कर ली गई है।

## बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी से मिला सिस्टा पिपरवार का प्रतिनिधिमंडल

# क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं से कराया अवगत, जल्द समाधान का मिला आश्वासन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खलारी।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी से कोल इंडिया एससी/एसटी इम्पलाईज एसोसिएशन (सिस्टा) पिपरवार क्षेत्रीय समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। बचरा स्थित दौरे के दौरान सिस्टा पिपरवार क्षेत्रीय सचिव कामेश्वर राम के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने विधायक का फूलों का गुलदस्ता भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र के कर्मचारियों एवं स्थानीय लोगों से जुड़ी कई ज्वलंत समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि पिपरवार क्षेत्र में कर्मचारियों एवं आम लोगों को कई बुनियादी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिनके समाधान की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है। इस पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों से बात कर जल्द समाधान कराने का भरोसा दिया। विधायक ने कहा कि क्षेत्र की जनता एवं कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है और जनहित से जुड़े मुद्दों पर हरसंभव पहल की जाएगी। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि समस्या के निराकरण के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित किया जाएगा। मौके पर सिस्टा पिपरवार क्षेत्रीय सचिव कामेश्वर राम, बाबूलाल राम, संतोष कुमार राम, ललिंदर कुमार, टिकेश्वर ठाकुर, मुंशी राम, उमेश मेहता, आईडी मेहता सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## इटकी पीएचसी को सीएचसी में तब्दील करने की मांग, स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**इटकी।** इटकी पीएचसी को सीएचसी में तब्दील करने की मांग को लेकर बुधवार को प्रदेश युवा कांग्रेस महासचिव आरिफ रजा ने स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान आरिफ रजा ने स्वास्थ मंत्री को इटकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की बदहाल स्थिती से अवगत कराते हुए कहा कि इटकी एक बड़ी आबादी के साथ आदिवासी बहुल प्रखंड क्षेत्र है। लोगों का सब्जी उत्पादन और व्यापार का मुख्य आर्थिक स्रोत है` सरकार द्वारा ग्रामीणों को समुचित स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य को लेकर वर्ष 1995 में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की गई थी इसके बाद इटकी प्रखंड स्थापना के बाद वर्ष 2011 - 12 में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया गया। उन्होंने इटकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को यथाशीघ्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उत्क्रमित कर यहां ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने का आग्रह किया। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने आश्वस्त किया है कि मामले का जांच कर इटकी पीएचसी को सीएचसी में तब्दील करने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी।

## पिठोरिया बकरीद की त्योहार को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन तैयार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पिठोरिया।** गुरुवार को मनाए जाने वाले बकरीद के त्योहार को लेकर रांची जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क और सजग नजर आ रहा है। क्षेत्र में आपसी सौहार्द और शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील के साथ जिला प्रशासन के निर्देश पर पिठोरिया पुलिस ने मुस्तैदी दिखाई है। इसी कड़ी में पुलिस बल द्वारा पिठोरिया चौक से लेकर कोनकी चौक, चंदवे चौक और थाना क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील इलाकों में भव्य फ्लैग मार्च निकाला गया। इस फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य आम जनता के बीच सुरक्षा का भरोसा जगाना और शांति व्यवस्था को बिगाड़ने वाले तत्वों को कड़ा संदेश देना है।

इस महत्वपूर्ण फ्लैग मार्च के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्र के आला अधिकारी खुद सड़कों पर उतरे। मौके पर सहायक पुलिस अधीक्षक साक्षी जमुआर, डीएसपी अमर कुमार पांडे और थाना प्रभारी सतीश पांडे के नेतृत्व में पुलिस बल ने मार्च किया। इसके साथ ही एसआई सत्यदेव कुमार, सुनील दास, रमेश कुमार, एएसआई डी बी दुबे सहित भारी संख्या में पुलिस के जवान शामिल रहे। प्रशासन ने स्थानीय लोगों से किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न देने और त्योहार को मिलजुलकर व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की है।

## 15 दिनों से बंद सोनाहातू पूर्वी जलापूर्ति केंद्र, पेयजल संकट से जूझ रहे हजारों परिवार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**सोनाहातू।** सोनाहातू पूर्वी का जलापूर्ति केंद्र पिछले 15 दिनों से बंद पड़ा है, जिससे क्षेत्र के हजारों परिवारों के सामने पेयजल का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। कई लोग दूर-दराज के चापाकलों और कुओं से पानी लाने को मजबूर हैं। जल जीवन मिशन अंतर्गत दुलमी ग्रामीण जलापूर्ति योजना से रोजाना साढ़े 47 लाख लीटर पेयजल की सप्लाई होती रही है। मारांगकिरी के स्वर्ण रेखा नदी पर बना कुआं से पानी को उठाकर फिल्टर प्लांट में लाया जाता है जहां पानी को फिल्टर कर मांगकीरी,बारेंदा ओर बांकू में बना जल मीनार तक पहुंचाया जाता है।फिर जल मीनार से बारेंदा,दुलमी,पंडाडीह, लान्दुपडीह,बाकू पंचायत के 25 गांव के हजारों घरों तक पीने का पानी पहुंचाया जाता रहा है,लेकिन 15 दिन पानी सप्लाई बंद है। जलापूर्ति केंद्र में कार्यरत ऑपरेटर सहदर महतो, संजय महतो ने बताया कि बिजली आपूर्ति बाधित रहने के कारण मशीन चालू नहीं हो पा रही है। बिजली नहीं रहने से पानी टंकी तक नहीं पहुंच पा रहा, जिसके कारण पूरे क्षेत्र में जलापूर्ति ठप हो गई है। ग्रामीणों ने कहा कि भीषण गर्मी के बीच पानी की समस्या ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने प्रशासन से जल्द बिजली व्यवस्था बहाल कर जलापूर्ति शुरू कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस संबंध में विभाग के अभियंता अनिल लिंडा ने बताया कि पानी सप्लाई के लिए पर्याप्त बिजली उपलब्ध नहीं होता है। हमेशा लो वोल्टेज की शिकायत है।500 केवी का ट्रांसफार्मर लगा है लेकिन वोल्टेज दे नहीं पा रहा हैं। समस्या की जानकारी वरीय अधिकारी को दिया गया है,जल्द ही समाधान किया जायेगा।

### रामगढ़ महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 29 मई से



**रामगढ़।** रामगढ़ महाविद्यालय में दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 29, 30 को प्रस्तावित है। ये राष्ट्रीय संगोष्ठी झारखंड उच्चतर शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ द्वारा आयोजित है। संगोष्ठी का विषय है रोल ऑफ सोशल मीडिया एंड ड्रग एब्यूज अवेयरनेस फोर अ सफर जेनरेशन। इस संगोष्ठी में देश भर से सौ से अधिक प्राध्यापक, रिसर्च स्कॉलर और विद्यार्थी अपना लेख ऑनलाइन और ऑफलाइन प्रस्तुत करेंगे।उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के कुलपति प्रो चंद्रभूषण शर्मा एवं उपायुक्त रामगढ़ ऋतुराज होंगे। इनके अतिरिक्त झारखंड देश के के जाने माने शिक्षाविद अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। उपरोक्त जानकारी संगोष्ठी के समन्वयक सह प्राचार्या डॉ रत्ना पाण्डेय ने दी।

### ठनका गिरने से एक बैल का मौत



**राहे।** थाना क्षेत्र के दोकाद पंचायत अंतर्गत दारहा गांव में ठनका गिरने एक बैल का मौत हो गया है। बैल किसान पुरंदर महतो का था। घटना बुधवार दिन के 4 बजे के आसपास की हैं। आंधी तूफान के बीच तेज आवाज के साथ ठनका गिरा और खेत में चर रहा बैल का मौत हो गया। किसान को 50 हजार से अधिक का नुकसान हुआ है।इधर घटना की जानकारी मिलने पर आजसू प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो,पंचायत समिति प्रतिनिधि सुभाष महतो, प्रमेश्वर महतो ,दिगम्बर महतो, बिरबल महतो, कमलू महतो, विशेश्वर महतो,आदि गांव पहुंच कर घटना की जानकारी लिए। प्रशासन से बात कर मुआवजा देने की मांग किया गया।

### सोनाहातू में प्याऊ का उद्घाटन



**सोनाहातू।** प्रखंड के मुख्यमंत्री दाल भात योजना केंद्र के समीप बुधवार को पलाश झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएल) जिला कार्यक्रम प्रबंधक के द्वारा भीषण गर्मी से राहत के लिए प्याऊ (शीतल पेयजल व्यवस्था) की शुरूआत की गई डीपीएम के द्वारा बताया गया कि किसी भी गांव, टोला या मोहल्ले में पेयजल की कमी के कारण लोगों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। यह प्रशासन और संबंधित विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है। सरकार ने भीषण गर्मी के इस दौर में प्रशासन को पूरी संवेदनशीलता, तत्परता और मानवीय दृष्टिकोण के साथ काम करने का निर्देश दिया है। इस मौके पर डीपीएम देवाशीष चाक्की,प्रोमोद कुमार बीपीएम सुनील राणा,ललित कुमार,हीरालाल महतो,लखींचरण महली,लखिन्द्र मुंडा,धनंजय यादव,लतिका देवी , संकुल के पदाधिकारी दीदी मौजूद थे।

### डीजे लदा पिकअप वैन में करंट आने से एक युवक की मौत, तीन घायल

**लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के बड़की चांपी गांव में बुधवार को बारात से लौट रहा डीजे लदा पिकअप वाहन 11 हजार वोल्ट का करंट प्रवाहित बिजली तार के सम्पर्क में आने से तीन युवक झुलस गए। इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो युवक घायल हैं। दोनों का इलाज लोहरदगा सदर अस्पताल में चल रहा है। बताया जाता है कि मंगलवार शाम को कुडू थाना क्षेत्र के बड़की चांपी बड़का टोली से लातेहार बारात गई थी। बुधवार को बारातियों के काफिले मे शामिल डीजे लदा पिकअप वैन वापस बड़का टोली लौट रहा था। बड़की चांपी पुलिस पिकेट के बगल होते हुए डीजे लदा वाहन बड़का टोली जा रहा था वाहन जैसे ही बड़का टोली जाने के रास्ते में घुमावदार मोड़ के समीप पहुंचा सड़क किनारे झुल रहे 11 हजार वोल्ट के बिजली तार के सम्पर्क में आ गया।

# लचर विद्युत व्यवस्था को लेकर लोगों का फुटा गुस्सा, आजसू के नेतृत्व में विद्युत उपकेंद्र के समीप धरना

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**सिल्ली।** प्रखंड में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। लगातार हो रही बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से परेशान ग्रामीणों का गुस्सा सोमवार को फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने आजसू पार्टी के नेतृत्व में सिल्ली विद्युत उपकेंद्र पर धरना प्रदर्शन किया और सरकार एवं बिजली विभाग, के खिलाफ नारेबाजी की। धरना स्थल पर जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, गौतम कृष्ण साहु, प्रमुख जितेन्द्र नाथ बड़ाइक, सबिता रानी, पुर्व मुखिया डबलु महली, मुखिया लाल सिंह मुंडा, पंसस ज्योति कुमारी एवं चिन्हित झारखंड आंदोलनकारी त्रिलोचन महतो ने सामुहिक रूप से प्रभारी सहायक विद्युत अभियंता मुकेश साहू को विभाग के मुख्य प्रबंधक के नाम एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें विद्युत उपकेंद्र के समीप एक वर्ष पुर्व निर्मित पावर ग्रीड स्टेशन को अविलंब चालु करने, पुराने एवं जर्जर तारों को दुरुस्त करने, खराब ट्रांसफार्मरों को बदलने, आगामी 30 मई को प्रखंड कार्यालय में विभाग द्वारा घोषित शिविर में उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटर में अप्रत्याशित बिलिंग को दुरुस्त करने की मांग शामिल है।धरना प्रदर्शन की नेतृत्व कर रही जिप उपाध्यक्ष ने विभाग को आरोप लगाते हुए कहा कि क्षेत्र में 24 घंटे में महज तीन से चार घंटे ही बिजली आपूर्ति हो रही है। उसमें भी लो वोल्टेज के कारण लोग परेशान हैं। क्षेत्र में तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। भीषण गर्मी और गर्म हवाओं के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। ऐसे में लगातार बिजली कटौती ने लोगों की परेशानियां और बढ़ा दी हैं। दिन के साथ-साथ रात में भी लंबे समय तक बिजली गुल रहती है। पंखे बंद रहने से छोटे बच्चे, बुजुर्ग और बीमार लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। अत्यधिक गर्मी और बिजली संकट के कारण कई लोग बीमार पड़ रहे हैं। पर्याप्त नींद नहीं मिलने से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है ।आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह पुर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहु, प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक, आजसू नेत्री सबिता रानी,शैलेश चंद्र महतो आदि ने अपनी बातों को रखते हुए कहा कि बिजली की लचर व्यवस्था के कारण खेती-किसानी और व्यवसाय से जुड़े लोगों को भी काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। कई उपभोक्ता स्मार्ट मीटर में अधिक बिलिंग से परेशान हैं। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का सबब बनते जा रहा है। मीटर में कई गुना बिल आ रहा है।

## बकरीद को लेकर रामगढ़ पुलिस अलर्ट, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर क्यूआरटी टीम को किया गया ब्रीफ

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर रामगढ़ पुलिस पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय नजर आ रही है। इसी क्रम में बुधवार को पुलिस केंद्र रामगढ़ में विशेष सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए किसी भी आपातकालीन परिस्थिति एवं संभावित उपद्रवियों से प्रभावी ढंग से निपटने के उद्देश्य से गठित क्विक रिस्पांस टीम (दफ्ळ) को विशेष ब्रीफिंग दी गई। यह ब्रीफिंग पुलिस उपाधीक्षक (मु०) रामगढ़ द्वारा की गई, जिसमें सुरक्षा व्यवस्था, विधि-व्यवस्था बनाए रखने, संवेदनशील क्षेत्रों में त्वरित कार्रवाई, भीड़ नियंत्रण, अफवाहों पर निगरानी और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने जवानों को पर्व के दौरान पूरी सतर्कता एवं अनुशासन के साथ ड्यूटी निभाने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि, अफवाह या उपद्रव की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ब्रीफिंग के दौरान पुलिस बल को आपदा एवं आपातकालीन स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देने, आम नागरिकों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक खबरों एवं अफवाहों पर नजर बनाए रखने तथा शांति व्यवस्था बिगाड़ने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की बात कही गई।

# रांची में ऑपरेशन प्रहार के तहत 30 से अधिक अपराधी गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची में अपराध नियंत्रण और फरार अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी अभियान चलाकर 30 से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही 135 से अधिक लंबित वारंटों का भी निष्पादन किया गया है। रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व नगर पुलिस अधीक्षक पारस राणा और ग्रामीण पुलिस अधीक्षक गौरव गोस्वामी ने किया। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में देर रात तक सघन छापेमारी कर फरार अपराधियों, वारंटियों और संदिग्धों को गिरफ्तार किया। एसएसपी राकेश रंजन ने बुधवार को बताया कि ऑपरेशन प्रहार अपराध नियंत्रण, संगठित अपराध पर शिकंजा कसने और लंबित वारंटों के निष्पादन के उद्देश्य से चलाया जा रहा विशेष अभियान है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ एक सुनियोजित रणनीति तैयार की है, जिसके तहत समय-समय पर अभियान को दोबारा सक्रिय कर लगातार कार्रवाई की जा रही है। एसएसपी ने बताया कि ऑपरेशन प्रहार के दूसरे चरण में पुलिस की विभिन्न टीमों ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दबिश देकर कई ऐसे अपराधियों को पकड़ा, जो लंबे समय से फरार चल रहे थे और पुलिस को लगातार चकमा दे रहे थे। गिरफ्तार किए गए आरोपितों में कई वारंटी और गंभीर आपराधिक मामलों में वांछित अपराधी भी शामिल हैं। अभियान में जिले के सभी पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक, थाना प्रभारी और बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं जवान शामिल रहे। पुलिस टीमों ने संवेदनशील इलाकों, अपराध प्रभावित क्षेत्रों और संदिग्ध ठिकानों पर विशेष निगरानी रखते हुए कार्रवाई की। एसएसपी ने स्पष्ट किया कि रांची पुलिस अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है और भविष्य में भी इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा कायम करने के लिए पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 17 मई को भी रांची पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत कार्रवाई करते हुए 100 से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार किया था।

# मुख्यमंत्री से उत्तरी छोटानागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त ने की मुलाकात

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को रांची स्थित कांके रोड के मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त विजय कुमार गुप्ता ने मुलाकात की। यह मुलाकात शिष्टाचार भेंट के रूप में हुई, जिसमें राज्य के विभिन्न प्रशासनिक और विकासात्मक विषयों पर संक्षिप्त चर्चा भी की गई। मुलाकात के दौरान प्रमंडल क्षेत्र में चल रही विकास योजनाओं, प्रशासनिक कार्यों की प्रगति तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर मुख्यमंत्री को जानकारी दी गई। इसके साथ ही क्षेत्र में आधारभूत संरचना, पेयजल, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित योजनाओं की स्थिति पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य में विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और आम जनता तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और गति बनाए रखते हुए लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। वहीं, प्रमंडलीय आयुक्त ने मुख्यमंत्री को उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के विभिन्न जिलों में संचालित योजनाओं और प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा।

## संक्षिप्त

### बकरीद से पहले पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, शांतिपूर्ण त्यौहार मनाने की अपील



**रांची।** राजधानी रांची में बकरीद को लेकर पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। रांची के अल्बर्ट एक्का चौक से महात्मा गांधी मार्ग पर प्रशासन ने फ्लैग मार्च करते हुए लोगों को शांतिपूर्वक बकरीद बनाने का संदेश दिया। फ्लैग मार्च में लगभग 100 से ज्यादा जवान शामिल हुए। फ्लैग मार्च में रांची के एसडीएम कुमार रजत, सिटी एसपी पारस राणा, ग्रामीण एसपी गौरव गोस्वामी भी फ्लैग मार्च में शामिल हुए। मीडिया से बात करते हुए कुमार रजत ने लोगों को संदेश दिया कि शांतिपूर्वक बकरीद त्यौहार को मनाए और जनता से यह भी अपील की की अगर किसी भी असामाजिक तत्व पर अगर कोई संदेह हो तो इसकी सूचना पुलिस को दें। किसी भी त्यौहार को सफल बनाने में सबसे बड़ा योगदान आम जनता का होता है। पुलिस ने बकरीद से पहले धार्मिक संगठनों के साथ बैठकर आपसी भाई चारा और सौहार्दपूर्ण बकरीद मनाने को लेकर बैठक की थी। राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस को मुस्तैद रहने के लिए बोला गया है।

### आईपीएस सुरेंद्र झा झारखंड से विरमित, जल्द बीएसएफ में संभालेंगे नई जिम्मेदारी

**रांची।** झारखंड कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सुरेंद्र झा को राज्य सरकार ने विरमित कर दिया है। केंद्र सरकार में प्रतिनियुक्ति की स्वीकृति मिलने के बाद वह जल्द ही नई जिम्मेदारी संभालने के लिए योगदान देंगे। जानकारी के अनुसार आईपीएस सुरेंद्र झा की प्रतिनियुक्ति सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में की गई है। इस संबंध में केंद्र सरकार की मंजूरी मिलने के बाद झारखंड सरकार की ओर से भी उन्हें औपचारिक रूप से विरमित कर दिया गया है। अब वह जल्द ही केंद्र में अपना प्रभार ग्रहण करेंगे। सुरेंद्र झा झारखंड पुलिस में लंबे समय तक विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवा दे चुके हैं।

# कमेटी ने 30 नई फसल किस्मों को जारी करने की दी मंजूरी, इनमें बीएयू की विकसित 10 प्रभेद भी शामिल

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार ने राज्य में स्थित विभिन्न कृषि शोध संस्थानों द्वारा लगभग एक दशक तक लगातार किए गए अनुसंधान एवं परीक्षणों के बाद विकसित 30 उच्च उत्पादक, शीघ्र पकने वाली, रोग-कीट प्रतिरोधी, तनाव सहनशील एवं जलवायु अनुकूल फसल किस्मों को जारी करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। इनमें बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित 10 किस्में भी शामिल हैं। इनमें सोयाबीन और गेहूं की दो-दो, मक्का, फलारू (एरियल याम), अरहर, चारा जई, चारा घास और सरसों की एक-एक किस्म हैं। बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे ने बताया कि इन प्रस्तावों को राज्य वेरायटी रिलीज कमेटी (एसवीआरसी) ने स्वीकृति प्रदान की। समिति की बैठक गत सप्ताह झारखंड सरकार के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबूबकर सिद्दीख पी. की अध्यक्षता में राज्य सचिवालय में आयोजित हुई।



बीएयू द्वारा विकसित जिन किस्मों को जारी करने की स्वीकृति मिली, उनमें बिरसा मक्का हाइब्रिड-1, बिरसा कोंकण फलारू-1 (एरियल याम किस्म), बिरसा सोयाबीन-5, बिरसा सोयाबीन-6, बिरसा अरहर-3, बिरसा ओट-1 (चारा किस्म), बिरसा दीनानाथ-1 (घास), गेहूं की किस्में बिरसा गेहूं-5, बिरसा गेहूं-6 और बिरसा भारत सरसों-1 शामिल हैं।

बैठक में केंद्रीय वर्षा आधारित ऊपराऊं धान अनुसंधान केंद्र, हजारीबाग द्वारा विकसित दो धान किस्मों-सीआर धान-110 और सीआर धान-215 को भी जारी करने की मंजूरी दी गई। इसके अतिरिक्त, आईसीएआरझपूर्वी क्षेत्र अनुसंधान केंद्र, फार्मिंग सिस्टम रिसर्च सेंटर फॉर हिल एंड प्लेटो रीजन, पलांडू, रांची द्वारा विकसित आठ किस्मों-स्वर्ण मोहन धान (चावल), स्वर्ण रत्न (टमाटर), स्वर्ण प्रफुल्य (मिर्च), स्वर्ण अतुल्य (शिमला मिर्च), स्वर्ण यामिनी (करेला), स्वर्ण सुगंधा (सब्जी सोयाबीन), स्वर्ण सुपर्णा (चौलाई साग) और स्वर्ण निधि (सेम) को भी स्वीकृति प्रदान की गई। भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईएबी), रांची की चार धान किस्मों-आईआईएबी धान-1, आईआईएबी धान-2, आईआईएबी धान-3 और आईआईएबी धान-4 को भी एसवीआरसी द्वारा जारी करने की मंजूरी दी गई।

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई), हजारीबाग ने भी एक अरहर (वंशिका) एवं तीन मक्का किस्मों (भद्रिका मेज हाइब्रिड-1, भद्रिका मेज हाइब्रिड-2 और भद्रिका क्वालिटी मेज हाइब्रिड-1) के विमोचन प्रस्ताव प्रस्तुत किए थे, जिन्हें स्वीकृति मिल गई। इसके अतिरिक्त, आईएआरआई हजारीबाग द्वारा झारखंड में क्षेत्र विस्तार के लिए अनुशंसित दो फसल किस्मों शालिमार मेज हाइब्रिड-5 (मक्का) एवं पूसा अवंतिका (मसूर) को भी एसवीआरसी ने मंजूरी प्रदान की। बैठक में विभाग के विशेष सचिव गोपालजी तिवारी, बीएयू के अनुसंधान निदेशक डॉ पीके सिंह, आनुवंशिकी एवं पौधा प्रजनन विभाग की अध्यक्ष डॉ मनिगोपा चक्रबर्ती, भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईएबी) के निदेशक डॉ सुजय रक्षित, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई), हजारीबाग के प्रमुख डॉ विशाल नाथ, समेति झारखंड के निदेशक विकास कुमार, विशेष आमंत्रित सदस्य डॉ ए वदूद, प्रगतिशील किसान नकुल महतो (पिठोरिया) एवं मीनू महतो (केरेडारी, हजारीबाग) एवं सम्बंधित वैज्ञानिक उपस्थित थे।

## प्रेरणादायी एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन



**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा एवं हरि ओम स्माइल के संयुक्त तत्वावधान में रूबरू नामक प्रेरणादायी एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन 27 मई, 2026 को स्वर्णभूमि बैंक्वेट हॉल में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता प्रसिद्ध लाइफ कोच डॉ. मोनिका सिंघल थीं। डॉ. मोनिका सिंघल ने सहज, सरल और अत्यंत हृदयस्पर्शी शैली में यह संदेश दिया कि जीवन की वास्तविक शांति किसी बाहरी उपलब्धि, भूमिका या पहचान में नहीं, बल्कि भीतर की सजगता, स्वीकार और मौन में निहित है। तीन घंटे से अधिक चले इस आत्मिक संवाद में 'रूबरू' केवल एक कार्यक्रम नहीं रहा, बल्कि एक ऐसा स्थान बन गया जहां लोग अपने भीतर उतरते चले गए। भय धीरे धीरे समझ में बदला, तनाव हल्केपन में बदला और अकेलापन अपनी ही उपस्थिति में विलीन होने लगा। इस संवाद में जीवन की मानसिक उलझनों को विज्ञान और आध्यात्मिकता के संतुलित दृष्टिकोण से समझने का प्रयास किया गया, जिससे उपस्थित जनमानस को एक नया आंतरिक दृष्टिकोण प्राप्त हुआ।

## भोजपुरी, अंगिका और मगही को लेकर आदिवासी छात्र संघ ने जताया विरोध, बंद की चेतावनी

**रांची।** आदिवासी छात्र संघ की बैठक मंगलवार को लोयोला पी.जी. छात्रावास में अतुल मिंज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में झारखंड में भोजपुरी, अंगिका और मगही भाषाओं को लागू किए जाने के प्रस्ताव का विरोध किया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि यदि इस मामले पर गठित समन्वय समिति इन भाषाओं को क्षेत्रीय भाषा के रूप में शामिल करने के पक्ष में रिपोर्ट देती है, तो संगठन झारखंड बंद का आह्वान करेगा। इसके लिए राज्यभर में जनसंपर्क अभियान भी चलाया जा रहा है। संघ के नेताओं ने आरोप लगाया कि समन्वय समिति में शामिल कांग्रेस कोटे के कुछ मंत्री दबाव बनाकर झारखंड हितों के विरुद्ध कार्य कराना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाएं बिहार में लागू नहीं हैं, जबकि बिहार के कुछ क्षेत्रों में जनजातीय भाषाओं का प्रयोग भी होता है। वक्ताओं ने तर्क दिया कि यदि पलामू, गढ़वा और साहिबगंज जैसे क्षेत्रों में भोजपुरी, अंगिका और मगही बोली जाती हैं, तो बिहार के रोहतास, पूर्णिया, कटिहार और मुंगेर सहित अन्य क्षेत्रों में भी उरांव और संथाली भाषाओं का प्रयोग होता है। ऐसे में केवल एक पक्ष के आधार पर निर्णय लेना उचित नहीं होगा। बैठक में डॉ. सुशील कुमार मिंज, जतरू उरांव, सुरेश टोप्पो, सतीश भगत, प्रेम लकड़ा, दीपक केरकेट्टा, रोशन खलखो, सुनील सोरेंग, आशीष कुजूर, पुनीत मिंज, अनमोल टोप्पो, आनंद एक्का, संजय एक्का, सुरेश कुजूर, संदीप बाड़ा, अनुप केरकेट्टा, रोहित टोप्पो, अमर मिंज, विंगल कुजूर, प्यारू उरांव समेत सैकड़ों छात्र उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन सुमन टोप्पो ने किया।

## वार्ड 49 में मणिटोला पुल के पास नया ट्रांसफार्मर लगने से मिली राहत

**रांची।** राजधानी के वार्ड 49 में लंबे समय से ट्रांसफार्मर की कमी और लगातार हो रही बिजली कटौती से परेशान लोगों को बुधवार को बड़ी राहत मिली है। बिजली विभाग से समन्वय कर मणिटोला पुल के पास नया 200 केवी का ट्रांसफार्मर लगवाया। इसके साथ ही सरदार बाड़ी में जले हुए ट्रांसफार्मर को भी बदलवाया गया, जिससे आसपास के कई मुहल्लों में बिजली व्यवस्था में सुधार हुआ है। बढ़ती गर्मी के बीच क्षेत्र में लो-वोल्टेज और बिजली आपूर्ति बाधित रहने की शिकायतें लगातार सामने आ रही थीं। स्थानीय लोगों ने समस्या की जानकारी वार्ड पार्षद जमीला खातून को दिए जाने के बाद यह साकारात्मनक पहल किया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि नए ट्रांसफार्मर लगने से अब बिजली आपूर्ति पहले की तुलना में बेहतर हुई है और लो-वोल्टेज की समस्या से काफी राहत मिली है। मौके पर पार्षद जमीला खातून ने कहा कि वार्ड 49 की जनता उनके परिवार की तरह है और क्षेत्र की हर समस्या का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बरसात से पहले पूरे वार्ड में नालियों की युद्ध स्तर पर सफाई कराई जाएगी ताकि जलजमाव की समस्या न हो। साथ ही गली-मुहल्लों का सर्वे कर जर्जर सड़कों और नालियों के निर्माण की प्रक्रिया भी जल्द शुरू की जाएगी। मौके पर समाजसेवी रिजवान हुसैन, नईम आलम, इरफान कुरैशी, हाजी वली उल्लाह, मुन्ना भाई सहित कई स्थानीय लोग मौजूद थे।

## राज्यपाल से मिले मुख्य डाक महाध्यक्ष योजना एवं पहलों से कराया अवगत

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** झारखंड परिमंडल के मुख्य डाक महाध्यक्ष संजीव रंजन ने 27 मई, 2026 को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से लोकभवन में शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान मुख्य डाक महाध्यक्ष ने राज्यपाल को विगत वर्ष के दौरान झारखंड डाक परिमंडल की सेवाओं एवं व्यवसाय विकास के विभिन्न क्षेत्रों में हुई वृद्धि से अवगत कराया। इस वर्ष शुरू की गई नई योजना एवं पहलों से भी अवगत कराया।

उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान झारखंड डाक परिमंडल ने ग्रामीण डाक जीवन बीमा के व्यवसाय में पूरे भारतवर्ष में एक दिन में सर्वाधिक प्रीमियम कलेक्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। डाक जीवन बीमा/ग्रामीण डाक जीवन बीमा में 29.35 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त किया। झारखंड डाक परिमंडल द्वारा दी जानेवाली सभी प्रकार की सेवाओं में 229.50 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया गया। इस शिष्टाचार भेंट के दौरान मुख्य डाक महाध्यक्ष के साथ उप मंडलीय प्रबंधक (डाक जीवन बीमा), झारखंड परिमंडल अमित कुमार भी उपस्थित थे।

## निखिल बारला का भारतीय सीनियर फुटबॉल टीम में चयन

प्रातः नागपुरी संवाददाता



रांची। निखिल बारला का चयन भारतीय सीनियर फुटबॉल टीम में हुआ है। वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। निखिल जवाहर विद्या मंदिर के पूर्व छात्र रहे हैं। निखिल बारला ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा के दौरान जेवीएम श्यामली में अध्ययन करते हुए खेल एवं अनुशासन दोनों क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। समर्पण, निरंतर अभ्यास एवं दृढ़ संकल्प के बल पर उन्होंने फुटबॉल जगत में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की है। उनकी यह सफलता विद्यालय के वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बी.एन. झा ने कहा कि निखिल बारला की यह उपलब्धि हम सभी के लिए अत्यंत गौरव एवं प्रसन्नता का विषय है। जेवीएम श्यामली सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में विश्वास करता है। निखिल ने यह सिद्ध किया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति, अनुशासन एवं निरंतर प्रयास से वैश्विक मंच तक पहुंचा जा सकता है।

विद्यालय प्रबंधन समिति की उपाध्यक्ष श्रीमती एम. एम. दासगुप्ता ने कहा कि निखिल बारला की उपलब्धि जेवीएम श्यामली के लिए अत्यंत प्रेरणादायक क्षण है। यह सफलता बताती है कि विद्यालय में प्राप्त मूल्य, अनुशासन एवं अवसर विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में सहायक होते हैं।

# भाई-बहन लापता, तलाश में जुटी पुलिस, परिजनों ने लोगों से मांगी मदद

प्रातः नागपुरी संवाददाता




**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में बच्चों के लापता होने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामला जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के पटेल नगर का है, जहां बीते 25 मई की दोपहर से एक भाई और बहन रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हैं। पुलिस बच्चों की तलाश में लगातार छापेमारी और जांच अभियान चला रही है। लापता बच्चों की पहचान युवांश उर्फ तूफान (6 वर्ष) और उसकी बहन रोशनी कुमारी (10 वर्ष) के रूप में हुई है। बच्चों के पिता चिरंजीव महतो ने जगन्नाथपुर थाना में दोनों की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। परिजनों के अनुसार, 25 मई की दोपहर दोनों बच्चे घर के आसपास खेल रहे थे, लेकिन कुछ देर बाद अचानक उनका कोई पता नहीं चला। परिवार वालों ने पहले अपने स्तर पर आसपास के इलाकों, रिश्तेदारों और परिचितों के यहां खोजबीन की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। जगन्नाथपुर थाना प्रभारी ने बुधवार को बताया कि पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए लगातार जांच कर रही है। आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। शुरूआती जांच में एक फुटेज में दोनों बच्चे घर से कुछ दूरी पर जाते हुए दिखाई दिए हैं। इसके बाद पुलिस उनकी गतिविधियों का पता लगाने के लिए इलाके के अन्य कैमरों की भी बारीकी से जांच कर रही है। पुलिस टीम रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और अन्य सार्वजनिक स्थलों के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि बच्चों के संभावित मूवमेंट का सुराग मिल सके। इसके अलावा आसपास के थानों और संबंधित एजेंसियों को भी अलर्ट कर दिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले के हर पहलू की जांच की जा रही है और बच्चों को जल्द सुरक्षित बरामद करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। इधर, बच्चों के लापता होने से परिवार गहरे सदमे में है।

## कृषि योजनाओं की समीक्षा बैठक में उपायुक्त सख्त

# किसानों को समय पर बीज-उर्वरक उपलब्ध कराने का निर्देश

**बीज-उर्वरक की उपलब्धता और कालाबाजारी रोकने के निर्देश**

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त रांची श्री मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में मंगलवार को कृषि, पशुपालन, सहकारिता, मत्स्य एवं गव्य विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में खरीफ फसल की तैयारी, बीज एवं उर्वरक की उपलब्धता, सिंचाई, मृदा संरक्षण, पशुपालन तथा मत्स्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने खरीफ मौसम की तैयारियों का जायजा लेते हुए वर्ष 2026-27 के लिए निर्धारित धान, तेलहन एवं मोटे अनाज फसलों के आच्छादन लक्ष्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज समय पर उपलब्ध कराने और वितरण प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने पर जोर दिया।

उर्वरक उपलब्धता की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने अधिकारियों को किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कालाबाजारी और कृत्रिम संकट की आशंका को देखते हुए सतत निगरानी रखने तथा उर्वरक स्टॉक की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा। इसके लिए आवश्यकतानुसार मजिस्ट्रेट की तैनाती करने का भी निर्देश दिया गया। मृदा संरक्षण एवं मृदा परीक्षण की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने अधिक से अधिक किसानों का सॉइल टेस्ट कराने और सॉइल हेल्थ कार्ड वितरण सुनिश्चित करने को कहा, ताकि वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा मिल सके। किसान कॉल सेंटर में प्राप्त शिकायतों के त्वरित निष्पादन पर भी विशेष जोर दिया गया।

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत ड्रिप इरिगेशन योजनाओं की समीक्षा करते हुए आधुनिक सिंचाई प्रणाली और जल संरक्षण को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए। वहीं मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के प्रभावी क्रियान्वयन तथा लाभुक चयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। मत्स्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान तालाब निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरा करने तथा मत्स्य उत्पादन बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया गया।

# तेल कंपनियों की नीतियों से पेट्रोलियम डीलरों में असंतोष

**एक जून को बुलाई गई एजीएम**

प्रातः नागपुरी संवाददाता




**रांची।** पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन, दक्षिण छोटानागपुर की कार्यकारी समिति की बैठक एसोसिएशन के अध्यक्ष राजहंस मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। इसमें रांची, सिमडेगा, गुमला, खूंटी, लोहरदगा के 25 कार्यकारी सदस्योंभ ने भाग लिया। बैठक में तेल विपणन कंपनियों की मौजूदा नीतियों को लेकर डीलरों में व्याप्त असंतोष पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकारी समिति ने एकतरफा नीतियां, अव्यवहारिक बिक्री लक्ष्य, डीलर कमीशन, मांग के अनुरूप स्टॉक व सप्लाई का ना मिलना एवं व्यापार की स्वतंत्रता पर अंकुश, अत्यधिक ल्यूब्रिकेंट उठाव का दबाव, बोतल और गैलेनो में पेट्रोल डीजल नहीं देने पर आये दिन पेट्रोल पंपों झगड़े और मारपीट की घटना पर चर्चा हुई।

अध्यक्ष राजहंस मिश्रा ने कहा कि डीलरों के अधिकार, हक और मान-सम्मान की रक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। कंपनियों के दबाव में डीलर लगातार आर्थिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहे हैं। कार्यकारी समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि इन मुद्दों पर अंतिम निर्णय लेने और आंदोलन की रूपरेखा तय करने के लिए 1 जून, 2026 को दक्षिण छोटानागपुर क्षेत्र की सभी तेल कंपनियों के डीलरों की एक आम सभा रांची में होगी। इस आम सभा में सभी डीलर अपने विचार रखेंगे। उसके बाद ही आंदोलन की अगली रणनीति तय की जाएगी। एसोसिएशन ने सभी डीलरों से एजीएम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। एसोसिएशन ने दोहराया कि डीलर राष्ट्र की ऊर्जा सेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं। अपने वाजिब हक के लिए एकजुट होकर संघर्ष करेंगे।

# पीसीसी सड़क निर्माण से पहले ही 10 ट्रिप बालू चोरी, थाने में शिकायत

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**गढ़वा।** पीसीसी सड़क निर्माण कार्य शुरू होने से पहले ही बालू चोरी का मामला सामने आया है। मामले में 15वें योजना अध्यक्ष रामअवध राम उर्फ छोटु ने बिशुनपुरा थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रखंड क्षेत्र की बिशुनपुरा पंचायत में 15वें वित्त योजना से सड़क बन रही है। जानकारी के अनुसार, विनोद रजवार के घर से अरविंद मेहता के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कराया जाना है। सड़क ढलाई कार्य के लिए निर्माण स्थल पर बालू गिराया गया था, ताकि समय पर कार्य शुरू हो सके।



बुधवार सुबह जब मजदूर एवं पंचायत प्रतिनिधि कार्यस्थल पहुंचे, तब वहां रखे बालू में से करीब 10 ट्रिप बालू गायब मिला। आशंका जताई जा रही है कि अज्ञात चोरों ने रातों-रात बालू की चोरी कर ली। घटना के बाद ग्रामीणों में नाराजगी है। योजना अध्यक्ष रामअवध राम उर्फ छोटु ने कहा कि सरकारी विकास योजनाओं में उपयोग होने वाली सामग्री की चोरी बेहद गंभीर मामला है। इससे सरकारी राशि का नुकसान होने के साथ-साथ गांव के विकास कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले की जांच कर दोषियों की पहचान करते हुए कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

पंचायत मुखिया प्रतिनिधि प्रवीण यादव ने कहा कि सरकार गांवों के विकास के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है। हालांकि, कुछ असामाजिक तत्व विकास कार्यों में बाधा पहुंचाने का काम कर रहे हैं। बालू चोरी की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रशासन को जल्द कार्रवाई कर दोषियों को गिरफ्तार करना चाहिए, ताकि विकास कार्य समय पर पूरा हो सके। इधर, स्थानीय ग्रामीणों ने भी पंचायत क्षेत्र में रात्रि गश्ती बढ़ाने एवं सरकारी योजनाओं में उपयोग होने वाली सामग्री की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग प्रशासन से की है।

# बकरीद को लेकर बिशुनपुरा में फ्लैग मार्च, प्रशासन अलर्ट

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**बिशुनपुरा (गढ़वा)।** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को बिशुनपुरा थाना क्षेत्र में पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में निकाले गए फ्लैग मार्च में विभिन्न थानों के पुलिस पदाधिकारी, जवान एवं चौकीदार शामिल रहे। फ्लैग मार्च बिशुनपुरा थाना परिसर से निकलकर अहमर, महुली, गांधी चौक, नई बाजार, ब्लॉक मोड़ होते हुए पुनः थाना परिसर पहुंचा। इसके बाद मार्च कामता, पिपरीकला एवं पतिहारी क्षेत्रों में जाकर संपन्न हुआ। इस दौरान सशस्त्र जवानों ने



क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा लोगों से शांति और भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की। फ्लैग मार्च में बिशुनपुरा थाना प्रभारी राहुल सिंह, श्री बंशीधर नगर थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, रमना थाना प्रभारी आकाश कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी, पुलिस जवान एवं चौकीदार मौजूद थे।

## संक्षिप्त

### मिलेट और दलहन प्रसंस्करण ईकाई का किया औचक निरीक्षण



**लोहरदगा।** उपायुक्त संदीप कुमार मीना ने सेन्हा प्रखंड स्थित मिलेट एवं दलहन प्रसंस्करण ईकाई का औचक निरीक्षण बुधवार को किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने ईकाई में रागी के उत्पाद के लिए अधिष्ठापित मशीनों का अवलोकन किया। अन्य आवश्यक मानकों को पूर्ण करते हुए ईकाई को क्रियाशील करने, उत्पादन बढ़ाने व उत्पादों की मार्केटिंग का आदेश दिया। साथ ही, ईकाई को संचालित करने के लिए गठित किये गये एफपीओ को भी क्रियाशील करने का निर्देश दिया। औचक निरीक्षण में परियोजना निदेशक आइटीडीए सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू, अंचल अधिकारी पंकज भगत, कृषि विज्ञान केंद्र की वरीय वैज्ञानिक, पीपीआइए फेलो, डीपीएम जेएसएलपीएस संजय गुप्ता व संबंधित एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### नावाडीह में अवैध आरा मशीन संचालन का आरोप



**गढ़वा।** बरडीहा प्रखंड के नावाडीह गांव में कथित रूप से अवैध आरा मशीन का संचालन किए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पिछले कई महीनों से यहां अवैध तरीके से इमारती लकड़ियों की चिराई की जा रही है! इससे वन विभाग की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों के अनुसार विशुनपुरा निवासी एक व्यक्ति द्वारा दिन के समय विभिन्न क्षेत्रों से लकड़ियां एकत्रित की जाती हैं और रात के अंधेरे में अवैध आरा मशीन पर दर्जनों बोटा लकड़ियों की चिराई की जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कार्य लंबे समय से लगातार जारी है, लेकिन अब तक प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विभागीय मिलीभगत के कारण अवैध कारोबार पर रोक नहीं लग पा रही है। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्र में वन संपदा का तेजी से दोहन होता रहेगा। लोगों ने वन विभाग से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इधर, मामले को लेकर संबंधित वन क्षेत्र पदाधिकारी (रेंजर) से फोन पर संपर्क किए जाने पर उन्होंने कहा कि अवैध आरा मशीन संचालन की जानकारी मीडिया के माध्यम से मिली है। जांच के दौरान यदि अवैध संचालन की पुष्टि होती है तो वन अधिनियम के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मुखिया पति की गिरफ्तारी पर बवाल, संघ का फूटा गुस्सा

**थाना प्रभारी पर दुर्व्यवहार का आरोप, निष्पक्ष जांच की मांग**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पलामू।** हुसैनाबाद प्रखंड में कुमीर्पुर पंचायत की मुखिया रीना कुमारी के पति अजय राजवंशी की गिरफ्तारी को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। अब इस मामले ने प्रशासनिक कार्रवाई से आगे बढ़कर राजनीतिक और सामाजिक रूप ले लिया है। बुधवार को हुसैनाबाद प्रखंड मुखिया संघ की बैठक में मुखिया पति की गिरफ्तारी और मुखिया के साथ कथित दुर्व्यवहार को लेकर तीखी नाराजगी सामने आई। संघ ने पूरे घटनाक्रम को गंभीर बताते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। बैठक में मुखिया संघ ने आरोप लगाया कि कुमीर्पुर पंचायत में कथित अवैध खनन के खिलाफ ग्रामीणों द्वारा आवाज उठाई जा रही थी। पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि



प्रशासन को पहले भी कई बार लिखित शिकायत दी गई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं होने के कारण ग्रामीणों को शांतिपूर्ण धरना का रास्ता अपनाना पड़ा।

संघ के अध्यक्ष श्रवण राम एवं सचिव अमरेंद्र कुमार ठाकुर ने कहा कि अगर पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच कर माइंस संचालक और थाना प्रभारी के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई तो संघ व्यापक आंदोलन चलायेगा। इसमें मुख्यमंत्री का घेराव भी होगा।

कुमीर्पुर पंचायत की मुखिया रीना कुमारी ने अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि 26 मई को धरना स्थल पर थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ पहुंचे। वहां मौजूद लोगों के साथ कथित रूप से अभद्र व्यवहार किया। आरोप है कि धरना स्थल पर लगी कुर्सियां और साउंड सिस्टम हटाए गए। विरोध करने पर उनके पति अजय राजवंशी समेत अन्य ग्रामीणों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया। मुखिया ने यह भी आरोप लगाया कि थाना पहुंचने पर उन्हें अपने पति से मिलने तक नहीं दिया गया। उनके साथ अपमानजनक व्यवहार किया गया। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। मुखिया संघ ने अनुमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर माइंस संचालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। इस मामले ने अब क्षेत्र में राजनीतिक और सामाजिक हलचल तेज कर दी है।

## रात में हो रहे अवैध बालू खनन ने ग्रामीणों का जीना मुहाल



**गढ़वा।** जिले के हरिहरपुर ओपी क्षेत्र में सोन नदी तट से रात में हो रहे अवैध बालू खनन ने ग्रामीणों का जीना मुहाल कर दिया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि रोज शाम ढलते ही दर्जनों ट्रैक्टर अवैध बालू लेकर गांव की सड़कों पर दौड़ने लगते हैं। यह सिलसिला सुबह तक चलता रहता है। ग्रामीणों के अनुसार बालू लदे ट्रैक्टर घनी आबादी से होकर गुजरते हैं। रातभर तेज आवाज और लगातार आवाजाही से ध्वनि प्रदूषण बढ़ गया है। छोटे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है। लोगों का कहना है कि रात में चैन की नींद लेना भी मुश्किल हो गया है। भारी वाहनों के लगातार चलने से गांव की सड़कें जगह-जगह टूट चुकी हैं। उड़ती धूल से राहगीरों और दुकानदारों को परेशानी हो रही है। तेज रफ्तार ट्रैक्टरों की वजह से हादसे का खतरा भी बना रहता है। स्थानीय लोगों ने कहा कि बिना अनुमति और नियमों को ताक पर रखकर बालू की निकासी हो रही है, जिससे सरकार को करोड़ों के राजस्व का नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा, ₹अगर बालू ढुलाई वैध है तो रात के अंधेरे में क्यों होती है, दिन में क्यों नहीं? लोगों का आरोप है कि रात में कई बार नाबालिग भी ओवरस्पीड ट्रैक्टर चलाते देखे गए हैं। पूर्व में बालू लदे वाहनों से कई हादसे हो चुके हैं, फिर भी प्रशासनिक कार्रवाई न के बराबर है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से अवैध खनन और ढुलाई पर तुरंत रोक लगाने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## स्वेटर उत्पादन केंद्र का औचक निरीक्षण, उत्पादन बढ़ाने का निर्देश

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**लोहरदगा।** उपायुक्त संदीप कुमार मीना ने सेन्हा प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित स्वेटर उत्पादन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में उपायुक्त ने स्वेटर बुनाई की पूरी प्रक्रिया को देखा। उत्पादन केंद्र प्रबंधक से स्वेटर उत्पादन से उत्पादक समूह को होने वाली आय, प्रतिदिन स्वेटर उत्पादन की क्षमता की जानकारी ली। साथ ही उत्पादन बढ़ाने और इसकी मार्केटिंग निजी क्षेत्र में भी किये जाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय परिसर में संचालित दो सीएलएफ; ज्ञान ज्योति संकुल



स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड और संकेत क्लस्टर स्वावलंबी सहकारी समिति द्वारा किये गए कार्यों की जानकारी ली। बैंक बुक, कैश बुक का अवलोकन किया। आईएफसी फंड से लेयर बर्ड यूनिट पपीता व केला की खेती और लेयर बर्ड यूनिट खोले जाने की योजना को जल्द प्रारंभ किये जाने का आदेश दिया गया। उपायुक्त ने पीएमएफएमई अंतर्गत प्रदत्त ऋण, मुख्यमंत्री फुलो झानो अभियान दिए गए लाभ की भी जानकारी ली। अवसर पर परियोजना निदेशक आइटीडीए सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू, अंचल अधिकारी पंकज भगत, जेएसएलपीएस डीपीएम संजय गुप्ता, सेंटर के प्रबंधक आदि उपस्थित थे।

## वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति ने राहगीरों के लिए शुरू की पानशाला

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**गढ़वा।** भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति सह पासवान परिवार की ओर से बुधवार को चिनिया मोड़ स्थित वीर बाबा चौहरमल की प्रतिमा के समीप पानशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी ने फीता काटकर किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के जिला अध्यक्ष चंदन पासवान ने की। इस दौरान राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गयी। उद्घाटन के मौके पर मुख्य अतिथि शांति देवी ने कहा कि भीषण गर्मी में लोगों को ठंडा पानी उपलब्ध कराना पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि समाज सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं होता।




## होल्डिंग टैक्स तय तिथि तक जमा नहीं करने पर खाता होगा फ्रिज



**पलामू।** हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के होल्डिंग धारियों को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 30 जून, 2026 तक टैक्स जमा करने की अपील की गई है। निर्धारित तिथि तक आवासीय परिसर का होल्डिंग टैक्स जमा करने पर विभिन्न श्रेणियों में 15 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी शशि शेखर सुमन ने बताया कि होल्डिंग टैक्स जमा करने के लिए संबंधित टैक्स कलेक्टर से संपर्क स्थापित किया जा सकता है। इसके लिए राहुल चंदेल, टीम लीडर जन सुविधा केंद्र (मो.- 8789973439) एवं टैक्स कलेक्टर रवि गुप्ता (मो.-7050165741) या रंजन कुमार (8651157123) से संपर्क कर टैक्स जमा किया जा सकता है। नगर पंचायत द्वारा 1 जुलाई, 2026 से होल्डिंग टैक्स जमा करने पर संबंधित होल्डिंग धारियों से ब्याज भी लिया जाएगा। टैक्स जमा नहीं करने की स्थिति में संबंधित होल्डिंग धारियों का बैंक खाता फ्रीज करने की कार्रवाई भी की जा सकती है। श्री सुमन ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र के वैसे व्यावसायिक प्रतिष्ठान जिन्होंने अब तक ट्रेड लाइसेंस नहीं लिया है अथवा उसका नवीकरण नहीं कराया है, उन्हें अविलंब ट्रेड लाइसेंस बनवाने या रिन्यूअल कराने का निर्देश दिया गया है। जांच के दौरान ट्रेड लाइसेंस नहीं पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठान को सील किया जाएगा।

# आयुष्मान भारत में गड़बड़ी मिलने पर निजी अस्पतालों को जुर्माना जमा करने के निर्देश

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**धनबाद।** उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के लिए गठित जिला शिकायत निवारण समिति (डीजीआरसी) की बैठक 27 मई को हुई। बैठक में निजी अस्पतालों द्वारा आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रस्तुत दावों में से कुछ दावों को नेशनल एंटी फ्रॉड यूनिट ने जांच के बाद खारिज कर दिया था। उपायुक्त ने वैसे खारिज दावों की विस्तृत समीक्षा की।

इस क्रम में उपायुक्त ने नेशनल एंटी फ्रॉड यूनिट द्वारा जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के 28, सर्वमंगला नर्सिंग होम के 18, एशियन द्वारकादास जालान अस्पताल के 4,



आरोग्य नर्सिंग होम के 4, राज क्लिनिक एंड रिसर्च सेंटर के 3 और लाइफ लाइन अस्पताल के 2 खारिज दावों की समीक्षा की। उपायुक्त ने कहा कि आयुष्मान भारत-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि स्वास्थ्य सेवा प्रदाता और लाभार्थी इसके दुरुपयोग से मुक्त रहे। उन्होंने कहा कि नेशनल एंटी फ्रॉड यूनिट ने जांच के बाद जिन मामलों को फ्लैग किया है, उनमें संबंधित निजी अस्पतालों से आयुष्मान भारत योजना के नियमानुसार जुमार्ना जमा कराएं। बैठक में उप विकास आयुक्त सन्नी राज, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ संजीव कुमार प्रसाद, डॉ विकास कुमार राणा, आयुष्मान योजना के जिला समन्वयक निशांत राज, क्लस्टर हेड रुपेश सिंह, डीपीसी निवास कुमार और निजी अस्पतालों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# आदित्यपुरः खेल मैदान का भवन रेड क्रॉस को देने पर मचा बवाल

**भविष्य पर संकट का आरोप, प्रशासन से आवंटन रद्द कर वैकल्पिक जगह देने की मांग**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**आदित्यपुर।** शहर के इकलौते फुटबॉल ग्राउंड का भवन रेड क्रॉस सोसाइटी को आवंटित करने का फैसला खिलाड़ियों के गले की फांस बन गया है। बुधवार को नाराज स्थानीय लोगों और युवा खिलाड़ियों ने मैदान में जुटकर जिला प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि प्रशासन का यह कदम सीधे-सीधे सैकड़ों बच्चों के खेल और उनके भविष्य पर ताला लगाने जैसा है। खेल का आखिरी ठिकाना भी छिनने का डर आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में खेल के लिए



बचे-खुचे मैदानों में यह फुटबॉल ग्राउंड सबसे अहम है। रोजाना यहां सैकड़ों बच्चे क्रिकेट, फुटबॉल और एथलेटिक्स की प्रैक्टिस करते हैं। स्थानीय युवाओं का कहना है कि मैदान में बना यह इकलौता भवन उनकी जरूरत है, विकल्प नहीं। अगर इसे रेड क्रॉस को सौंप दिया गया तो बच्चों के पास न ड्रेस बदलने की जगह बचेगी, न किट रखने की।

**समाजसेवी बोलेः बच्चों की पीड़ा समझे प्रशासन** – समाजसेवी रवींद्र बास्के ने कहा, यह भवन किसी आलीशान ऑफिस के लिए नहीं है। यहां बच्चे धूप-बारिश से बचते हैं, अपना सामान रखते हैं और ड्रेस बदलते हैं। इसे छीन लेना उनके सपनों को छीनने जैसा होगा।₹ उन्होंने सवाल उठाया कि क्या खेल से बड़ी कोई समाज सेवा हो सकती है?

**प्रशासन को सुझाया रास्ताः खेल भी बचे, सेवा भी हो** – स्थानीय लोगों ने प्रशासन के सामने संतुलित मांग रखी है। उनका कहना है कि रेड क्रॉस के काम का वे सम्मान करते हैं, लेकिन खिलाड़ियों की कीमत पर नहीं। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि फुटबॉल ग्राउंड के भवन का आवंटन तुरंत रद्द किया जाए। साथ ही जिला प्रशासन और नगर निगम रेड क्रॉस सोसाइटी के लिए शहर में किसी अन्य उपयुक्त जगह पर जमीन उपलब्ध कराए, ताकि सेवा का काम भी चलता रहे और बच्चों का मैदान भी सुरक्षित रहे। फिलहाल, खिलाड़ियों ने दो टूक कहा है कि जब तक फैसला वापस नहीं होगा, उनका विरोध जारी रहेगा।

# नियमित रूप से विद्यालयों व आंगनवाड़ी केंद्रों में जांच शिविर

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**लोहरदगा।** सेन्हा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण उपायुक्त संदीप कुमार मीना ने बुधवार को किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में रजिस्ट्रेशन काउंटर, इमरजेंसी वार्ड, महिला व पुरूष वार्ड, प्रसूति गृह, ड्रेसिंग रूम, जन्म व मृत्यु निबंधन काउंटर, 108 के एंबुलेस, अन्य एंबुलेंस, जिला में ममता वाहन की संख्या, डेंटल रूम, आयुष्मान मित्र काउंडर, लैब में जांच की उपलब्धता, दवाखाना में दवाईयों की स्थिति, कंगारू मदर केयर यूनिट, टीकाकरण की स्थिति आदि बिंदुओं की गहनता से जांच की। आवश्यक आदेश



प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को दिये। अस्पताल परिसर में नियमित साफ-सफाई, चिकित्सकों की रोस्टर के अनुसार ड्यूटी, सभी वार्डों में साइनेज लगाये जाने, अस्पताल परिसर में जर्जर होर्डिंग को हटवाने और एंबुलेंस के बेहतर तरीके से रख-रखाव के आदेश दिये।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत उपलब्ध चिकित्सकों को नियमित रूप से विद्यालयों व आंगनवाड़ी केंद्रों में जांच शिविर आयोजित करते हुए उपलब्धि बढ़ाने के निर्देश दिये। साथ ही, विद्यालयों में शिविर की योजना को जिला शिक्षा अधीक्षक/जिला शिक्षा पदाधिकारी को भी उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया। औचक निरीक्षण में परियोजना निदेशक आइटीडीए सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू, अंचल अधिकारी पंकज भगत, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजीत आंनद, मेडिकल अफसर डॉ श्रेया, आरबीएसके के चिकित्सक समेत अन्य उपस्थित थे।

# भाजपा प्रशिक्षण महाअभियान का समापन, अर्जुन मुंडा ने कार्यकर्ताओं में भरा संगठनात्मक उत्साह

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का दूसरा दिन बुधवार को वैचारिक चर्चा, संगठनात्मक रणनीति और कार्यकताओं के उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश एवं जिला स्तर के वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता, राष्ट्रवाद, जनसंपर्क अभियान और भाजपा की विचारधारा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया। नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कार्य करने वाला दल है, जिसकी सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कार्यकताओं से समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच बनाकर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासरत को भाजपा की मूल कार्यशैली और विचारधारा का आधार बताया। प्रशिक्षण वर्ग के विभिन्न सत्रों में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, डिजिटल युग में कार्यकताओं की भूमिका, जनसंपर्क की नई रणनीतियों और सामाजिक सहभागिता को बढ़ाने जैसे विषयों पर भी विशेष चर्चा हुई। वक्ताओं ने कार्यकताओं से जनता के बीच सक्रिय रहकर उनकी समस्याओं को समझने और समाधान के लिए आगे आने का आह्वान किया। इस दौरान डॉ. यदुनाथ पांडेय, दिलीप कुमार वर्मा, महादेव दुबे, प्रेम मित्तल, रजनीश पांडेय एवं कुणाल दास ने बतौर वक्ता अपने विचार रखे। कार्यक्रम के समापन सत्र का मुख्य आकर्षण झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा की उपस्थिति रही। उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता केवल चुनावी राजनीति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का भी पूरी निष्ठा से निर्वहन करता है। उन्होंने कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति उसकी विचारधारा, अनुशासन और कार्यकताओं की प्रतिबद्धता में निहित है। श्री मुंडा ने कार्यकताओं से संगठन की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने एवं सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए समाज के बीच सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय एवं राष्ट्रगान जन गण मन के सामूहिक गान के साथ हुआ। इस अवसर पर जिला एवं प्रदेश स्तर के कई पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बकरीद पर्व पर शांति और सौहार्द बनाए रखने को लेकर रामगढ़ पुलिस की विशेष अपील

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** ईद-उल-जुहा (बकरीद) पर्व को लेकर रामगढ़ पुलिस प्रशासन ने जिलेवासियों से शांति, भाईचारा और सामाजिक सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की है। पुलिस अधीक्षक रामगढ़ मुकेश कुमार लुणायत की ओर से जारी अपील में कहा गया है कि सभी लोग विधि-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी प्रकार की अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं से दूर रहें। रामगढ़ पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, ट्विटर (एक्स), व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर किसी भी तरह की तथ्यहीन, भ्रामक या धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली पोस्ट, फोटो एवं वीडियो साझा नहीं करने की चेतावनी दी है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और गलत सूचना फैलाने अथवा आपत्तिजनक टिप्पणी करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा है कि किसी भी अप्रिय घटना, संदिग्ध गतिविधि या असामाजिक तत्वों की सूचना तुरंत कंट्रोल रूम मोबाइल नंबर 9262998529, मीडिया सेल नंबर 9162388444 अथवा आपातकालीन सेवा 112 पर दें। पुलिस ने यह भी भरोसा दिलाया कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। रामगढ़ पुलिस ने जिलेवासियों से शांति बनाए रखने, सतर्क रहने और अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन हर परिस्थिति में जनता की सेवा और सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है।

## संक्षिप्त

### मारवाड़ी प्रतिभा सम्मान मंच की बैठक संपन्न

**रामगढ़।** मारवाड़ी प्रतिभा सम्मान मंच की बैठक मारवाड़ी धर्मशाला प्रांगण में मंच के उपाध्यक्ष गोविंद लाल अग्रवाल की अध्यक्षता में दिनांक 25 मई को संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मंच द्वारा सम्मानित किया जाएगा।मंच की ओर से बताया गया कि सीबीएसई एवं आईसीएसई में 90 प्रतिशत **(Best Five)** या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले तथा झारखंड बोर्ड में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अपनी जानकारी मंच को उपलब्ध कराएं। इसके अतिरिक्त **UG/PG** परीक्षाओं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले अथवा किसी अन्य क्षेत्र या प्रतियोगी परीक्षा में विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले युवाओं को भी आगामी सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा। मंच द्वारा संबंधित सूचनाएं बृहस्पतिवार, 4 जून 2026 तक भिजवाने के लिए अनुरोध किया गया है।।मंच द्वारा जून माह के द्वितीय सप्ताह में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस सम्मान समारोह में मारवाड़ी, जैन, ब्राह्मण, माहेश्वरी, खंडेलवाल समाज से जुड़े परिवारों के बच्चों का ही चयन किया जाएगा। बैठक में संस्थापक अध्यक्ष सुरेश पी अग्रवाल, उपाध्यक्ष गोविंद लाल अग्रवाल, श्याम सुन्दर परशुरामपुरिया, मानद सचिव प्रभात अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुरेश बौदिया, माणिक चंद जैन तथा संयुक्त सचिव उमेश राजगढ़िया उपस्थित थे।

### तालाब से लौट रही नाबालिग से छेड़खानी आरोपित फरार

**रामगढ़।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के चेटर गांव में एक नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी का मामला सामने आया है। घटना उस समय हुई जब पीड़िता तालाब से नहा कर अपने घर लौट रही थी। मामले को लेकर पीड़िता की मां के बयान पर रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे ने बताया कि पीड़िता ने अपने बयान में कहा है कि वह नहाने के लिए बूढ़ा खुखरा तालाब गई थी। नहाकर वापस लौटने के दौरान रास्ते में गांव के ही युवक धोनी कुमार महतो ने उसे रोक लिया। आरोप है कि युवक ने उसका मुंह दबाकर उसे झाड़ियों की ओर खींच लिया।

# 132 केवी कोलेबिरा-कामडारा संचरण लाइन परियोजना को मिली वनाधिकार समिति की सहमति

**क्षेत्र की बिजली व्यवस्था होगी मजबूत**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित 132 केवी द्विपथ कोलेबिरा-कामडारा संचरण लाइन निर्माण परियोजना से संबंधित वन भूमि उपयोग एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने के प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में परियोजना से जुड़े विभिन्न पहलुओं, ग्राम सभाओं की सहमति, वनाधिकार अधिनियम के प्रावधानों तथा संबंधित दस्तावेजों की गहन समीक्षा की गई।

अधिकारियों ने बताया कि कोलेबिरा अंचल अंतर्गत भंवरपहाड़, जामटोली, लरबा, करमटोली एवं अघरमा ग्राम सभाओं द्वारा ग्राम सभा की कार्यवाही, ट्रेस नक्शा तथा सामुदायिक अधिकार दावा प्रारूप ह्यखह्ल समिति को उपलब्ध कराया गया है। परियोजना के लिए कुल 19 भूखंडों की लगभग 3.3587 हेक्टेयर संरक्षित वन भूमि चिन्हित की गई है। अनुमंडल स्तरीय समिति द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों एवं प्रस्तावों का जिला स्तरीय वनाधिकार समिति के सदस्यों ने विस्तारपूर्वक अवलोकन किया। समीक्षा के दौरान ग्राम सभाओं द्वारा पारित कुछ अनापत्ति प्रस्तावों में त्रुटियां पाई गईं, जिन्हें आवश्यक सुधार कर पुनः समर्पित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने परियोजना की आवश्यकता और क्षेत्रीय विकास में इसकी उपयोगिता पर भी चर्चा की। समिति ने सर्वसम्मति से आवश्यक निर्णय लेते हुए झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड को संबंधित वन भूमि पर एफआरए **(Forest Rights Act)** प्रमाण पत्र एवं अनापत्ति पत्र निर्गत करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि 132 केवी द्विपथ संचरण लाइन परियोजना पूर्ण होने के बाद क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ एवं विश्वसनीय होगी। इससे ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति में सुधार होगा तथा भविष्य में औद्योगिक, कृषि एवं घरेलू जरूरतों को बेहतर ढंग से पूरा किया जा सकेगा। उपायुक्त श्रीमती कंचन सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि परियोजना से जुड़े सभी कार्य वनाधिकार अधिनियम एवं निर्धारित नियमों के अनुरूप पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित किए जाएं, ताकि विकास कार्यों के साथ-साथ स्थानीय ग्रामीणों एवं वनाधिकार से जुड़े प्रावधानों का भी समुचित संरक्षण हो सके। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री शशांक शेखर सिंह, परियोजना निदेशक आईटीडीए सरोज तिर्की, जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग, जिला परिषद सदस्य पूर्वी ठेठईटांगर अजय एक्का सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अवैध खनन को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी, जांच की मांग तेज




हजारीबागः जिले के चरही, चुरचू और आसपास के क्षेत्रों में कथित अवैध खनन और खनिज परिवहन को लेकर एक बार फिर चचाओं का बाजार गर्म है। स्थानीय ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकताओं का आरोप है कि रात के समय कोयला और बालू का अवैध परिवहन लगातार जारी है, जिससे न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें और पर्यावरण भी प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि देर रात भारी वाहनों और ट्रैक्टरों की आवाजाही से क्षेत्र की सड़कों की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। कई गांवों में धूल, शोर और दुर्घटनाओं की आशंका के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, जिन रास्तों का उपयोग ग्रामीण आवागमन के लिए करते थे, वे अब जगह-जगह टूट चुके हैं। सूत्रों के हवाले से यह भी चर्चा है कि कुछ क्षेत्रों में अवैध खनन और परिवहन को लेकर संगठित तरीके से काम किया जा रहा है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। प्रशासनिक स्तर पर समय-समय पर कार्रवाई की बात कही जाती रही है, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि छोटे स्तर पर कार्रवाई होने के बावजूद बड़े नेटवर्क तक पहुंच नहीं बन पा रही है। इधर, पर्यावरण को लेकर भी चिंता जताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और अवैध खनन में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले दिनों में आंदोलन तेज किया जा सकता है। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि अवैध खनन और परिवहन पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा शिकायत मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### रणवागडा गांव में चला 90 दिवसीय कानूनी जागरूकता अभियान, ग्रामीणों को बताए गए अधिकार और कानून



हजारीबाग (कटकमसांडी) : झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए) हजारीबाग द्वारा 90 दिवसीय कानूनी जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को कटकमसांडी प्रखंड की लुपुंग पंचायत स्थित रणवागडा गांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डीएलएसए हजारीबाग ध्रुव चंद्र मिश्रा के निर्देश पर आयोजित किया गया। वहीं कार्यक्रम की मॉनिटरिंग डीएलएसए सचिव रवि प्रकाश तिवारी द्वारा की जा रही है। कार्यक्रम में पीएलवी अनिल पासवान एवं गीता कुमारी ने ग्रामीणों को विभिन्न कानूनी विषयों की जानकारी दी। कार्यक्रम में ग्रामीणों को टोल फ्री नंबर 15100, साइबर हेल्पलाइन 1930, आपातकालीन सेवा 112 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी भी दी गई। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता अभियानों से गांव के लोगों को कानून संबंधी जानकारी मिल रही है और वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बन रहे हैं।

### हजारीबाग जेपी केंद्रीय कारागार में पुलिस का औचक निरीक्षण, खंगाले गए संदिग्ध वार्ड



हजारीबाग। पुलिस अधीक्षक के निदेशानुसार बीती रात अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) के नेतृत्व में हजारीबाग पुलिस द्वारा जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारागार का औचक निरीक्षण किया गया। जिले के दंडाधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति में चलाए गए इस औचक सघन जांच अभियान से जेल परिसर में हड़कंप मच गया। इस गुप्त कार्रवाई के दौरान सुरक्षा बलों ने कारागार के भीतर विभिन्न संदिग्ध वार्डों की बारीकी से सघन तलाशी ली। निरीक्षण के उपरांत अधिकारियों ने जेल के भीतर और बाहर की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। मौके पर उपस्थित जेल प्रबंधन के तमाम पुलिसकर्मियों और कर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाए रखने के संबंध में कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके साथ ही, सुरक्षा की कमान संभाल रहे हजारीबाग पुलिस से प्रतिनियुक्त जवानों को भी हर वक्त अलर्ट मोड पर रहने और किसी भी परिस्थिति में लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी गई।

## बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन



प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**रामगढ़।** बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड (बीएफसीएल) के जीएफए यूनिट परिसर में दो दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य कर्मचारियों के नेत्र स्वास्थ्य की जांच करना एवं उन्हें समय पर आवश्यक परामर्श प्रदान करना था

## 61वें वार्षिक बाइबल क्लास में युवाओं को मिला शिक्षा, संस्कार और आध्यात्मिक मूल्यों का संदेश

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**सिमडेगा।** सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सारूबेड़ा चिरोटांड़ मंडली में नॉर्थ वेस्टर्न गोस्सनर एवेंजेलिकल लुथेरान चर्च छोटानागपुर एवं असम के खूंटीटोली पेरिश युवा संघ के तत्वावधान में 61वें वार्षिक बाइबल क्लास का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा, चर्च सदस्य एवं स्थानीय श्रद्धालु शामिल हुए। पूरा आयोजन आध्यात्मिक वातावरण, प्रार्थना गीतों और प्रभु आराधना से भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस जिला अध्यक्ष सह सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित रहे। उनके साथ महिला जिला अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा, रेभ जकर्याह मिंज, रेभ अमर नवीन टोप्पो, प्रशिक्षु एनडीटीसी मलार अमन टोप्पो, वक्ता शुभम किंडो एवं वक्ता अनमोल एक्का सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना एवं आराधना गीतों के साथ किया गया। इस दौरान बाइबल आधारित संदेशों के माध्यम से युवाओं को प्रभु यीशु के बताए मार्ग पर चलने, समाज में प्रेम, शांति, भाईचारा एवं मानवीय मूल्यों को मजबूत करने का संदेश दिया गया। सभा को संबोधित करते हुए विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि युवा समाज और राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं। यदि युवाओं को सही दिशा और सकारात्मक मार्गदर्शन मिले तो वे समाज में बड़े परिवर्तन ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में युवाओं को केवल शिक्षा तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन और आध्यात्मिक मूल्यों को भी अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

# बकरीद पर्व को लेकर कुजू और वेस्ट बोकारो ओपी पुलिस ने किया क्षेत्र में फ्लैग मार्च

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर कुजू ओपी पुलिस और वेस्ट बोकारो ओपी पुलिस पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय नजर आ रही है। इसी क्रम में बुधवार को कुजू ओपी में मांडू प्राखंड विकास पदाधिकारी अमित मिश्रा की अध्यक्षता में मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक किया और सभी को वरीय पदाधिकारी के निर्देश का अनुपालन करने का आदेश दिया गया। मांडू प्रखंड विकास पदाधिकारी मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ कुजू ओपी क्षेत्र के शहरी क्षेत्र दिग्वार और कर्मा में फ्लैग मार्च निकाला गया। वहीं बकरीद पर्व को लेकर वेस्ट बोकारो ओपी में पुलिस पदाधिकारी एवं प्रतिनियुक्ति जवानों को साथ ब्रीफिंग कर पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र अंतर्गत परेज, भेलगढा,भदवा एवं बैकर में फ्लैग मार्च निकाला गया। सुरक्षा व्यवस्था, विधि-व्यवस्था बनाए रखने, संवेदनशील क्षेत्रों में त्वरित कार्रवाई, भीड़ नियंत्रण, अफवाहों पर निगरानी और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने को लेकर कुजू ओपी पुलिस और वेस्ट बोकारो ओपी पुलिस के पदाधिकारियों ने जवानों को पर्व के दौरान पूरी सतर्कता एवं अनुशासन के साथ ड्यूटी निभाने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि, अफवाह या उपद्रव की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल को आपदा एवं आपातकालीन स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देने, आम नागरिकों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने और संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक खबरों एवं अफवाहों पर नजर बनाए रखने तथा शांति व्यवस्था बिगाड़ने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की बात कही गई।

# लोधमा में छऊ नृत्य के साथ धूमधाम से मनाया गया मंडा पर्व

**पीठ में किल ठोक कर बनस झूले, आग के धकते दहकते अंगारो पर नंगे पांव चले**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत कुंदरू कला के लोधमा गांव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बुधवार को धूमधाम से मंडा पर्व मनाया गया। देर रात मंडा पूजा का आयोजन में मुख्य अतिथि झारखण्ड प्रदेश सचिव युवा राजद के जीतेन्द्र यादव विशिष्ट अतिथि रामगढ़ राजद जिलाध्यक्ष उद्घाटन कर्ता मनीष यादव शामिल हुए। इस मौके पर मुख्य अतिथि राजद प्रदेश सचिव के द्वारा संयुक्त रूप से छऊ नृत्य सांस्कृतिक मंच का फीता काटकर विधिवत रूप से उद्घाटन किया गया। पूजा समिति के लोगों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से मां पार्वती के पाट को घर-घर तक पहुंचाया गया जहां ग्रामीणों ने मां भगवती का पूजा अर्चना किया, मंगलवार रात्रि में संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमे बागमुंडी पुरुलिया एवं टाटा कांडरा के छऊ नृत्य शामिल हुए। मौके पर दोनों टीमों के कलाकारों द्वारा रात भर मुखौटा पहनकर एक से बढ़कर एक गीत और नृत्य प्रस्तुत किया जिसका ग्रामीण रात भर नृत्य का खूब लुफ्त उठाया जबकि मंडा पूजा को लेकर 61 शिव भक्तों ने लहटन सेवा देकर आस्था का परिचय दिखाए, सुबह होते ही भोक्ताओं एवं सोक्ताओं ने दहकते हुए आग के अंगारों पर नंगे पाँव चले और आस्था का परिचय दिया 36 घंटा तक निर्जला उपवास रखकर शिव पार्वती की आराधना में लीन रहे भक्त ने ढोल नगाड़े गाजे बाजे के साथ शिव उपासक भक्तों ने अपने पीठ में लोहे का कील ठोक कर 20 फिट ऊँची खंबे पर बनस झूला झूले और भगवान शिव पार्वती की कठिन आस्था भक्ति की परीक्षा दी। मंडा पूजा को धूमधाम से संपन्न कराने में सहयोग करने वालों में शम्भू बेदिया,बबलू यादव कैलाश यादव शंकर यादव हीरा गोप, दिलीप यादव, प्रदीप शिवबालक बेदिया प्रकाश यादव झरी बेदिया, मनोज लाला, सुधीर यादव, रमेश बेदिया, परमेश्वर यादव चिंटू यादव,अनूप यादव पपू यादव,दिलीप यादव गुडू, मनीष यादव, जोधन यादव बासुदेव यादव त्रिभुवन बेदिया गोपाल यादव मदन यादव लालकु बेदिया धनेश्वर यादव बासुदेव कृष्णा सहित कई लोग शामिल रहे।

# बकरीद को लेकर लेस्लीगंज में फ्लैग मार्च, ड्रोन कैमरे से होगी निगरानी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पलामू (नीलांबर-पीतांबरपुर)।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को लेस्लीगंज पुलिस प्रशासन की ओर से भव्य फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व एसडीपीओ प्रशांत कुमार-2 ने किया। मार्च थाना परिसर से शुरू होकर मस्जिद चौक, कोटखास, गांधी चौक, ढेला चौक सहित विभिन्न इलाकों से गुजरते हुए पुनः थाना पहुंचा। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस जवानों की मौजूदगी से पूरे क्षेत्र में सुरक्षा एवं विश्वास का माहौल बना रहा। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने लोगों को शांति एवं सौहार्द के साथ पर्व मनाने का संदेश दिया। लेस्लीगंज थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने कहा कि बकरीद पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय है। पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष नजर रखी जाएगी। वहीं एसडीपीओ प्रशांत कुमार-2 ने आम लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को दें।

## संपादकीय

### पेपर नहीं व्यवस्था लीक है...


**देश** में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाएं अब अपवाद नहीं, बल्कि एक चिंताजनक परंपरा बनती जा रही हैं। हर बार करोड़ों रुपये खर्च होते हैं, लाखों छात्र महीनों और वर्षों तक तैयारी करते हैं, लेकिन कुछ लोगों की मिलीभगत और प्रशासनिक लापरवाही के कारण उनकी मेहनत पर पानी फिर जाता है। इसके बाद जांच समितियां बनती हैं, बयान आते हैं और सुधार के वादे किए जाते हैं, लेकिन कुछ समय बाद वही कहानी दोहराई जाती है। वास्तविक समस्या केवल पेपर लीक नहीं है। समस्या उस शिक्षा व्यवस्था की है, जो जवाबदेही और पारदर्शिता के संकट से जूझ रही है। यदि बार-बार प्रश्नपत्र लीक हो रहे हैं, तो इसका अर्थ है कि व्यवस्था के भीतर कहीं न कहीं गंभीर खामियां मौजूद हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि हर घटना के बाद दोषियों पर कार्रवाई की चर्चा होती है, लेकिन प्रणालीगत सुधार पीछे छूट जाते हैं। भारत की शिक्षा व्यवस्था लंबे समय से दो हिस्सों में बंटी हुई दिखाई देती है। एक ओर अत्याधुनिक निजी संस्थान हैं, जहां बेहतर संसाधन, प्रशिक्षित शिक्षक और आधुनिक तकनीक उपलब्ध है। दूसरी ओर लाखों सरकारी स्कूल और कॉलेज हैं, जो मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। यह असमानता केवल शिक्षा की गुणवत्ता को प्रभावित नहीं करती, बल्कि सामाजिक और आर्थिक विषमता को भी बढ़ाती है। देश के विकास की सबसे मजबूत नींव शिक्षा होती है। यदि स्कूल स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिलेगी, तो उच्च शिक्षा संस्थानों में उत्कृष्टता की अपेक्षा भी अधूरी रह जाएगी। यही कारण है कि दुनिया भर में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाले भारतीय युवाओं की सफलता के बावजूद देश की शिक्षा व्यवस्था वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अपेक्षित स्थान हासिल नहीं कर पा रही है। आज जरूरत केवल पेपर लीक रोकने की नहीं है। जरूरत है ऐसी व्यवस्था बनाने की, जिसमें परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित हो, शिक्षा संस्थानों को गुणवत्ता सुधारने की स्वतंत्रता मिले और राजनीतिक हस्तक्षेप न्यूनतम हो। शिक्षा को सत्ता और प्रशासन के नियंत्रण का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का आधार माना जाना चाहिए। जब तक शिक्षा सुधार राष्ट्रीय एजेंडा का केंद्र नहीं बनेगा, तब तक पेपर लीक जैसी घटनाएं सामने आती रहेंगी। सवाल यह नहीं है कि अगला पेपर कब लीक होगा, बल्कि यह है कि व्यवस्था को इतना मजबूत कब बनाया जाएगा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ही न हो सके।

# समुद्री पारिस्थितिकी के सामने जटिल चुनौतियां

**जयप्रकाश त्रिपाठी**

समुद्री जीवों पर चरम मौसम का प्रभाव गहरा और बहुआयामी होता है। जलवायु आपदाओं से जूझती प्रजातियों और समुद्र संरक्षण पर संयुक्त राष्ट्र की संधि महत्त्वपूर्ण है। इसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में समुद्री जीवन की रक्षा करना है। भारतीय समुद्री अनुसंधान के तहत विशेष आर्थिक क्षेत्र में गहरे समुद्र के जीवों की निगरानी की जा रही है। अर्जेंटीना में शैवालों के कारण प्रदूषण से समुद्री स्तनधारियों तक पहुंचते जहरीले पदार्थों को लेकर अध्ययन किए जा रहे हैं। अत्यधिक मछलियां पकड ? से 37.7 फीसद मत्स्य भंडार प्रभावित हो रहे हैं। शोध रपट बताती हैं कि 1970 के बाद से शार्क और अन्य प्रजातियों में 71 फीसद की गिरावट आई है। अब वैश्विक अभियान का लक्ष्य अगले दस वर्षों में एक लाख नई प्रजातियों का पता लगाना है। अभी चिंता की बात यह है कि शैवालों के कारण बढ़ते प्रदूषण से कई समुद्री प्रजातियां विलुप्त होती जा रही हैं। भारतीय समुद्री क्षेत्र में मार्च 2025 तक समुद्री जीवों की गणना के लिए चलाए अभियान के तहत 850 से अधिक नई समुद्री प्रजातियों की खोज की गई थी। तमिलनाडु तट पर फिनलेस स्नेक ईलङ्ग और बंगाल की खाड़ी में सी स्लगङ्ग जैसी नई प्रजातियां खोजी गई हैं। ये खोजें समुद्री जैव विविधता को समझने के लिए बेहद महत्त्वपूर्ण हैं। इसलिए नई प्रजातियों की खोज आवश्यक है, क्योंकि गहरे समुद्र की 90 फीसद प्रजातियां आज भी अज्ञात हैं।

तमिलनाडु के कोलाचेल तट पर स्नेक ईलङ्ग की नई प्रजाति खोजी गई है। इसी तरह बंगाल की खाड़ी के तट पर खोजी गई हेड शील्ड सी स्लगङ्ग की एक नई प्रजाति है। शोधकताओं ने छह हजार मीटर से अधिक की समुद्री गहराई से वेलरोपिलिना ग्रेटचेनाईङ्ग नामक एक दुर्लभ घोंघा खोजा है। ये प्रजातियां समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को समझने और संरक्षण के लिए महत्त्वपूर्ण हैं। समुद्री जैव विविधता पर ताजा अनुसंधान (2025-2026) जलवायु परिवर्तन, प्रजातियों के प्रवास और गहरे समुद्र के पारिस्थितिकी तंत्र पर केंद्रित है। गौरतलब है कि 2026 में लागू ऐतिहासिक समुद्री समझौता अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र की जैव विविधता की रक्षा करेगा। समुद्री जीवन की खोज को गति देते हुए महासागरीय जनगणना में 866 नई समुद्री प्रजातियों की पहचान की जा चुकी है। उल्लेखनीय है कि 71 फीसद क्षेत्रफल में फैला महासागर पृथ्वी पर जीवन का मूलभूत आधार है। इसकी विशाल जैव विविधता जलवायु को नियंत्रित करने में सहायक है और यह लाखों लोगों के स्वास्थ्य, आजीविका और खाद्य सुरक्षा को बनाए रखने में मदद करती है। फिर भी, महासागर का अधिकांश भाग अनछुआ ही है और अब तक केवल लगभग दस फीसद समुद्री प्रजातियों का ही दस्तावेजीकरण किया जा सका है। इसके रहस्यों को उजागर करना जैव विविधता की रक्षा, जलवायु परिवर्तन के प्रति लचीलापन विकसित करने और एक स्थायी भविष्य सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। सामान्यतः किसी नई प्रजाति की आधिकारिक पहचान में एक दशक अथवा इससे अधिक समय भी लग जाता है।



> *तमिलनाडु के कोलाचेल तट पर स्नेक ईल की नई प्रजाति खोजी गई है। इसी तरह बंगाल की खाड़ी के तट पर खोजी गई हेड शील्ड सी स्लगङ्ग की एक नई प्रजाति है। शोधकताओं ने छह हजार मीटर से अधिक की समुद्री गहराई से वेलरोपिलिना ग्रेटचेनाईङ्ग नामक एक दुर्लभ घोंघा खोजा है। ये प्रजातियां समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को समझने और संरक्षण के लिए महत्त्वपूर्ण हैं। समुद्री जैव विविधता पर ताजा अनुसंधान (2025-2026) जलवायु परिवर्तन, प्रजातियों के प्रवास और गहरे समुद्र के पारिस्थितिकी तंत्र पर केंद्रित है। गौरतलब है कि 2026 में लागू ऐतिहासिक समुद्री समझौता अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र की जैव विविधता की रक्षा करेगा। समुद्री जीवन की खोज को गति देते हुए महासागरीय जनगणना में 866 नई समुद्री प्रजातियों की पहचान की जा चुकी है। उल्लेखनीय है कि 71 फीसद क्षेत्रफल में फैला महासागर पृथ्वी पर जीवन का मूलभूत आधार है। इसकी विशाल जैव विविधता जलवायु को नियंत्रित करने में सहायक है और यह लाखों लोगों के स्वास्थ्य, आजीविका और खाद्य सुरक्षा को बनाए रखने में मदद करती है।*

समुद्री जीवन की पहचान में तेजी लाने के वास्ते सामाजिक नवाचार के लिए समर्पित कई गैर-लाभकारी संस्थाएं भी समुद्री विज्ञान को संरक्षित कर रही हैं। उन्हीं में से कुछ संस्थाएं एक अप्रैल 2023 से महासागर-जनगणनाङ्ग में जुटी हैं। एक दशक में दस लाख नई प्रजातियों की पहचान करना उनका लक्ष्य है। नई प्रजातियों की खोज के दौरान हिंद महासागर के पास कोकोस कीलिंग द्वीप समूह में 1175 से 1896 मीटर की गहराई में कई नई प्रजातियों की खोज की गई है। अल नीनो के कारण जंबो स्क्वीडङ्ग के प्रवास मार्गों और प्रजनन समय में बदलाव देखा गया है। नेचरङ्ग की रपट के अनुसार यह समुद्र के बढ़ते तापमान का सीधा असर है। वैज्ञानिकों और अनुसंधानकताओं का मानना है कि समुद्री जीव-प्रजातियों से जुड़े आंकड़ों की तुलना से नई प्रजातियों की खोज तेज हो सकती है। कुछ वर्ष पहले जर्मनी के अनुसंधानकताओं को छोटे जीवों की खोज के दौरान दो सौ से अधिक समुद्री प्रजातियों का पता चला। उनमें से दो दर्जन से ज्यादा नई प्रजातियां हैं। छोटे जीव इनका आहार होते हैं और बड़े जीवों इनको खा जाते हैं।

गौरतलब है कि ये समुद्र की सफाई भी करते हैं। समुद्र में नई प्रजातियों को पहचानना बेहद श्रमसाध्य कार्य है। एक जटिल वैज्ञानिक प्रक्रिया में नई प्रजातियों की पहचान की जाती है। यह अनुभव समुद्री प्राकृतिक संपदा की बेहतर पहचान को भी समृद्ध करता है। जलवायु परिवर्तन और प्रवास के बीच गहरा संबंध है। इस समय पर्यावरण का दबाव दिख रहा है। समुद्र के जलस्तर में वृद्धि, मरुस्थलीकरण और विनाशकारी मौसम कृषि को नष्ट कर रहे हैं। इससे जीव-जंतु भोजन की तलाश में मूल स्थानों से दूर अन्यत्र प्रवास करने लगे हैं। जलवायु परिवर्तन खास तौर से प्रवासी पक्षियों को प्रभावित कर रहा है, जिससे वे अनुकूल जलवायु की तलाश में अन्य स्थानों पर जा रहे हैं। प्रवासन का स्वरूप बदलने से कई क्षेत्रों, विशेषकर तटीय बसावटों में, सामाजिक और आर्थिक समस्याएं एक बड़ी वजह बन रही हैं। जलवायु परिवर्तन समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के लिए बड़ा खतरा बनता जा रहा है, जो महासागरों को गर्म, अधिक अम्लीय और आक्सीजन-रहित बना रहा है। इससे प्रवाल भित्तियां नष्ट हो रही हैं। मछलियों के प्रवास के मार्ग बदल रहे हैं और कई समुद्री प्रजातियों के अस्तित्व पर संकट मंडराने लगा है। यह संपूर्ण समुद्री खाद्य शृंखला और तटीय समुदायों को प्रभावित कर रहा है।


बढ़ता तापमान मूंगा भित्तियों को नष्ट कर रहा है जो समुद्री जैव विविधता के केंद्र हैं। गर्म पानी से बचने के लिए मछलियां और अन्य जीव ठंडे ध्रुवीय क्षेत्रों की ओर पलायन कर रहे हैं। गर्म पानी में आक्सीजन कम होती है, जिससे मछलियों और अन्य जीवों का दम घुट रहा है। महासागर द्वारा कार्बन डाइआक्साइड अवशोषित करने से पानी अम्लीय हो रहा है, जो शंख, घोंघे और अन्य कैल्शियम काबोर्नेट कवच वाले जीवों के खोल को गला रहा है। तापमान में बदलाव के कारण मछलियों के प्रजनन का समय बदल रहा है, जिससे उनकी आबादी प्रभावित हो रही है। गर्म पानी में हानिकारक शैवाल तेजी से बढ़ते हैं जो समुद्री जीवों को विषैला बनाने के साथ उन्हें मार भी देते हैं। ये परिवर्तन समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के नाजुक संतुलन को बिगाड़ रहे हैं। पूरे समुद्री क्षेत्र में स्थानीय प्रजातियों के विलुप्त होने का जोखिम गहराता जा रहा है। इसीलिए नई समुद्री प्रजातियों की खोजबीन पर पूरी दुनिया में कई अनुसंधान चल रहे हैं। सैली चिशोल्म और उनकी टीम ने वर्ष 1988 में एक नए सूक्ष्म समुद्री जीव प्रोक्लोरोकाकसङ्ग की खोज की थी, जो पृथ्वी पर आक्सीजन बनाने और पर्यावरण संतुलन में अहम भूमिका निभाता है। जर्मनी के शोधकताओं का दल विलुप्त होते समुद्री केंचुओं की खोज कर रहा है। पोलैंड की प्रोफेसर आन्ना याजदेवस्का ने छोटे झींगों जैसी दर्जनों नई प्रजातियां ढूंढ़ निकाली हैं। दुर्लभ धातुओं से भरे-पूरे प्रशांत महासागर की करीब साढ़े चार हजार मीटर की गहराई में लगभग 24 नए छोटे झींगे मिले हैं। जलवायु आपदा और आक्रामक प्रजातियां बढ़ने से कम अनुसंधानित समुद्री प्रजातियां विलुप्तप्राय हो चली हैं, जिनमें समुद्री केंचुए भी हैं। ये केंचुए समुद्र की पारिस्थितिकी में अहम भूमिका निभाते हैं।

**- लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं।**

# एआई अब तक की तकनीकों से अलग और विशिष्ट

**एकता कानूनगो बक्षी**

**नई** तकनीकें हमेशा से ही आम इंसान को चकित करती रही हैं। इन दिनों आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता चर्चा के केंद्र में है। हमारे जीवन में ऐसा ही कौतूहल तब भी देखने को मिला था, जब कंप्यूटर और मोबाइल का आगमन हुआ था। हर नई तकनीक आम व्यक्ति के मन में एक स्वाभाविक प्रश्न खड़ा करती है- क्या यह उसके जीवन को बेहतर बनाएगी या उसे और पीछे धकेल देगी? इस संदर्भ में यह समझना महत्त्वपूर्ण है कि मशीनें अब तक मनुष्य के निर्देशों पर ही काम करती आई हैं। वे निष्पक्ष होकर एक समान तरीके से कार्य कर सकती हैं, लेकिन उनकी दिशा और उद्देश्य मनुष्य ही तय करता है। अगर तकनीक का विकास मानवीय मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ किया जाए, तो वह केवल सुविधा का साधन नहीं, बल्कि अवसरों का विस्तार करने वाला माध्यम बन सकती है। जब आम लोग जुगाड़ और तरकीबों से आगे बढ़कर तकनीक के माध्यम से अपने जीवन को बेहतर बनाने लगें, तब समझा जा सकता है कि वह तकनीक एक सकारात्मक परिवर्तन की ओर बढ़ रही है। इसी क्रम में कृत्रिम बुद्धिमत्ता अब तक की तकनीकों से अलग और विशिष्ट है, क्योंकि इसे इंसानों की तरह काम करने और निर्णय लेने के लिए विकसित किया गया है। यही कारण है कि यह कई लोगों के मन में अपनी प्रासंगिकता खोने का भय भी उत्पन्न करता है। आज स्थिति यह है कि केवल एक निर्देश देने भर से काम पूरा हो जाता है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता का दायरा इतना व्यापक है कि यह हमारी कल्पना से भी आगे तक फैला हुआ है। अगर कोई व्यक्ति इसकी कार्यप्रणाली और भाषा को समझ ले, तो वह अपने लिए कई एजंट, यानी डिजिटल सहयोगी तैयार कर सकता है।



ये अलग-अलग क्षेत्रों के विशेषज्ञों की तरह कार्य करते हैं। कोई लेखन में मदद करता है, कोई शोध में, तो कोई तकनीकी कार्यों में। इस तरह एक व्यक्ति के साथ एक पूरी डिजिटल टीम काम कर सकती है। यह विचार पहली नजर में असंभव या भयावह लग सकता है, लेकिन अब यह वास्तविकता बन चुका है। मानव इतिहास पर दृष्टि डालें, तो जब पहली बार मनुष्य के हाथ में कलम आई होगी, तब उसे अपने विचारों को अभिव्यक्त करने का एक नया माध्यम मिला। इसके बाद कंप्यूटर आया, जिसने कार्य की गति और दायरा दोनों को विस्तृत किया। कृत्रिम बुद्धिमत्ता को भी हमें इसी दृष्टि से देखना चाहिए- एक उपकरण के रूप में। यह हमारे विचारों का स्थान लेने के लिए नहीं, बल्कि उन्हें और अधिक प्रभावी ढंग से व्यक्त करने के लिए है।

अगर इसका संतुलित उपयोग किया जाए, तो यह हमें रोजमर्रा के छोटे-छोटे कार्यों से मुक्त कर सकता है और हमें सोचने, सीखने तथा सृजन करने के लिए अधिक समय दे सकता है। मगर यह भी आवश्यक है कि हम इसे अपनी बौद्धिक क्षमता का विकल्प न बनने दें। जैसे कलम केवल लिखने में सहायता करती है, विचार नहीं देती, वैसे ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता भी तभी सार्थक है, जब वह मानव बुद्धि और संवेदना के साथ मिलकर कार्य करे। विज्ञान-कथा फिल्मों में अक्सर एक विशाल और शक्तिशाली रोबोट दिखाया जाता है, जिसे नियंत्रित करने वाला एक छोटा-सा जीव होता है। यह दृश्य प्रतीकात्मक भी है। अगर हम एआइ का उपयोग अपनी क्षमता बढ़ाने के बजाय केवल परिश्रम से बचने के लिए करने लगें, तो भविष्य में हमारी स्थिति भी कुछ ऐसी हो सकती है, जहां मशीनें शक्तिशाली हों और मनुष्य अपनी ही क्षमताओं से दूर होता चला जाए। हम बिना समझे और सीखे केवल कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर निर्भर हो जाएं, तो हमारी सोच सीमित हो सकती है। हम नए विचारों के बजाय पहले से बने ढांचे को दोहराने लगेंगे। रचनात्मकता और मौलिकता का आधार जिज्ञासा और सीखने की इच्छा है। यह कमजोर पड़ जाए, तो तकनीकी प्रगति के बावजूद हमारी बौद्धिक क्षमता घट सकती है। यह भी ध्यान रखने योग्य है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता को संचालित करने वाले डेटा सेंटर अत्यधिक ऊर्जा और पानी का उपयोग करते हैं। इसलिए इसका उपयोग जिम्मेदारी और संतुलन के साथ करना आवश्यक है। तकनीक जितनी शक्तिशाली होती है, उसके उपयोग में उतनी ही सजगता अपेक्षित होती है। आखिरकार तकनीक कितनी भी उन्नत क्यों न हो जाए, समाज को हमेशा मौलिकता की जरूरत होगी चित्रकारों, दार्शनिकों और समाजसेवियों की आवश्यकता हमेशा बनी रहेगी। मशीनें जानकारी दे सकती हैं, स्वरूप पहचान सकती हैं और कार्यों को तेज कर सकती हैं, लेकिन कल्पना, संवेदना और सामाजिक प्रतिबद्धता जैसे गुण मनुष्य के ही हैं। एक चित्रकार केवल रंगों से चित्र नहीं बनाता, वह अपने समय की भावनाओं को कैनवास पर उतारता है। एक दार्शनिक केवल प्रश्न नहीं उठाता, बल्कि जीवन को समझने के नए दृष्टिकोण देता है। और एक समाजसेवी समाज के कमजोर वर्गों के साथ खड़ा होकर परिवर्तन की दिशा तय करता है। यह भी उतना ही महत्त्वपूर्ण है कि समाज को कुशल, ईमानदार और मेहनतकश लोगों की हमेशा आवश्यकता रहेगी। वह कारीगर, जो अपने हाथों से सृजन करता है। वह शिक्षक जो ईमानदारी से ज्ञान देता है, वह श्रमिक जो अपनी मेहनत से समाज की नींव मजबूत करता है। इनकी भूमिका किसी भी तकनीक से कम नहीं हो सकती। तकनीक काम को आसान बना सकती है, लेकिन समर्पण, ईमानदारी और श्रम का मूल्य आज भी वही है, जो पहले था।

## आज का पंचांग

### दैनिक पंचांग

**28 मई 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 06.30 बजे से |
| चंद्र | तुला में | कर्क | 08.43 बजे से |
| मंगल | मेष में | सिंह | 11.00 बजे से |
| बुध | वृष में | कन्या | 13.11 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | तुला | 15.22 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | वृश्चिक | 17.37 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 19.53 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 21.58 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 23.44 बजे से |
| राहुकाल | | मीन | 01.17 बजे से |
| 1.30 से 3.00 | | मेष | 02.48 बजे से |
| बजे तक | | वृष | 04.28 बजे से |

**गुरुवार** 2026 वर्ष का 148 वा दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** द्वादशी 07.58 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** चित्रा 08.09 बजे को समाप्त।
**योग** वरीयान 03.55 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** बालव 07.58 बजे तदनन्तर कौलव 20.52 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 11.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 21° 26'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872723
**जूलियन दिन** 2461188.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जिल्हेज **तारीख** 11
**विशेष** प्रदोष व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से | 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से | 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से | 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से | 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से | 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से | 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8874

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | | 4 | 5 | | 6 |
| | | 7 | | 8 | | | | |
| 9 | 10 | | | | | | 11 | |
| 12 | | | 13 | | 14 | | 15 | |
| | 16 | | | | 17 | | | |
| 18 | | | 19 | 20 | | | 21 | 22 |
| 23 | | | | | | | 24 | |
| | | 25 | 26 | | 27 | 28 | | |
| 29 | | | | | 30 | | | |

**बाएँ से दाएँ**

1.दुर्व्यवहार,बुरा आचरण-4
4.पंजाब की एक नदी-4
7.अनाथालय-5
9.दूसरा,पराया-2
11.चलने का तरीका-2
12.नृत्य-2
13.समीप,पास,नजदीक-3
15.बुरी आदत-2
16.नृत्य करना-3
17.प्रलोभन,हवस,तृष्णा-3
18.मालिक,ईश्वर-2
19.निहित,कारण-3
21.भाग्य(अंग्रेजी-2)
23.थूक,लेस-2
24.नवीन,नव-2
25.नयापन,अनूठापन-5
29.नामवाला,नामचिन-4
30.करिश्मा,चमत्कार-4

**ऊपर से नीचे**

1.मनोरचना,मनगढ़ंत-4
2.कोक,कहवा-2
3.कामदेव की पत्नी-2
4.मित्र,दोस्त-2
5.पेड़ का मध्य भाग-2
6.नादानी,अनाड़ीपन-4
8.बंदर नचाने वाला-3
10.रचना करने वाला-5
11.आरचण,चरित्र-5
13.कपड़े की दिवार-3
14.उठा ले जाना, बलपूर्वक-3
18.पूजा,प्रार्थना-4
20.खूबसुरत,सुन्दर-3
22.कहर,भूचाल-4
25.नया,नवीन-2
26.शूर,बहादूर,सूरमा-2
27.अवधि में,पर्यंत-2
28.मृत,अप्रबल-2

**शब्द पहेली -8873 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | क | थ | न | ■ | सी | धा | प | न |
| झ | ■ | ■ | ज | रु | र | ■ | ■ | म |
| ल | ■ | जा | र | ■ | त | र | ■ | की |
| क | म | र | बं | द | ■ | म | हा | न |
| ■ | ग | ■ | द | ■ | प | ■ | जि | ■ |
| म | न | का | ■ | प | रि | चा | र | क |
| द | ■ | का | र | ■ | चा | ल | ■ | ह |
| म | ■ | ■ | ह | म | ल | ■ | ■ | वा |
| स्त | र | ही | न | ■ | क | हा | नी | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सुडोकू

**सूडोकु नवताल- 7808** ★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7807 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

# परेश रावल ही रहेंगे 'बाबू भैया'

## 'हेरा फेरी 3' पर फैल रहे झूठ का सच सामने आ गया



**'हेरा फेरी 3'** को लेकर हाल ही में ऐसी खबर सामने आई थी कि एक बार फिर परेश रावल ने इस फिल्म से किनारा कर लिया है. लेकिन 'हेरा फेरी 3' पर फैल रही इस खबर का अब सच पता चल गया है. पता चला है कि ये परेश रावल से जुड़ी ये खबर पुरानी ही थी, जिसे ताजा कहकर फैलाया जा रहा था. अक्षय कुमार की 'हेरा फेरी' ऐसी कल्ट फ्रेंचाइजी है, जो अपने म्यूजिक से साथ-साथ मीम्स के चलते आज भी लोगों की जबान पर रहती है. इसके दोनों पार्ट को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद तीसरे पार्ट बनने की चर्चा है. जब से 'हेरा फेरी 3' के बनने की खबर आई है, तभी से ये फिल्म विवादों से घिरी हुई है. फिलहाल फिल्म कानूनी पचड़े में फंसी हुई है और अगले 1-2 साल तक इसकी शूटिंग शुरू होने की बिल्कुल उम्मीद नहीं है. बीते दिनों इसे लेकर खबर सामने आई थी कि परेश रावल ने एक बार फिर 'हेरा फेरी 3' से किनारा कर लिया है. लेकिन इस फिल्म पर फैल रहे झूठ का सच सामने आ गया है. पता चला है कि परेश रावल के 'हेरा फेरी 3' को छोड़ने की खबर पुरानी ही थी, जिसे ताजा बताकर पेश किया गया था. 'हेरा फेरी 3' शुरुआत से ही दिक्कतों का सामना कर रही है. पहले से ही इस फिल्म के मेकिंग राइट्स को लेकर कोर्ट-कचहरी का चक्कर चालू है. इसके बाद परेश रावल के इस प्रोजेक्ट से अलग होने की खबरें आईं. लेकिन बाद में मेकर्स और परेश रावल के बीच मामल सुलझ गया था. बीते दिनों फिर से ऐसी खबरें सामने आईं कि परेश रावल ने 'हेरा फेरी 3' का साइनिंग अमाउंट लौटा दिया है. मगर अब पता चला है कि ये खबर पुरानी ही थी.

ऐश्वर्या राय के समर्थन में उतरीं कंगना रनौत, बोलीं-

# वह किसी को खुश करने के लिए रेड कार्पेट पर नहीं आतीं



**भाजपा** सांसद और एक्ट्रेस कंगना रनौत ने कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 में ऐश्वर्या राय बच्चन के लुक को लेकर सोशल मीडिया पर हो रही चर्चाओं के बीच उनका खुलकर समर्थन किया। कंगना ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर ऐश्वर्या की ब्लू कलर के गाउन वाली एक फोटो पोस्ट की और उन लोगों को जवाब दिया, जो ऐश्वर्या के लुक और उम्र को लेकर टिप्पणी कर रहे थे। दरअसल, कंगना रनौत ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, ''फैशन और स्टाइल किसी भी इंसान की अपनी अभिव्यक्ति होती है। हर व्यक्ति अपने तरीके से जिंदगी को देखता और समझता है। कोई भी महिला किसी को खुश करने के लिए नहीं जीती।'' कंगना ने ऐश्वर्या की तारीफ करते हुए लिखा, ''ऐश बेहद खूबसूरत लग रही हैं और अगर कुछ लोग उन्हें किसी दूसरे रूप में देखना चाहते हैं, तो पहले खुद को भी देखना चाहिए। ऐश्वर्या किसी को खुश करने के लिए रेड कार्पेट पर नहीं आतीं, बल्कि वह अपनी अलग चमक और आत्मविश्वास के साथ वहां मौजूद रहती हैं। अपने पोस्ट में कंगना ने उम्र को लेकर होने वाली टिप्पणियों पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, ''अगर लोग रेड कार्पेट पर बड़ी उम्र की महिलाओं को देखने के आदी नहीं हैं, तो अब उन्हें इसकी आदत डाल लेनी चाहिए। दरअसल, कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 में ऐश्वर्या राय बच्चन ने मशहूर डिजाइनर अमित अग्रवाल द्वारा डिजाइन किया गया ब्लू कलर का स्टाइलिश गाउन पहना था। इस गाउन का डिजाइन अंतरिक्ष से इंस्पायर था। ड्रेस में बेहद बारीक क्रिस्टल एम्ब्रॉयजरी की गई थी और इसे तैयार करने में करीब 1500 घंटे का समय लगा था। ऐश्वर्या का यह लुक सामने आते ही सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने उनकी खूबसूरती की तारीफ की, तो वहीं कुछ लोगों ने उनके लुक और उम्र को लेकर आलोचना भी की। ऐश्वर्या राय बच्चन पिछले दो दशक से भी ज्यादा समय से कान्स फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा बन रही हैं।

रणवीर सिंह के साथ

# काम करना चाहती हैं त्रिधा चौधरी



**फिल्म** इंडस्ट्री में कई कलाकार अब सिर्फ ग्लैमरस किरदारों तक सीमित नहीं रहना चाहते, बल्कि ऐसे प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बनना चाहते हैं, जिनमें अभिनय के साथ भावनात्मक और आध्यात्मिक जुड़ाव भी हो। इसी बीच अभिनेत्री त्रिधा चौधरी ने आईएएनएस से बात करते हुए अपनी दिली इच्छा जाहिर की और कहा कि वह भविष्य में अभिनेता रणवीर सिंह के साथ काम करना चाहती हैं। अगर उन्हें 'शिवा ट्रिलॉजी' जैसी किसी पौराणिक फिल्म में काम करने का मौका मिले, तो वह उनके लिए किसी सपने के सच होने जैसा होगा। आईएएनएस ने जब त्रिधा से पूछा कि अगर उन्हें भविष्य में किसी बड़े ऐतिहासिक या पौराणिक फिल्म में काम करने का मौका मिले, तो वह किस तरह का किरदार निभाना पसंद करेंगी। इस सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि वह लेखक अमिश त्रिपाठी की मशहूर किताब 'शिवा ट्रिलॉजी' पर बनने वाली फिल्म का हिस्सा बनना चाहेंगी। त्रिधा ने कहा, ''मैंने हाल ही में सुना है कि रणवीर सिंह ने 'शिवा ट्रिलॉजी' के फिल्मी राइट्स खरीद लिए हैं। यह खबर सुनकर मैं काफी उत्साहित हूं। मैं रणवीर सिंह की बहुत बड़ी फैन हूं और उन्हें अभिनेता के तौर पर बेहद पसंद करती हूं। रणवीर जिस तरह अपने हर किरदार में पूरी एनर्जी डालते हैं, वह मुझे बेहद प्रेरित करता है। उनके साथ काम करना मेरा सपना है।'' उन्होंने आगे कहा, 'भगवान शिव के प्रति मेरी गहरी आस्था है, और यही वजह है कि 'शिवा ट्रिलॉजी' से मेरा भावनात्मक जुड़ाव भी है। मैंने इस किताब की पूरी सीरीज पढ़ी है और कहानी ने मुझे काफी प्रभावित किया। अगर मुझे किसी ऐसी पौराणिक फिल्म में अभिनय करने का मौका मिलता है, तो वह मेरे करियर का सबसे खास अनुभव होगा। ' त्रिधा ने बातचीत के दौरान कहा, ''मेरे लिए सिर्फ खूबसूरत दिखना या ग्लैमरस किरदार निभाना ज्यादा मायने नहीं रखता। एक कलाकार की असली पहचान उसके अभिनय से होती है। अगर कोई कलाकार स्क्रीन पर सिर्फ अच्छा दिखे लेकिन अपने किरदार को सही तरीके से निभा न पाए, तो दर्शक उससे जुड़ नहीं पाते। अभिनेत्री ने कहा, ''मेरे लिए क्रिटिक्स की तारीफें ज्यादा महत्वपूर्ण होती हैं। अगर लोग मेरे अभिनय को पसंद करें और यह महसूस करें कि मैंने किरदार के साथ न्याय किया है, तो वही मेरे लिए सबसे बड़ी सफलता है। मैं हमेशा ऐसे रोल चुनना चाहती हूं जिनमें अभिनय करने का मौका मिले और दर्शकों तक कोई भावना पहुंचाई जा सके।''

# मौनी रॉय ने अपने अंदाज में कान्स को कहा अलविदा

**टीवी** से लेकर बॉलीवुड तक अपनी खास पहचान बना चुकी मौनी रॉय इन दिनों कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपने ग्लैमरस अंदाज को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। हर बार की तरह इस बार भी मौनी ने अपने फैशन और स्टाइल से लोगों का ध्यान खींचा।

अब कान्स में अपने आखिरी दिन मौनी रॉय ने एक बार फिर बेहद खूबसूरत तस्वीरें साझा कर फ्रेंच रिवेरा को अलविदा कहा है। उनके इस नए लुक के साथ-साथ उनकी निजी जिंदगी भी फिर चर्चा में आ गई है। मौनी रॉय ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कई तस्वीरें पोस्ट कीं। इन तस्वीरों में वह समुद्र के सामने बनी एक बालकनी में खड़ी नजर आ रही हैं। उन्होंने वाइट और ब्लू कलर की प्रिंटेड लॉन्ग ड्रेस पहनी है। इस ड्रेस में वह बेहद खूबसूरत लग रही है। तस्वीरों में वह अलग-अलग अंदाज में पोज देती दिखाई दे रही हैं। कहीं वह मुस्कुराते हुए कैमरे की तरफ देख रही हैं तो कहीं समुद्र की ओर देखते हुए तस्वीरें खिंचवा रही हैं। अपने पूरे लुक को मौनी ने बेहद सिंपल, लेकिन स्टाइलिश रखा।



उन्होंने बालों का जूड़ा बनाया हुआ था। इसके साथ उन्होंने ज्यादा गहने नहीं पहने, बल्कि सिर्फ एक बड़ा कड़ा हाथ में पहना हुआ था। लाइट मेकअप से उनका चेहरा निखर रहा था।

फैंस को उनका यह क्लासी अंदाज काफी पसंद आया। इन तस्वीरों के साथ मौनी रॉय ने कैप्शन में लिखा, ''मैं अगले साल तक के लिए फ्रेंच रिवेरा और कान्स को अलविदा कह रही हूं।'' पिछले कुछ दिनों से मौनी लगातार कान्स से जुड़ी तस्वीरें और वीडियो साझा कर रही थीं। हर लुक में उनका अलग अंदाज देखने को मिला। सोशल मीडिया पर उनके फैशन की खूब चर्चा हुई। हालांकि, कान्स में उनके फैशन के साथ-साथ उनकी निजी जिंदगी भी लगातार खबरों में बनी रही।



# मेरे पास प्यार के लिए समय नहीं

## • बच्चे और करियर ही अब मेरी सबसे बड़ी प्राथमिकताः शकीरा

**लॉस एंजेलिस।** मशहूर पॉप सिंगर और गीतकार शकीरा एक बार फिर अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने हाल ही में अपने रिश्तों, बच्चों और जिंदगी के मुश्किल दौर को लेकर खुलकर बात की। साल 2022 में फुटबॉलर गेरार्ड पिक से अलग होने के बाद शकीरा अपने बच्चों और करियर पर ध्यान दे रही हैं। इस बीच उन्होंने कहा है कि फिलहाल उनकी जिंदगी में प्यार या किसी नए रिश्ते के लिए कोई जगह नहीं है। इस समय उनका पूरा फोकस उनके बच्चों और उनके काम पर है और वह अपने अकेलेपन को भी पूरी तरह एंजॉय कर रही हैं। ब्रिटिश अखबार 'द टाइम्स' को दिए इंटरव्यू में शकीरा ने कहा, ''अभी मैं किसी रोमांटिक रिश्ते के बारे में सोच भी नहीं रही हूं। मेरी जिंदगी में उसके लिए न जगह है और न समय।

मैं पहले से ही बहुत बिजी हूं। मेरे दोनों बच्चे मिलान और साशा ही मेरी प्राथमिकता हैं। शकीरा ने अपने करियर को लेकर भी दिल की बात साझा की। उन्होंने कहा, ''इस समय मैं अपने काम से पहले से कहीं ज्यादा प्यार करने लगी हूं। मैंने अपने करियर को कभी इतने करीब से महसूस नहीं किया था, जितना अब कर रही हूं। मैं अपने अकेलेपन को भी पूरी तरह एंजॉय कर रही हूं। मेरे लिए यह वक्त खुद को समझने और जिंदगी को नए तरीके से देखने का समय है। 49 साल की शकीरा ने अपने जीवन के सबसे कठिन दौर को भी याद किया। उन्होंने कहा, ''जब मेरा रिश्ता टूट रहा था, उसी समय मेरे पिता विलियम एक गंभीर हादसे के बाद अस्पताल में भर्ती थे। ऐसे में मैं मानसिक और भावनात्मक रूप से पूरी तरह टूट चुकी थी। वह समय मेरी जिंदगी का सबसे अंधेरा दौर था, क्योंकि जिस परिवार को मैं हमेशा साथ रखना चाहती थी, वह बिखर गया। उन्होंने कहा, 'उस दर्द ने मुझे बहुत कुछ सिखाया।

बेमतलब जीना नहीं चाहती...

# काम न मिलने पर टूटीं 72 साल की मशहूर टीवी एक्ट्रेस



**टीवी** की दिग्गज एक्ट्रेस अनीता कंवल ने हाल ही में अपने करियर और अकेलेपन को लेकर बेहद खुलासा किया है, जहां उन्होंने काम न मिलने का दर्द बयां किया. उन्होंने बताया है कि उन्हें लगातार रिजेक्शन मिल रहा है, जिसके बाद से वो खुद को ही सवाल करने लगी हैं. टीवी इंडस्ट्री की दुनिया बाहर से जितनी चमकदार दिखाई देती है, उसके पीछे की सच्चाई कई बार बेहद दर्दनाक होती है. कैमरों की चमक, तालियों की गूंज और लाखों फैंस का प्यार पाने वाले कई कलाकार एक समय के बाद गुमनामी और अकेलेपन का सामना करने लगते हैं. अब ऐसी ही दर्दभरी कहानी दिग्गज टीवी एक्ट्रेस अनीता कंवल की सामने आई है, जिन्होंने अपने करियर के मुश्किल दौर को लेकर बेहद भावुक खुलासा किया है. कभी छोटे पर्दे की सबसे पॉपुलर एक्ट्रेसेस में शामिल रहीं अनिता कंवल आज काम न मिलने की वजह से बेहद बुरे दौर से गुजर रही हैं. 'राधा की बेटियां कुछ कर दिखाएंगी', 'ससुराल गेंदा फूल', 'ये रिश्ता क्या कहलाता है', 'जुनून', 'शांति' और 'सोनपरी' जैसे फेमस शोज में नजर आ चुकीं अनीता कंवल एक वक्त पर जाना माना नाम थीं.

# ममूटी को तीसरी बार मिला बड़ा समान

**मलयालम** सिनेमा के दिग्गज अभिनेता ममूटी एक बार फिर चर्चा में हैं। उन्हें केरल के महात्मा गांधी विश्वविद्यालय की तरफ से मानद डॉक्टरेट से सम्मानित किया गया है। अभिनेता को भारतीय सिनेमा में पांच दशकों से ज्यादा समय तक दिए गए उनके योगदान के लिए 'डॉक्टर ऑफ लेटर्स'

### ममूटी को मिला सम्मान

केरल के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के दौरान अभिनेता को यह सम्मान दिया। यह ममूटी के लिए तीसरा मानद डॉक्टरेट है। विश्वविद्यालय ने ममूटी को मलयालम, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, हिंदी और अंग्रेजी सहित कई भाषाओं के भारतीय सिनेमा में उनके असीम योगदान




के लिए सम्मानित किया है। ममूटी ने अपने करियर में 400 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया है। आज वह भी फिल्म उद्योग के सबसे मशहूर सितारों में से एक बने हुए हैं।

### ममूटी ने जताया आभार

इस सम्मान को हासिल करने के बाद ममूटी ने सोशल मीडिया के जरिए सभी के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स पर तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा 'आज महात्मा गांधी विश्वविद्यालय से केरल के माननीय राज्यपाल की तरफ से 'मानद डी.लिट.' प्राप्त करके मैं फख्र महसूस कर रहा हूं। आप सभी का हृदय से आभार, जिन्होंने इस यादगार सफर में हर कदम पर मेरा साथ दिया।'



एक विशेष सवारी के साथ

# वामीका ने 'भूल चूक माफ' के 1 साल पूरे होने का मनाया जश्न

**अभिनेत्री** वामिका गब्बी ने अपनी फैंटेसी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'भूल चूक माफ' की रिलीज के एक साल पूरे होने का जश्न ई-रिक्शा की विशेष सवारी के साथ मनाया। इस खास मौके को यादगार बनाने के लिए वामिका ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो क्लिप अपलोड की, जिसमें वह दुल्हन के लिबास में सजी हुई एक कार में यात्रा करती हुई दिखाई दे रही हैं और रास्ते में सभी को बता रही हैं कि आज उनकी शादी का दिन है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'एक साल पहले आप सब ने हमारी शादी में शामिल होके हमको इतना प्यार दिया! उसके लिए शुक्रिया! कुछ भूल चूक होगी हो तो माफ कर दीजिएगा। करण शर्मा के निर्देशन में बनी 'भूल चूक माफ' को दिनेश विजान ने मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले और अमेजन एमजीएम स्टूडियोज के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया है। नाटक के प्राथमिक कलाकारों में वामीका, राजकुमार राव और सीमा पाहवा शामिल हैं, जबकि संजय मिश्रा, जाकिर हुसैन, रघुबीर यादव, इश्तियाक खान, पूर्णिमा शर्मा, अनुभा फतेहपुरिया और विनीत कुमार सहायक कलाकार के रूप में हैं। 'भूल चूक माफ' 23 मई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और इसे मिली-जुली समीक्षाएं मिलीं। यह प्रोजेक्ट बनारस के एक छोटे शहर के लड़के रंजन (राजकुमार द्वारा अभिनीत) की कहानी बताता है, जिसे अपनी प्रेमिका तितली (वामिका द्वारा अभिनीत) से शादी करने के लिए सरकारी नौकरी मिल जाती है। हालांकि, वह भगवान शिव से किया एक महत्वपूर्ण वचन भूल जाता है, जिसके कारण वह समय के एक चक्र में फंस जाता है। अब तकनीकी टीम की बात करें तो, इस ड्रामा की सिनेमैटोग्राफी सुदीप चटर्जी ने की है, जबकि संपादन का जिम्मा मनीष प्रधान के पास है।

## मसौढ़ी में पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़, जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश घायल

एजेंसी



**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के मसौढ़ी थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह पुलिस और अपराधियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक कुख्यात अपराधी पुलिस की जवाबी कार्रवाई में घायल हो गया, जबकि उसके एक साथी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों अपराधियों पर डकैती, लूट और आर्म्स एक्ट के 20 से अधिक गंभीर मामले दर्ज बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार दोनों कई राज्यों में वांछित थे और बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी में थे। पटना नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) परिचय कुमार ने बताया कि मसौढ़ी थाना पुलिस को बुधवार सुबह गुप्त सूचना मिली थी कि दो अपराधी थाना क्षेत्र में स्थित एक सोना-चांदी की दुकान में लूट की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) की निगरानी में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने अपराधियों की लोकेशन मिलने के बाद इलाके में छापेमारी शुरू की। इसी दौरान अपराधियों ने पुलिस बल को देखते ही अचानक फायरिंग शुरू कर दी। अपराधियों की ओर से चलाई गई एक गोली पुलिस वाहन में जा लगी। इसके बाद पुलिस ने संयम और सतर्कता के साथ आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ के दौरान एक अपराधी अजय पासवान के पैर में गोली लग गई, जबकि उसके साथी अजय यादव को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया। घायल अपराधी को पुलिस अभिरक्षा में तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक पिस्टल, एक देसी कट्टा, चार जिंदा कारतूस और दो खोखा बरामद किए हैं। बरामद हथियारों और अन्य सामानों को जब्त कर आगे की जांच की जा रही है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि दोनों अपराधी 13 मई 2026 को गोपालपुर थाना क्षेत्र में सीएमएस कंपनी की कैश वैन से हथियार के बल पर हुई लूट की घटना में भी शामिल थे। उस मामले का पुलिस ने 36 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए कई अपराधियों को गिरफ्तार किया था और अब पकड़े गए दोनों बदमाशों की संलिप्तता भी उस कांड में पाई गई है। पुलिस का कहना है कि दोनों अपराधियों के आपराधिक नेटवर्क और अन्य साथियों के बारे में पूछताछ की जा रही है। साथ ही यह पता लगाया जा रहा है कि वे राज्य में और किन-किन वारदातों में शामिल रहे हैं।

## चलती ट्रेन से 652 बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद, कोच अटेंडेंट गिरफ्तार

एजेंसी




**किशनगंज।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के किशनगंज-कटिहार रेलखंड पर चलती ट्रेन से प्रतिबंधित कफ सिरप की बड़ी खेप बरामद होने से हड़कंप मच गया। संयुक्त कार्रवाई में आरपीएफ, सीआईबी टीम और डॉग स्क्वाड ने 652 बोतल एस्कुफ कफ सिरप जब्त किया है। मामले में ट्रेन के एक कोच अटेंडेंट को गिरफ्तार किया गया है। बरामद कफ सिरप की अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 29 हजार 96 रुपये बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर सीआईबी/किशनगंज टीम ने डॉग स्क्वाड के साथ ट्रेन संख्या 14620 त्रिपुरा सुंदरी एक्सप्रेस अप में विशेष जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान ट्रेन के ए-1 कोच संख्या एनआर-191093/सी में तैनात कोच परिचारक के लॉकर बॉक्स की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वहां से सात बैग बरामद हुए। जब बैगों की जांच की गई तो उसमें 100-100 मिलीलीटर की कुल 652 बोतल एस्कुफ कफ सिरप मिली। प्रतिबंधित कफ सिरप की इतनी बड़ी खेप मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां भी सतर्क हो गईं। मौके पर ही कोच परिचारक मेहर सिंह को हिरासत में ले लिया गया। गिरफ्तार आरोपी पंजाब के फिरोजपुर जिले का रहने वाला बताया गया है। वह प्राइमरी क्लीनिंग सर्विस, लखनऊ के अधीन कोच अटेंडेंट के रूप में कार्यरत था।

### संक्षिप्त समाचार

#### शहर की मूलभूत समस्याओं को लेकर डॉ. प्रीति शेखर ने नगर आयुक्त से की मुलाकात

**भागलपुर।** भागलपुर शहर की मुलभूत समस्याओं को लेकर भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता डॉ प्रीति शेखर ने बुधवार को नगर आयुक्त से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने शहर की समस्याओं से नगर आयुक्त को अवगत कराया। डॉ प्रीति शेखर ने कहा कि सैंडिस कंपाउण्ड के प्रवेश शुल्क का समय सीमा को शाम 4:00 बजे से बढ़ाकर शाम 6:00 बजे तक कर दिया गया है। जिससे आमजनों, बुजुर्गों, विद्यार्थियों एवं खिलाडियों में अत्यधिक रोष है। इसलिए समय पूर्व की भाँति प्रात: 9:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक ही रखा जाए ताकि आमजनों को राहत हो। उन्होंने कहा कि नगर निगम की जागरूकता से शहर के व्यापारीगण ट्रेड लाइसेंस बनवा रहे हैं। परंतु मध्यमवर्गीय व्यवसायियों को पूर्व में 8-10 वर्षों का नवीकरण शुल्क बकाया है। उन्हें एकमुश्त जमा करने में परेशानी आ रही है। अत: पिछले 8-10 वर्षों के नवीकरण शुल्क को 50 माफ किया जाए ताकि व्यापारियों को राहत मिले और तेजी से निगम की आय बढ़ सके।

#### 62वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने प्रथम प्रधानमंत्री पंडित नेहरू को दी श्रद्धांजलि

**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आज देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 62 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के अध्यक्षता में कांग्रेसजनों ने माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया। पुष्पांजलि अर्पित करने के उपरांत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने पंडित नेहरू के योगदान को याद करते हुए कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू का जीवन ही वैश्विक आदर्श है। सामाजिक न्याय व वैज्ञानिक दृष्टिकोण आधारित दूरदर्शी नेतृत्व के प्रतीक के रूप में पंडित नेहरू को याद करते हुए उन्होंने कहा कि आधुनिक भारत की जिस मजबूत नींव को स्थापित किया और एक समावेशी, सौहार्दपूर्ण व प्रगतिशील भारत के निर्माण के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया वो हम सब के लिए प्रेरणादायक है। स्वतंत्रता, लोकतांत्रिक सिद्धांतों, संवैधानिक अधिकारों, सामाजिक न्याय और वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आधारित नेहरू का दूरदर्शी नेतृत्व हमेशा देश को उन्नति के मार्ग पर प्रशस्त करता है।

## मुख्यमंत्री ने किया बिरसा लिब्स इन न्यू भारत कार्यक्रम का शुभारंभ, कहा -

# ज्ञानार्जन से ही संभव है धनार्जन

एजेंसी



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को पटना स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद सभागार में जनजातीय गरिमा उत्सव-2026 के अंतर्गत आयोजित ह्यबिरसा लिब्स इन न्यू भारत थीम पर आधारित कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना के लाभुक छात्र-छात्राओं से संवाद किया और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यक्रमों की जानकारी दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत और समृद्ध बिहार की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ अपने आप में ऐतिहासिक पहल है, जो समाज के वंचित तबकों को शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

मुख्यमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा को आदिवासी समाज का महानायक बताते हुए कहा कि देश इस वर्ष उनकी 150वीं जयंती मना रहा है। इसकी शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले वर्ष 15 नवंबर को की थी। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने देश की आजादी और आदिवासी समाज के अधिकारों की लड़ाई में ऐतिहासिक योगदान दिया था। उनके आदर्श आज भी समाज को प्रेरित कर रहे हैं।

सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार और झारखंड के विभाजन के बाद बिहार में हरित आवरण काफी कम होकर मात्र 8 से 9 प्रतिशत रह गया था, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार ने वन क्षेत्र बढ़ाने के लिए व्यापक अभियान चलाया। इसके परिणामस्वरूप अब बिहार का वन क्षेत्र बढ़कर लगभग 15 प्रतिशत हो गया है और सरकार का लक्ष्य इसे 17 प्रतिशत तक पहुंचाने का है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा राज्य में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की स्थापना की गई है, जहां बिहार बोर्ड के साथ-साथ सीबीएसई पाठ्यक्रम के आधार पर पढ़ाई कराई जाएगी। इससे अनुसूचित जनजाति समाज के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी और वे राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पधाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत लगभग एक लाख चार हजार अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्र-छात्राओं को लाभ दिया गया है। इनमें 4,155 अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थी शामिल हैं। वहीं प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत इस वर्ष 20 लाख 46 हजार छात्र-छात्राओं को सहायता दी गई है, जिनमें 1 लाख 41 हजार अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थी हैं।

उन्होंने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में भी आदिवासी समाज की बड़ी आबादी (लगभग 20 हजार) निवास करती है और सरकार उनके सामाजिक एवं शैक्षणिक उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। प्रत्येक प्रखंड में मॉडल स्कूल खोले जा रहे हैं तथा जुलाई महीने से नए डिग्री कॉलेजों की शुरूआत की जाएगी, ताकि ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए दूर नहीं जाना पड़े।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए शिक्षा सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने कहा कि ज्ञानार्जन से ही धनार्जन संभव है और जीवन में सफलता पाने के लिए शिक्षा अत्यंत आवश्यक है।

### आंधी का कहर, बिजली के पोल से दबकर महिला की मौत



**भागलपुर।** जिले के गोराडीह थाना क्षेत्र के भोजपुर गांव में आंधी और बारिश के कारण बिजली का पोल के गिरने से एक महिला की मौत हो गई। मृतका रंजू देवी (45 वर्ष) पति पुजारी मंडल भोजपुर गांव की ही रहने वाली थी। बताया जा रहा है कि बीते देर रात आंधी और बारिश के समय रंजू देवी अपने झोपड़ीनुमा घर में सोई हुई थी। इसी वक्त तेज आंधी और बारिश के कारण झोपड़ी के समीप का पोल उसके घर पर जा गिरा। पोल से दबाकर उसके मौत हो गई। उधर घटना के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे फिर घटना की सूचना गोराडीह पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही गोराडीह पुलिस बुधवार तड़के सुबह मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### पचरुखी में अपराधियों ने विदेश से लौटे युवक की गोली मारकर हत्या



**सीवान।** बिहार में सीवान जिले के पचरुखी थाना क्षेत्र के जसौली नया टोला गांव में मंगलवार की देर शाम अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और गांव में मातम पसर गया। मृतक की पहचान जसौली पकौली नया टोला निवासी सुभाष सिंह के पुत्र गुड्डू कुमार सिंह के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मंगलवार की शाम करीब सात बजे गुड्डू कुमार सिंह बाइक से बाजार घूमने निकला था। कुछ देर बाद परिजनों को सूचना मिली कि वह घर से महज 300 मीटर की दूरी पर गंभीर रूप से जख्मी हालत में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर रवाना हुए, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों के अनुसार गुड्डू कुमार सिंह विदेश में काम करता था और करीब एक माह पहले ही घर लौटा था। ऐसे में अचानक हुई इस वारदात से गांव के लोग भी स्तब्ध हैं। हालांकि हत्या के पीछे की वजह क्या है, इस बारे में परिजन फिलहाल कुछ भी बताने से बच रहे हैं। चर्चा है कि युवक की प्रेम प्रसंग में हत्या हुई है। इधर सूचना मिलते ही नगर इंस्पेक्टर अविनाश कुमार सदर अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया तथा घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर अपराधियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

### हत्या के प्रयास मामले का फरार कुर्की वारंटी गिरफ्तार

**किशनगंज।** कोचाधामन थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे कुर्की वारंटी अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान भवानीगंज गांव निवासी जबुना ऋषि के रूप में हुई है। वह स्वर्गीय नागेश्वर ऋषि का पुत्र बताया गया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए आरोपी को बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, जिले में फरार अभियुक्तों और वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत कोचाधामन थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे जबुना ऋषि को दबोच लिया। बताया गया कि आरोपी लंबे समय से पुलिस को चकमा देकर फरार था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी के खिलाफ न्यायालय द्वारा पहले ही कुर्की वारंट जारी किया जा चुका था। इसके बावजूद वह लगातार गिरफ्तारी से बचने की कोशिश कर रहा था। पुलिस टीम उसकी गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि आरोपी अपने गांव के आसपास देखा गया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को थाना लाया गया, जहां उससे मामले को लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के बाद आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में फरार अपराधियों, वारंटियों और कुर्की वारंट वाले आरोपियों के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा। कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए ऐसे अभियानों को और तेज किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है। लोगों का कहना है कि अपराधियों की गिरफ्तारी से क्षेत्र में कानून व्यवस्था बेहतर होगी और आम लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी।

## सीवान में बंदरों को आम खिलाना पड़ा भारी, नई दीवार गिरी, तीन सगे भाई-बहन गंभीर घायल

एजेंसी

**सीवान।** सीवान जिले के बड़हरिया थाना क्षेत्र के लकड़ी दरगाह गांव में बुधवार को एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। घर के बाहर खेल रहे तीन मासूम भाई-बहन उस वक्त गंभीर रूप से घायल हो गए, जब बंदरों के झुंड के दबाव से हाल ही में बनी नई दीवार अचानक भरभराकर गिर पड़ी। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। घायल बच्चों की पहचान हरेराम साह के पुत्र सन्नी कुमार, रोहित कुमार तथा पुत्री राधा कुमारी के रूप में हुई है। तीनों को आनन-फानन में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में इलाज जारी है। परिजनों के अनुसार गांव में इन दिनों बंदरों का आतंक बढ़ गया है। बुधवार को भी बड़ी संख्या में बंदर गांव में पहुंचे थे। बच्चे घर के पास बंदरों को आम खिला रहे थे। इसी दौरान हाल ही में बनाई गई करीब पांच इंच मोटी नई दीवार पर कई बंदर एक साथ बैठ गए और वहीं आम खाने लगे। बंदरों के अधिक वजन और दबाव के कारण दीवार अचानक ढह गई।

## इबोला संक्रमण को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, सदर अस्पताल में 10 बेड का आइसोलेशन वार्ड तैयार

एजेंसी




**किशनगंज।** विश्व के विभिन्न देशों में इबोला संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए किशनगंज जिला स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। केंद्र सरकार और राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार की ओर से जारी स्वास्थ्य सलाह के बाद जिले में निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किया गया है।संभावित संक्रमण से निपटने के लिए सदर अस्पताल में 10 शैय्याओं का विशेष पृथकवास केंद्र तैयार किया गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो और युगांडा में इबोला संक्रमण के मामलों में वृद्धि की जानकारी दिए जाने के बाद भारत सरकार ने सभी राज्यों और जिलों को सतर्क रहने का निर्देश जारी किया है। इसी के तहत किशनगंज में भी स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी तेज कर दी है। सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने बताया कि इबोला जैसी गंभीर संक्रामक बीमारी से निपटने के लिए सदर अस्पताल में विशेष आइसोलेशन वार्ड बनाया गया है। यहां संदिग्ध मरीजों को अलग रखकर चिकित्सकीय निगरानी और उपचार की व्यवस्था की जाएगी।

## बिजली आपूर्ति को लेकर की डीएम ने की ऑनलाइन मीटिंग, 4 घंटे में बिजली चालू करने का दिया गया अल्टीमेटम

एजेंसी



**भागलपुर।** बीते 25 मई के देर रात्रि में आए चक्रवात तथा पुनः 26 मई के रात्रि में आई तेज बारिश और आंधी में बाधित हुए बिजली आपूर्ति को लेकर जिलाधिकारी ने बुधवार को बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता, भागलपुर के तीनों डिवीजन के कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता, नगर आयुक्त भागलपुर नगर निगम, तीनों अनुमंडल पदाधिकारी तथा संबंधित पदाधिकारी के साथ ऑनलाइन बैठक की। बैठक में उन्होंने बारी-बारी से भागलपुर कहलगांव एवं नवगछिया के कार्यपालक अभियंता विद्युत से बिजली की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। बताया गया कि अलीगंज फीडर में युद्ध स्तर पर काम चल रहा है। सबौर के लोदीपुर में भी तीन पोल और गाड़ना बाकी है, नाथनगर क्षेत्र में बिजली के तार पर ताड़ के पेड़ गिर गया है, जिसे रिस्टोर किया जा रहा है। नवगछिया के शहरी क्षेत्र में बिजली चालू है। गोपालपुर के कुछ इलाके तथा बिहपुर और खरीक में फीडर में तथा बिजली के पोल की समस्या है। मुंगेर और कटिहार से भी टीम आ रही है। मिरजान हाट में भी युद्ध स्तर पर काम चल रहा है। बीजीपी वन फिडर का कंडक्टर गिर गया है, जो 2 घंटे में ठीक हो जाएगा। बैठक में बताया गया कि बीते देर रात्रि तक कई जगह बिजली रिस्टोर का काम पूरा कर दिया गया था। लेकिन पुनः रात्रि में तेज आंधी और बारिश के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित हुई है। संबंधित क्षेत्र में युद्ध स्तर पर काम चल रहा है। डीएम ने अल्टीमेटम देते हुए 4 घंटे के अंदर संपूर्ण भागलपुर में बिजली आपूर्ति सुचारु कर देने का निर्देश अधीक्षण अभियंता को दिया है। उन्होंने कहा है कि अगर टीम बढ़ानी पड़े तो समीप के जिले से टीम मंगवाया जाए। लेकिन किसी भी हाल में दिन के 1.00 बजे तक सभी इलाकों में बिजली आ जानी चाहिए।

## शाही स्नान में तीन लाख साधु संतों ने आस्था की डुबकी लगाई

एजेंसी



**नालंदा।** जिले के राजकीय राजगीर मलमास मेला में बुधवार को शाही स्नान के दौरान 3 लाख साधु संतों ने आस्था की डुबकी लगाई। शाही स्नान को लेकर नियंत्रण कक्ष से संपूर्ण मेला क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, श्रद्धालुओं के आवागमन तथा विधि-व्यवस्था की लगातार निगरानी की जा रही है। संपूर्ण मेला क्षेत्र में स्थापित सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से नियंत्रण कक्ष से हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है, ताकि सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह सुदृढ़ और प्रभावी बनी रहे। राजकीय राजगीर मलमास मेला बिहार ही नहीं बल्कि देशभर के श्रद्धालुओं की आस्था का महत्वपूर्ण केंद्र है। धार्मिक मान्यता के अनुसार मलमास अवधि में राजगीर स्थित विभिन्न कुंडों एवं सरोवरों में स्नान करने का विशेष महत्व माना जाता है। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मेला क्षेत्र में आधुनिक तकनीक की सहायता से चौबीसों घंटे निगरानी की जा रही है। इसके लिए एक अत्याधुनिक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जहां से संपूर्ण मेला क्षेत्र में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है। किसी भी प्रकार की असामान्य स्थिति उत्पन्न होने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए नियंत्रण कक्ष में प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने जानकारी देते हुए कहा कि शाही स्नान के दौरान भीड़ प्रबंधन एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक रूप से पुलिस बल की चाक चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित की गई है । चप्पे-चप्पे मेला क्षेत्र के प्रमुख प्रवेश एवं निकास द्वारों, स्नान घाटों, मंदिर परिसरों, पार्किंग स्थलों तथा संवेदनशील स्थानों पर पुलिस पदाधिकारी एवं जवान लगातार निगरानी कर रहे हैं।

## सुपौल नगर परिषद की सशक्त स्थायी समिति का गठन

एजेंसी



**सुपौल।** सुपौल नगर परिषद में सशक्त स्थायी समिति के गठन को लेकर बुधवार को अनुमंडल कार्यालय परिसर में चुनाव प्रक्रिया पूरी की गई। पूरे चुनाव के दौरान शांतिपूर्ण माहौल देखने को मिला और सभी वार्ड पार्षदों की सहमति से समिति के तीन सदस्यों का निर्विरोध चयन किया गया। चुनाव प्रक्रिया एसडीओ की मौजूदगी में संपन्न हुई, जिसमें मुख्य पार्षद राघवेंद्र झा समेत नगर परिषद के सभी 28 वार्ड पार्षद शामिल रहे। सर्वसम्मति से गगन ठाकुर, मनीष कुमार उर्फ मन मन सिंह और शिवजी कामत को समिति का सदस्य चुना गया।निर्वाचन के बाद अधिकारियों ने सभी निर्वाचित सदस्यों को प्रमाण पत्र सौंपा। चुनाव के दौरान किसी तरह का विवाद सामने नहीं आया, जिससे नगर परिषद में आपसी तालमेल और एकजुटता की तस्वीर देखने को मिली। मुख्य पार्षद राघवेंद्र झा ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों ने मिलकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में चुनाव संपन्न कराया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई समिति नगर परिषद क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने में अहम भूमिका निभाएगी। वहीं, निर्वाचित सदस्य गगन ठाकुर ने सभी पार्षदों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि सर्वसम्मति से मिला समर्थन बड़ी जिम्मेदारी है।

संक्षिप्त



## नोएडा पुलिस का बड़ा ऐक्शन, 36000 गाड़ियों के चालान, बिना नंबर प्लेट के दौड़ते मिले 309 ट्रक

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा पुलिस ने जिले के तीनों जोन में ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया। 21 से 24 मई तक चले इस विशेष अभियान में अवैध पार्किंग, बिना नंबर प्लेट के डंपर, ओवरलोडिंग, डग्गामार वाहन, स्टंटबाजी, ओवरस्पीडिंग और नशे में वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की गई। अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा मजबूत करना और यातायात व्यवस्था को अनुशासित बनाना था।

पुलिस ने इस दौरान 36 हजार से अधिक वाहनों के खिलाफ चालान करते हुए 145 वाहनों को सीज किया। नोएडा जोन में पुलिस ने सबसे अधिक अवैध पार्किंग पर कार्रवाई की। यहां 3001 अवैध रूप से पार्क किए गए वाहनों का चालान किया गया। इसके अलावा 114 बिना नंबर प्लेट और ओवरलोडिंग डम्पर, 72 डग्गामार वाहन, 120 स्टंटबाजी करने वाले वाहन, पांच बिना फिटनेस की स्कूल बसें, 244 ओवरस्पीड वाहन और 197 नशे में वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई हुई। अन्य श्रेणी में 4249 वाहनों के चालान किए गए और 40 वाहन सीज किए गए। सेंट्रल नोएडा जोन में 836 अवैध पार्किंग, 107 ओवरलोडिंग और बिना नंबर प्लेट डम्पर, 26 डग्गामार वाहन, 16 स्टंटबाज वाहन और आठ बिना फिटनेस स्कूल बसों पर कार्रवाई की गई। यहां 284 ओवरस्पीड वाहन और 379 नशे में वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ भी चालान किए गए। कुल 10 वाहनों को सीज किया गया।

## कोलकाता ही नहीं, केरल से भी घुसपैठियों का पलायन, हकीमपुर बॉर्डर पर भारी भीड़

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में सरकार की सख्ती और 'डिटेंशन कैंप' के खौफ से अवैध घुसपैठियों में भारी दहशत है, जिसके चलते केवल कोलकाता ही नहीं बल्कि केरल से भी विदेशी मजदूर हकीमपुर बॉर्डर होते हुए वापस बांग्लादेश लौट रहे हैं। भारत के लिए यह आंतरिक सुरक्षा के मोर्चे पर एक बड़ी राहत की खबर है, क्योंकि इस 'रिवर्स माइग्रेशन' से न सिर्फ देश के रोजगार और संसाधनों पर अवैध कब्जा घटेगा, बल्कि सीमावर्ती इलाकों में लंबे समय से जारी जनसांख्यिकीय असंतुलन का खतरा भी कम होगा। पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन और नई सरकार की 'डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट' नीति लागू होने के बाद, अवैध प्रवासियों में भारी खौफ है। इसके चलते उत्तर 24 परगना के हकीमपुर चेकपोस्ट से बड़ी संख्या में बांग्लादेशी अपने देश वापस लौट रहे हैं। चिलचिलाती धूप के बीच खुले मैदान में करीब 300 पुरुष, महिलाएं और बच्चे अपने सामान के साथ बैठे हैं और किसी भी तरह सीमा पार करने की राह देख रहे हैं। हाल ही में बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने अवैध घुसपैठियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए प्रशासन को सख्त निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार अब बिना किसी अदालती कार्रवाई के ऐसे लोगों को सीधे बीएसएफ को सौंप रही है। 'जल्दी-जल्दी भागो, नहीं तो जो करना है सरकार करेगी। हम घुसपैठियों को जेल में रखकर उनके खाने और दवाइयों पर जनता का पैसा क्यों बर्बाद करें? वे हमारे दामाद नहीं हैं।' - शुभेंदु अधिकारी, मुख्यमंत्री (पश्चिम बंगाल) राज्य में हाल ही में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन अभियान पूरा हुआ है।

# होर्मुज में अमेरिकी हमले से बढ़ा तनाव, ईरान ने दी इजरायल को मिटाने की बड़ी धमकी

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान और अमेरिका के बीच चल रही शांति वार्ता के बीच हालात फिर से बहुत ज्यादा विस्फोटक और तनावपूर्ण हो गए हैं। अमेरिका ने होर्मुज और बंदरअब्बास इलाके में ईरानी नौसेना की नावों और मिसाइल ठिकानों को अपना सीधा निशाना बनाया है। अमेरिकी हमले के बाद ईरान के सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई ने बेहद आक्रामक बयान देते हुए अपनी गंभीर चेतावनी दी है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि इस नए हमले के बाद इजरायल का दुनिया के नक्शे से मिटना अब पूरी तरह से तय है।

ईरान की इस खतरनाक धमकी को वेस्ट एशिया में संभावित बड़े सैन्य टकराव की एक बहुत ही गंभीर चेतावनी माना जा रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस भयंकर हमले के कुछ घंटे पहले ही ईरान के साथ शांति की उम्मीद जताई थी। लेकिन अचानक हुए इस बड़े हमले ने पूरी दुनिया को एक नए और भयानक महायुद्ध की गहरी चिंता में डाल दिया है। ईरान ने दावा किया है कि उसने अमेरिका को करारा जवाब देकर उसका खतरनाक मकसद पूरी तरह से नाकाम कर दिया है।



### अमेरिकी सेना का स्पष्टीकरण

अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक होर्मुज में बारूदी सुरंगें बिछाने से अंतरराष्ट्रीय जहाजों को बहुत ज्यादा और सीधा खतरा हो सकता था। इसी गंभीर खतरे को तुरंत रोकने के लिए अमेरिकी नौसेना ने यह कड़ा और बहुत ही अहम सैन्य कदम उठाया है। सेना ने स्पष्ट कहा कि युद्धविराम के दौरान भी अमेरिकी सैनिकों की सुरक्षा उनके लिए सर्वोच्च प्राथमिकता हमेशा रहेगी।

अमेरिकी हमले के बाद ईरान ने इसे युद्धविराम का सीधा उल्लंघन बताया है और बहुत कड़ी जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी है। ईरानी सेना ने दावा किया कि उसने फारस की खाड़ी में घुसपैठ करने वाले एक अमेरिकी ड्रोन को मार गिराया है। ईरान का एयर डिफेंस सिस्टम पूरी तरह से सक्रिय है और वह अमेरिका के एमक्यू 9 रीपर ड्रोन पर बड़ी कार्रवाई कर चुका है।

### अमेरिकी जहाजों पर फायरिंग

ईरान ने यह भी बड़ा दावा किया है कि उसने अमेरिका के निगरानी ड्रोन और स्टील्थ फाइटर जेट पर भी लगातार फायरिंग की है। इस भारी फायरिंग के बाद अमेरिकी विमानों को अपनी जान बचाकर पीछे हटने के लिए पूरी तरह से मजबूर होना पड़ा है। ईरान ने साफ कहा है कि यदि अमेरिका ने फिर हमला किया तो इस बार उनका जवाब पहले से बहुत ज्यादा गंभीर होगा।

ब्रिगेडियर जनरल अबोलफजल शेखरची ने कहा कि हमने अपने सभी जरूरी टारगेट तय कर लिए हैं और हम युद्ध के लिए तैयार हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ईरान को तेल निर्यात से रोका गया तो पूरे क्षेत्र से तेल सप्लाई हमेशा के लिए रुक जाएगी। ईरान ने यह भी दोहराया कि रणनीतिक होर्मुज स्ट्रेट पर केवल उसी का नियंत्रण हमेशा के लिए पूरी तरह से बना रहेगा।

## कर्नाटक में भी बिहार वाला फॉर्मूला! नीतीश की तरह सिद्धारमैया को राज्यसभा का ऑफर, बेटे को सरकार में जिम्मेदारी



**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक में सियासी उथल-पुथल पर विराम लगता नजर आ रहा है। खबर है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया 28 मई यानी गुरुवार को पद से इस्तीफा दे सकते हैं। इससे पहले आज दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के साथ सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार की बैठक हुई थी। अब कहा जा रहा है कि सिद्धारमैया 28 मई को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देंगे। वह इससे पहले बुधवार को बेंगलुरु में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को भी संबोधित करेंगे। राजनीतिक के जानकारों को कहना है कि कर्नाटक में भी बिहार जैसा सियासी फार्मूला बनाया जा रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को नीतीश कुमार की ही तरह राज्यसभा भेजा जा सकता है। वहीं, बिहार के उप मुख्यमंत्री रहे सम्राट चौधरी की तरह कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा।

**कर्नाटक में दिखेगा बिहार वाला फॉर्मूला?:** सूत्रों ने यह भी बताया कि जैसे बिहार में नीतीश खुमार के बेटे को मंत्री बनाया गया, उसी तरह से सिद्धारमैया के बेटे यतींद्र के लिए कैबिनेट में एक पद सुरक्षित किया जा सकता है या डिप्टी सीएम बनाया जा सकता है। अगर यह व्यवस्था लागू होती है, तो यह बिल्कुल वैसी ही होगी जैसी कुछ हफ्ते पहले बिहार में हुई थी। गौरतलब है कि नीतीश कुमार ने हाल ही में बिहार के मुख्यमंत्री का पद छोड़ा और राज्यसभा चले गए, उनकी जगह उनके डिप्टी सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री का पद संभाला। इसके अलावा, नीतीश के बेटे निशांत कुमार ने पटना में बिहार के नए स्वास्थ्य मंत्री के तौर पर कार्यभार संभाला।

**इस्तीफे की तैयारी में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया:** इंडिया टूडे के रिपोर्ट के मुताबिक, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया सीएम पद से इस्तीफा देने की तैयारी में हैं। हालांकि, अब तक राज्यसभा को लेकर सिद्धारमैया की सहमति नहीं मानी जा रही है। इस समय सिद्धारमैया अपने करीबी मंत्रियों के साथ अहम बैठक कर रहे हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि सिद्धारमैया से मुख्यमंत्री पद छोड़ने के लिए कहा गया था। कांग्रेस हाईकमान ने उनको सीएम पद के बदले राज्यसभा भेजने की बात कही और दिल्ली में बड़ी जिम्मेदारी देने का आश्वासन भी दिया गया। वहीं अब डीके शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाने की बात निकलकर सामने आ रही है।

## असम कांग्रेस विधायक दल में बड़ा बदलाव! पार्टी नेतृत्व को मिला नया चेहरा, जानें कौन है वाजेद अली चौधरी



**गुवाहटी, एजेंसी।** कांग्रेस पार्टी ने असम में अपना वर्चस्व बनाए रखने के लिए पार्टी में बड़ा फेरबदल किया है। असम विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल को नया नेतृत्व मिला है। कांग्रेस ने असम विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) के नेता और उपनेता की नियुक्ति का ऐलान कर दिया है। इस फैसले को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाएगा। इस बदलाव से असम में कांग्रेस विधायक दल का नया रूप देखने मिलेगा।

कांग्रेस पार्टी के महासचिव के. सी. वेणुगोपाल ने प्रेस रिलीज जारी कर इस बात की जानकारी दी। जानकारी के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष ने इन नियुक्तियों को तत्काल प्रभाव से लागू करने की मंजूरी दे दी गई है। पार्टी ने वरिष्ठ नेता वाजेद अली चौधरी को असम विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल का नेता नियुक्त किया है। तो वहीं विधायक दल के उपनेता के लिए जॉय प्रकाश दास का चयन किया गया है।

कांग्रेस पार्टी के महासचिव के. सी. वेणुगोपाल ने दी जानकारी

कांग्रेस पार्टी ने असम विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता के रूप में वाजेद अली चौधरी और उप-नेता के रूप में डॉ. जय प्रकाश दास को नियुक्त किया है।

**कौन है वाजेद अली चौधरी?:** आपको जानकारी दें, कि वाजेद अली चौधरी असम की राजनीति में कांग्रेस के एक वरिष्ठ और प्रभावशाली नेता माने जाते हैं। वाजेद अली चौधरी लंबे समय से सामाजिक कार्य और राजनीति में सक्रिय रहे है। देखा जाए तो पेशे से वे एक स्थापित व्यवसायी भी हैं। पार्टी संगठन और विधानसभा के भीतर उनके अनुभव और पार्टी में उनके योगदान को देखते हुए कांग्रेस ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है।

**कौन है उपनेता डॉ. जॉय प्रकाश दास?:** तो वहीं, डॉ. जॉय प्रकाश दास की बात की जाए तो असम के नवबोइचा (एससी) विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक हैं। वे शिक्षा के क्षेत्र में भी मजबूत पृष्ठभूमि रखते हैं। उन्होंने जोरहाट स्थित असम कृषि विश्वविद्यालय से पीएचडी की डिग्री हासिल की है। कांग्रेस पार्टी नेतृत्व को उम्मीद है कि उनका अनुभव और शैक्षणिक पृष्ठभूमि संगठन को मजबूत करने में मदद करेगी।

कांग्रेस की ओर से यह नियुक्तियां ऐसे समय में की गई हैं जब पार्टी असम में अपने संगठन और राजनीतिक पकड़ को मजबूत करने की कोशिश में जुटी हुई है। नए नेतृत्व के जरिए कांग्रेस असम विधानसभा के भीतर विपक्ष की भूमिका को और प्रभावी बनाने की तैयारी में दिखाई दे रही है।

## 'यूपी में सपा सरकार बनते ही केंद्र से गिर जाएगी मोदी सरकार', अखिलेश यादव ने कर दिया बड़ा

**लखनउ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 से पहले समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि यूपी में हमारी सरकार बनते ही केंद्र में बीजेपी की सरकार गिर जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार झूठे एनकाउंटर की तरह अर्थव्यवस्था का भी झूठा प्रचार कर रही है। डॉलर जितना ऊपर जाएगा, चाय उतनी महंगी होती जाएगी और इसका सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है।

मंगलवार को मीडिया से बातचीत में अखिलेश ने में कहा कि फर्जी मुठभेड़ की घटनाएं देश की संस्कृति, संविधान और स्वस्थ सामाजिक सोच के लिये एक चुनौती बन गयी हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार मुठभेड़ के बहाने पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) को डरा कर उसका हक मारना चाहती है।

**'यूपी में फर्जी एनकाउंटर करवा रही सरकार':** राज्य की भारतीय जनता पार्टी की



सरकार पर निशाना साधते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि यह सरकार जाति, धर्म देखकर मुठभेड़ करवाती है, जिससे प्रदेश का सामाजिक सौहार्द बिगड़ता है। फर्जी मुठभेड़ इनकी पहचान है। फर्जी मुठभेड़ से भाजपा आम जनता पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाना चाहती है। उन्होंने आगे कहा कि फर्जी मुठभेड़ों के माध्यम से 'मेंटल सॉफ्टवेयर' को 'सेट' किया जाता है लेकिन 'अपडेट या अपग्रेड' नहीं किया जाता बल्कि 'आउटडेटेड और डाउनग्रेडेड' बनाया जाता है और मन-मस्तिष्क में हिंसा को भरा जाता है।

सपा प्रमुख ने कहा कि मुठभेड़ के बहाने हत्या को जायज ठहराया जाता है और आदिम जमाने की उसी रूढ़िवादी मानसिकता को वापस लाया जाता है जो कहती है कि शक्ति ही अधिकार है। उन्होंने कहा कि इसी कारण फर्जी मुठभेड़ लोकतांत्रिक व्यवस्था के विरुद्ध एक बहुत बड़ा षड्यंत्र है जो संविधान में दिए गए न्याय के राज और सामाजिक न्याय को भी सिरे से नकारता है।

**'अपने लोगों को ही डसती है भारतीय जनता पार्टी':** अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के फर्जी मुठभेड़ का एक बेहद निंदनीय पहलू यह भी है कि सरकार इससे अपने समर्थकों को खुश करती है लेकिन साथ ही वह अपने समर्थकों को मानसिक रूप से हिंसक भी बनाती है।

## मुस्लिमों ने बढ़ाई कांग्रेस की चिंता, राज्यसभा चुनाव में एक सीट की कर दी मांग



**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक में आगामी राज्यसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। राज्य के मुस्लिम संगठनों के एक प्रमुख महासंघ ने सत्ताधारी कांग्रेस पार्टी के सामने एक बड़ी मांग रख दी है। फेडरेशन ऑफ स्टेट मुस्लिम ऑर्गेनाइजेशन्स ने मंगलवार को कांग्रेस नेतृत्व से पुरजोर मांग की है कि वह कर्नाटक की चार राज्यसभा सीटों के लिए होने वाले आगामी चुनाव में कम से कम एक सीट मुस्लिम समुदाय के उम्मीदवार को आवंटित करे।

कर्नाटक से राज्यसभा की चार सीटों के लिए आगामी 18 जून को मतदान होना है। राज्य विधानसभा में विधायकों की मौजूदा संख्या के बल पर यह साफ है कि इन चार में से 3 सीटों पर कांग्रेस की जीत तय है, जबकि 1 सीट भाजपा के नेतृत्व वाले राजग के खाते में जाने की पूरी संभावना है। यह चुनाव उन चार मौजूदा सांसदों का कार्यकाल 25 जून को समाप्त होने के कारण हो रहा है, जो रिटायर हो रहे हैं। इनमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व प्रधानमंत्री और जेडीएस नेता एचडी देवेगौड़ा, भाजपा से इरण कडाडी और नारायण कोरा गप्पा शामिल हैं।

मुस्लिम महासंघ ने अपने बयान में कहा है, 'चूंकि कांग्रेस पार्टी आसानी से तीन सीटें जीतने की स्थिति में है, इसलिए हमारी पुरजोर मांग है कि इन जीतने वाली सीटों में से कम से कम एक सीट मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधि को दी जाए।' संगठन ने इस संबंध में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और केपीसीसी अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार से इस मामले में व्यक्तिगत रूप से रुचि लेने का आग्रह किया है।

**मुस्लिम संगठन ने जताई चिंता:** मुस्लिम संगठन ने राज्य से संसद में समुदाय के लगातार घटते प्रतिनिधित्व को लेकर गंभीर चिंता जताई है। आंकड़ों का हवाला देते हुए महासंघ ने कहा कि कर्नाटक से राज्यसभा के कुल 12 मौजूदा सदस्यों में से केवल एक सदस्य मुस्लिम समुदाय से है। अतीत में कर्नाटक से कांग्रेस के टिकट पर कम से कम दो मुस्लिम लोकसभा सांसद चुनकर दिल्ली जाते थे, लेकिन वर्तमान में राज्य से एक भी मुस्लिम लोकसभा सांसद नहीं है।

कांग्रेस द्वारा मुस्लिम उम्मीदवारों को दिए जाने वाले लोकसभा टिकटों की संख्या भी घटकर अब सिर्फ एक रह गई है। महासंघ के अनुसार, 'इन परिस्थितियों के कारण संसद में राज्य के मुस्लिम समुदाय का प्रतिनिधित्व अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है।'

**किस बात की दिलाई याद:** महासंघ ने कांग्रेस नेतृत्व को याद दिलाया कि कर्नाटक में कांग्रेस को प्रचंड बहुमत से सत्ता में लाने में मुस्लिम समुदाय ने बेहद निर्णायक भूमिका निभाई थी।

## वाशिंगटन की पेपर मिल में बड़ा हादसा

### केमिकल टैंक फटने से कई लोगों की मौत

**सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी।** अमेरिका के वाशिंगटन राज्य के लॉन्गव्यू शहर में एक पल्प और पेपर मिल में केमिकल टैंक फटने से कई लोगों की मौत हो गई और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सोशल मीडिया पर जारी एक संयुक्त बयान में निप्पॉन डायनाववे पैकेजिंग कंपनी और स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि टैंक फटने की वजह से कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए और कुछ की जान चली गई। हालांकि, अब तक मरने वालों की सही संख्या नहीं बताई गई है। स्थानीय पुलिस, फायर विभाग और कंपनी अधिकारियों के अनुसार, मंगलवार सुबह निप्पॉन डायनाववे पैकेजिंग फैक्ट्री में व्हाइट लिकर नाम के केमिकल वाला टैंक फट गया। यह केमिकल कागज बनाने की प्रक्रिया में इस्तेमाल होता है।

वाशिंगटन के गवर्नर बॉब फर्ग्यूसन ने सोशल मीडिया पर हादसे में मारे गए लोगों के प्रति दुख जताया और कहा कि राज्य के इकोलॉजी विभाग की टीमों को मौके पर भेजा गया है। उन्होंने कहा, 'मेरी टीम और मैं लॉन्गव्यू में हुए इस बड़े केमिकल



विस्फोट की स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं। हमारे राज्य के इकोलॉजी विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच चुके हैं। यह सुनकर बहुत दुख हुआ कि इस हादसे में लोगों की जान गई है। मेरी संवेदनाएं कर्मचारियों, उनके परिवारों और राहत-बचाव में लगे लोगों के साथ हैं।'

लॉन्गव्यू फायर डिपार्टमेंट ने बताया कि वह निप्पॉन डायनाववे फैक्ट्री में हुए खतरनाक केमिकल हादसे पर काम कर रहा है। केमिकल ट्रीटमेंट वाले बड़े टैंक के फटने से कई लोग झुलस गए और घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल भेजा गया।

अधिकारियों ने कहा कि फिलहाल आम लोगों के लिए कोई खतरा नहीं है, लेकिन एहतियात के तौर पर लोगों से इलाके से दूर रहने को कहा गया है, ताकि राहत और बचाव का काम आसानी से चल सके। यह फैक्ट्री वाशिंगटन और ओरेगन की सीमा के पास कोलंबिया नदी के किनारे स्थित है। वाशिंगटन स्टेट डिपार्टमेंट ऑफ इकोलॉजी के अनुसार, यहां क्राफ्ट पल्प और पेपर मिल के साथ-साथ लिक्विड पैकेजिंग प्लांट भी है। फिलहाल हादसे की वजह की जांच की जा रही है।

**आखिर कैसे हुआ इतना बड़ा हादसा?**

यह हादसा लॉन्गव्यू इलाके में स्थित निप्पॉन डायनावेव पैकेजिंग कंपनी की मिल में हुआ। कंपनी और स्थानीय प्रशासन ने संयुक्त बयान में बताया कि एक बड़े केमिकल टैंक में अचानक विस्फोट जैसा दबाव बना और वह अंदर की तरफ धंस गया। इस हादसे में कई लोगों की जान चली गई। हालांकि मरने वालों की सही संख्या अभी जारी नहीं की गई है। अधिकारियों ने कहा कि कुछ लोग गंभीर रूप से झुलस गए, जबकि कई लोगों को जहरीली गैस के कारण सांस लेने में दिक्कत हुई।

# मार्श पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर

- जोश इंगलिस संभालेंगे ऑस्ट्रेलिया की कमान

**नई दिल्ली ।** टखने की चोट से जूझ रहे कार्यवाहक कप्तान मिशेल मार्श पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम से बाहर हो गए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ उनकी उपलब्धता अनिश्चित है। ऐसे में जोश इंगलिस को पाकिस्तान दौरे पर टीम की कमान सौंपी गई है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा, 'मिशेल मार्श टखने की चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज



से बाहर हो गए हैं। मार्श की गैरमौजूदगी में विकेटकीपर जोश इंगलिस पाकिस्तान में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी करेंगे। मार्श, जो लखनऊ सुपर जायंट्स के आईपीएल सीजन का आखिरी मैच नहीं खेल पाए थे, अगली सूचना तक आगे की जांच और इलाज के लिए पर्थ में ही रहेंगे। बांग्लादेश के व्हाइट-बॉल दौरे के लिए उनकी उपलब्धता को लेकर उचित समय पर फैसला लिया जाएगा।' मिशेल मार्श इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में लखनऊ सुपर जायंट्स का हिस्सा रहे।

# भारतीय तीरंदाजी के 'अग्रदूत' श्याम लाल मीणा का निधन

## सियोल ओलंपिक में लिया था हिस्सा

**नई दिल्ली ।** देश में तीरंदाजी के अग्रदूत माने जाने वाले श्याम लाल मीणा का निधन हो गया है। उनका निधन भारतीय तीरंदाजी के लिए बेहद निराशाजनक है। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। रविवार की रात को 61 वर्ष की अवस्था में इस दुनिया को अलविदा कहा। 1988 सियोल ओलंपिक में भारत की पहली ओलंपिक तीरंदाजी टीम के सदस्य रहे श्याम लाल मीणा पिछले कुछ वर्षों से लिवर से जुड़ी दिक्कतों से जूझ रहे थे। उनका निधन भारतीय तीरंदाजी के इतिहास के एक बेहद अहम हिस्से के समाप्ति की तरह है। 4 मार्च, 1965 को राजस्थान के



बांसवाड़ा जिले के केवड़िया गांव में जन्मे मीणा ने दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में तीरंदाजी के वैश्विक मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व किया। आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि वाले परिवार में जन्मे मीणा ने एक पारंपरिक बांस के धनुष से अपने सफर की शुरुआत की थी। उन्होंने सरकार की स्पेशल एरिया गेम्स योजना के तहत मदद पाने से पहले सिर्फ अपने दृढ़ संकल्प के दम पर अपनी प्रतिभा को निखारा।

मीणा ने भारतीय तीरंदाजी की बड़ी कामयाबी में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने लिम्बा राम और रजत हलधर के साथ मिलकर कोलकाता में 1987 की एशियन तीरंदाजी चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। इस मेडल को भारतीय तीरंदाजी की पहली बड़ी अंतरराष्ट्रीय कामयाबी माना जाता है। इस सफलता ने ही भारतीय टीम को 1988 के सियोल ओलंपिक्स के लिए क्वालिफिकेशन दिलवाया था। यह ओलंपिक में तीरंदाजी में देश की पहली मौजूदगी थी।

# आईपीएल 2026 : राजस्थान की दमदार जीत से हैदराबाद बाहर, सूर्यवंशी की विस्फोटक पारी ने बदला मैच

एजेंसी

**न्यू चंडीगढ़।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के एलिमिनेटर मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 47 रन से हराकर टूनार्मेंट से बाहर कर दिया है। इस जीत के साथ राजस्थान ने क्वालिफायर-2 में जगह बना ली है, जहां उसका सामना 29 मई को गुजरात टाइटंस से होगा। इस मुकाबले की विजेता टीम फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से भिड़ेगी। मुल्लांपुर स्थित महाराजा यादविंद्र सिंह स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 243 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में हैदराबाद की टीम 19.2 ओवर में 196 रन पर ऑलआउट हो गई।


राजस्थान की पारी की सबसे बड़ी आकर्षण युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी रहे, जिन्होंने केवल 29 गेंदों पर विस्फोटक 97 रन बनाए। उनकी पारी में 5 चौके और 12 छक्के शामिल रहे। उन्होंने यशस्वी जायसवाल के साथ पहले विकेट के लिए तेज साझेदारी कर टीम को मजबूत शुरूआत दिलाई। जायसवाल ने 29 रन बनाए, जबकि ध्रुव जुरेल ने 21 गेंदों पर 50 रन और कप्तान रियान पराग ने 26 रनों का योगदान दिया। 244 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद की शुरूआत बेहद खराब रही। जोफ्रा आर्चर ने शुरूआती झटके देते हुए अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और ट्रैविस हेड को आउट कर राजस्थान को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। इसके बाद नीतीश रेड्डी और सलिल अरोड़ा ने संघर्ष करने की कोशिश की, लेकिन टीम लक्ष्य से काफी दूर रह गई। राजस्थान की गेंदबाजी में आर्चर सबसे सफल रहे और उन्होंने तीन विकेट हासिल किए। जबकि नांद्रे बर्गर, रवींद्र जडेजा और सुशांत मिश्रा ने दो-दो विकेट लेकर जीत में अहम भूमिका निभाई। अब राजस्थान की नजरें क्वालिफायर-2 पर हैं, जहां फाइनल का टिकट दांव पर होगा।




# अर्शदीप ने अपने इंस्टाग्राम से हटाए 200 से अधिक पोस्ट

## कोहली संग रील भी गायब

**नई दिल्ली ।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने अचानक अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'इंस्टाग्राम' पर 200 से अधिक पोस्ट और रील्स को हटा दिया है। इसके बाद उनकी प्रोफाइनल पर सिर्फ 44 पोस्ट ही रह गए हैं, जिनमें से ज्यादातर विज्ञापन और पेड पार्टनरशिप से जुड़े हुए हैं। अर्शदीप के इस कदम के बाद उनके इंस्टाग्राम से कई वायरल रील्स रातों-रात गायब हो गई हैं, जिसमें भारत की चैंपियंस ट्रॉफी 2025 सेलिब्रेशन से विराट कोहली के साथ उनकी शेयर की गई रील भी शामिल है। ज्यादातर बचे हुए अपलोड परिवार, निजी उपलब्धि, विज्ञापन और कुछ चुने हुए सहयोगात्मक कंटेंट के बारे में हैं। अर्शदीप ने पंजाब किंग्स से जुड़े सभी पोस्ट को भी अपने इंस्टाग्राम से हटा दिया है। ऐसी अफवाहों ने भी जोर पकड़ा था कि पंजाब किंग्स और अर्शदीप के बीच में सबकुछ ठीक नहीं है। हालांकि, अर्शदीप ने जो ताजा पोस्ट शेयर किया है, वह पंजाब किंग्स टीम की एक फोटो ही है। उन्होंने



कैप्शन में लिखा, 'सब्र, शुकर। पंजाब। ' इस ऑनलाइन गतिविधि से इस बात के कयास तेज हो गए हैं कि क्या 27 साल का यह खिलाड़ी खुद को रीब्रांड करने की कोशिश कर रहा है? क्या वह हाल के विवादों से खुद को दूर कर रहे हैं, या मैदान के अंदर और बाहर खराब सीजन के बाद बस शोर से दूर रहना चाहते हैं? अर्शदीप का इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2026 संस्करण में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। 14 मुकाबलों में वह पंजाब किंग्स की तरफ से खेलते हुए सिर्फ 14 विकेट ही निकाल सके। अर्शदीप टूर्नामेंट के दौरान रनों पर लगाम लगाने में भी नाकाम रहे और खराब फॉर्म से जूझते नजर आए।

## गुजरात टाइटंस को 92 रनों से हरा फाइनल में पहुंची आरसीबी

# पाटीदार बने हीरो

## कप्तान रजत ने 33 गेंद पर बनाए नाबाद 93 रन

**नई दिल्ली ।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के पहले क्वालिफायर मुकाबले में मंगलवार (26 मई) को धर्मशाला स्थित हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु ने गुजरात टाइटंस को 92 रनों से हराकर फाइनल में जगह बनाई। गुजरात



टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 254 रन बनाए।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए कप्तान रजत पाटीदार ने बेहतरीन बल्लेबाजी की। वह शतक नहीं बना पाए, लेकिन अपनी टीम को प्लेऑफ में सबसे बड़े स्कोर तक पहुंचा दिया। 255 रनों के लक्ष्य के जवाब में गुजरात टाइटंस की टीम ने पहले ही घुटने टेक दिए। भला हो राहुल तेवितया की अर्धशतकीय पारी की। गुजरात टाइटंस 100 रन के अंदर सिमटी दिख रही थी, लेकिन वह 19.3 ओवर में 162 रन पर आउट हुई। गुजरात टाइटंस एलिमिनेटर के विजेता से क्वालिफायर-2 में 29 मई को भिड़ेगी। एलिमिनेटर बुधवार (27 मई) को सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला जाएगा।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए रजत पाटीदार ने 33 गेंद पर नाबाद 93 रन बनाए। क्रुणाल पंड्या और विराट कोहली ने 43-43 रन बनाए। देवदत्त पडिक्कल ने 30 और वेंकटेश अय्यर ने 19 रन बनाए। जितेश शर्मा 15 रन बनाकर नाबाद रहे। टिम डेविड 4 रन बनाकर आउट हुए। गुजरात टाइटंस के लिए कगिसो रबाडा और जेसन होल्डर ने 2-2 विकेट लिए।

प्रसिद्ध कृष्णा ने 1 विकेट लिए। गुजरात टाइटंस के लिए राहुल तेवतिया ने 43 गेंद पर 68, जोस बटलर ने 11 गेंद पर 29 और साई सुदर्शन ने 9 गेंद पर 14 रन बनाए। शुभमन गिल 2, निशांत सिंधु 5, वाशिंगटन सुंदर 8, जेसन होल्डर 0, राशिद खान 8, कगिसो रबाडा 9 और मोहम्मद सिराज 5 रन बनाकर आउट हुए। प्रसिद्ध कृष्णा 6 रन बनाकर नाबाद रहे। आरसीबी के लिए जैकब डफी ने 3 विकेट लिए। भुवनेश्वर कुमार, रसिख सलाम डार और क्रुणाल पंड्या ने 2-2 विकेट लिए। जोश हेजलवुड ने 1 विकेट लिए।



## ट्रेविस हेड की पत्नी ने बताया

# कोहली से झगड़े के बाद परिवार की हुई ट्रोलिंग

**एडिलेड ।** ट्रेविस हेड और विराट कोहली के बीच पिछले हफ्ते आईपीएल 2026 के मैच के दौरान मैदान पर तकरार देखने को मिली थी, जिसके बाद ट्रेविस हेड की पत्नी जेसिका ने बताया है कि उनके परिवार और दोस्तों को आपत्तिजनक टिप्पणियों का सामना करना पड़ा है। सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) जब लक्ष्य का पीछा करने उतरी, तो कोहली और हेड के बीच कुछ कहा-सुनी हुई। जब सनराइजर्स हैदराबाद ने 55 रनों से जीत दर्ज कर ली, तो हेड ने मैच के बाद कोहली से हाथ मिलाने की कोशिश की, लेकिन कोहली बिना कोई जवाब दिए उनके पास से गुजर गए और हाथ मिलाने से मना कर दिया, जबकि उन्होंने एसआरएच के दूसरे खिलाड़ियों से सामान्य अंदाज में हाथ मिलाया। यह घटना सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लोगों की तीखी प्रतिक्रियाएं आने लगीं। जेसिका ने सोमवार को 'द एडवरटाइजर' से कहा, 'ऐसा लग रहा है जैसे वर्ल्ड कप के बाद जो हमें जिस तरह आपत्तिजनक टिप्पणियों का सामना करना पड़ा था, वही फिर से हो रहा है। जब मैं सुबह उठी तो देखा कि मेरे सोशल मीडिया पर अभद्र शब्दों की बाढ़ आई हुई है। हम तो ठीक हैं, लेकिन वे मेरे दोस्तों और परिवार पर हमला कर रहे हैं। '



## त्रिशा जॉली : पिता ने पहचानी प्रतिभा

# बैडमिंटन की खातिर छोड़ा शहर

- कॉमनवेल्थ गेम्स में देश को दिलाया पदक

**नई दिल्ली ।** बड़ी पुरानी कहावत है, 'जहां चाह, वहां राह।' बैडमिंटन की दुनिया में सफलता के नए आयाम छूने की ऐसी ही चाहत भारत की स्टार खिलाड़ी त्रिशा जॉली की भी थी। बैडमिंटन के खेल से इस कदर लगाव हुआ कि ट्रेनिंग के लिए अपना शहर छोड़कर हैदराबाद शिफ्ट हो गईं। कड़ी मेहनत, लगन और दमदार प्रदर्शन के बूते त्रिशा आज इस खेल में किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। त्रिशा का जन्म 27 मई, 2003 को केरल में हुआ। बचपन से ही त्रिशा को बैडमिंटन में खास रुचि थी। उनके पिता स्कूल में शारीरिक शिक्षक (पीटी टीचर) थे। त्रिशा की प्रतिभा और इस खेल के प्रति उनके लगाव को पिता ने ही पहचाना। पिता की देखरेख में त्रिशा इस खेल की बारीकियां सीखने लगीं। हालांकि, केरल में बैडमिंटन के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं। इसी वजह से त्रिशा ने हैदराबाद शिफ्ट होने का फैसला किया और यहां आकर उन्होंने गोपीचंद एकेडमी में दाखिला लिया। इसके बाद त्रिशा इस खेल में रमती गई और उन्होंने धीरे-धीरे नाम कमाना शुरू कर दिया।




# देश में हर एथलीट को मिलने वाले सम्मान में अंतर : हरमिलन बैंस

चंडीगढ़ । एथलीट हरमिलन बैंस का मानना ??है कि भारतीय खेलों में तेजी से सुधार हो रहा है, लेकिन उन्होंने यह भी बताया कि देश में बढ़ते सपोर्ट के बावजूद, सभी एथलीटों के लिए मौके और इनाम एक जैसे नहीं हैं। बैंस ने कहा कि खेल करियर के मौके तो दे सकते हैं, लेकिन सिस्टम सभी एथलीटों के साथ एक जैसा बर्ताव नहीं करता। एशियन गेम्स में एक स्वर्ण और दो रजत पदक जीतने वाली भारतीय मिडिल-डिस्टेंस रनर हरमिलन बैंस ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, 'कुछ एथलीट सफल हो जाते हैं, जबकि दूसरे अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद उस स्तर की नौकरी नहीं ले पाते। अगर हम आज के पदक विजेताओं की तुलना पिछली पीढ़ियों के एथलीटों से करें, तो अब हर किसी के लिए स्थिति एक जैसी नहीं है।' हरमिलन ने कहा, 'पहले, बड़े इवेंट्स में पदक जीतने वाले एथलीटों को अक्सरल डीएसपी जैसे ऊंचे सरकारी पदों पर सीधी नियुक्ति मिल जाती थी। मौके आज भी हैं, लेकिन पहले के मुकाबले वे काफी कम हो गए हैं। '

हरमिलन ने टीम इवेंट्स में पहचान में अंतर की ओर इशारा किया। रोइंग पदक जीतने वालों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि एथलीट निराश हो सकते हैं जब टीम के साथी, जो उतनी ही मेहनत करते हैं, उन्हें अलग-अलग इनाम राशि मिलती है।

एथलीट ने मॉडर्न स्पोर्ट्स में रिकवरी और न्यूट्रिशन की अहमियत पर भी जोर दिया। उन्होंने बताया, 'प्रशिक्षण के बाद रिकवरी सबसे जरूरी हिस्सों में से एक है क्योंकि इससे यह तय होता है कि आप अपने अगले सेशन में कितना अच्छा परफॉर्म कर सकते हैं। इसलिए ऐसा खाना, जो शरीर को पोषण दे, बहुत जरूरी है। '

भारतीय खेल के विकास में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) जैसे संस्थानों की भूमिका को हरमिलन ने अहम माना।

उन्होंने कहा, 'भारत निश्चित रूप से आगे बढ़ रहा है क्योंकि अब कई अच्छे प्लेटफॉर्म बन रहे हैं। साई युवा एथलीटों के लिए एक बेहतरीन मंच है, लेकिन बच्चों को अभी भी नहीं पता कि उस स्तर तक कैसे पहुंचा जाए। इस कमी को पूरा करने के लिए छोटी एकेडमी बहुत जरूरी हैं। '



हरमिलन ने गुरिंदरवीर सिंह की हालिया सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि सीमित सुविधाओं के साथ उन्होंने जो हासिल किया है, वह शानदार है।

खेलों में अपने सफर पर हरमिलन ने कहा, 'मेरा सफर मेरे जन्म से भी पहले शुरू हो गया था। मेरे माता-पिता ने खेल से मेरा परिचय तब कराया जब मैं बहुत छोटी थी। मैं इसे लगभग दस सालों से प्रोफेशनली कर रही हूं, लेकिन अगर मैं शुरू से गिनूं, तो खेल पिछले लगभग 22 वर्ष से मेरी जिंदगी का हिस्सा रहा है। खेल ने मेरी जिंदगी को काफी बदल दिया है। '

अपने आगे के कार्यक्रम पर हरमिलन ने कहा, 'मेरा मुख्य फोकस आने वाले सीजन के लिए फिट रहने पर है। आगामी सभी टूर्नामेंट में हिस्सा लेना है।

• केंद्र सरकार ने की घोषणा

# मिडिल ईस्ट संकट के बीच सरकार सीआईएल में बेचेगी अपनी 2 प्रतिशत हिस्सेदारी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को (26 मई, 2026) कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) में 2 फीसदी तक हिस्सेदारी बेचने की घोषणा की। इस बारे में सचिव सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट किया। इसकी बिक्री ' ऑफर फॉर सेल ' (ओएफएस) के जरिये होगी। सरकार ने हिस्सेदारी बिक्री की घोषणा ऐसे समय की है जब मिडिल ईस्ट संकट ने चुनौतियां बढ़ा रखी हैं।

सचिव के 'एक्स' पर किए गए पोस्ट के अनुसार, सरकार ने सीआईएल में 'ऑफर फॉर सेल' की घोषणा की है। इसमें इसकी इक्विटी का 1 प्रतिशत का बेस ऑफर और ओवरसब्सक्रिप्शन होने पर 1 प्रतिशत का अतिरिक्त 'ग्रीन शू ऑप्शन' शामिल है। फ्लोर प्राइस 412 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। 26 मई को कोल इंडिया के शेयर की कीमत 455.90 रुपये पर बंद हुई। फ्लोर प्राइस मौजूदा बाजार दर से 10 फीसदी कम दर पर तय किया गया है।

## इस दिन खुलेगा ओएफएस

सचिव के अनुसार मई को नॉन-रिटेल निवेशकों के लिए और 29 मई को रिटेल निवेशकों के लिए खुलेगा। पोस्ट में कहा गया है, 'मजबूत ऑपरेशनल और फाइनेंशियल परफॉर्मेंस, लगातार रिटर्न और आकर्षक डिविडेंड के साथ सीआईएल लंबे समय के निवेश का एक शानदार मौका देना जारी रखे हुए है।'

## सीआईएल ने दी यह जानकारी

एक एक्सचेंज फाइलिंग में सीआईएल ने बताया कि कोयला मंत्रालय ने 6.16 करोड़ इक्विटी शेयर बेचने का प्रस्ताव दिया है। यह कोल इंडिया की कुल पेड-अप इक्विटी कैपिटल का 1 प्रतिशत है। इसे बेस ऑफर साइज के रूप में रखा गया है। फाइलिंग में बताया गया है कि ओवरसब्सक्रिप्शन होने पर सरकार के पास अतिरिक्त 6.16 करोड़ शेयर बेचने का विकल्प भी सुरक्षित है। इससे कुल संभावित ऑफर साइज बढ़कर 12.32 करोड़ शेयर या 2 प्रतिशत इक्विटी हो जाएगा। इसके अलावा, कंपनी के योग्य कर्मचारियों को ओएफएस गाइडलाइंस में दी गई शर्तों और नियमों के अनुसार, सक्षम अधिकारी की मंजूरी के अधीन कंपनी के 25,000 तक इक्विटी शेयर ऑफर किए जा सकते हैं।

# भारत ने रद्द किया सोयामील एक्सपोर्ट कॉन्ट्रैक्ट

## 2021 के बाद पहली बार बदला कारोबार का रूख

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय व्यापारियों ने 2021 के बाद पहली बार 25,000 टन सोयामील एक्सपोर्ट के सौदे रद्द कर दिए हैं। इसके बजाय अफ्रीकी देशों से 80,000 टन आयात के सौदे किए हैं। घरेलू कीमतों में भारी उछाल के कारण व्यापार का रुख बदल गया है। व्यापारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सोयामील पशुओं के चारे में इस्तेमाल होता है। यह तब बनता है जब सोयाबीन से तेल निकाल लिया जाता है। इस बचे हुए ठोस हिस्से को 'खली' कहा जाता है। यह दुनिया भर में प्रोटीन का सबसे सबसे महत्वपूर्ण स्रोत माना जाता है।

**इन सप्लायर्स को होगा फायदा:** इन सौदों के रद्द होने से उत्तरी और दक्षिणी अमेरिका के सोयामील सप्लायर्स को एशियाई खरीदारों को अपनी सप्लाई बढ़ाने में मदद मिलने की संभावना है। ये पारंपरिक रूप से भारत से ही खरीदारी करते हैं। भारत की ओर से सोयाबीन की खरीदारी से अफ्रीकी निर्यातकों को भी यह तिलहन ग्लोबल बेंचमार्क कीमतों से काफी अधिक प्रीमियम पर बेचने का मौका मिल रहा है।

**इसलिए बढ़ी सोयामील की कॉस्ट:** दो डीलरों ने बताया कि घरेलू सोयाबीन की कीमतों में अचानक आए उछाल ने सोयामील की लागत बढ़ा दी है। इससे व्यापारियों के लिए अपने निर्यात के वादे पूरे करना मुश्किल हो गया है। ये दोनों डीलर ग्लोबल ट्रेड



हाउसेज के साथ काम करते हैं। उन्होंने अपना नाम सार्वजनिक न करने की शर्त पर बात की। सूत्रों में से एक ने न्यूज एजेंसी रॉयटर्स को बताया, 'विक्रेताओं के लिए 200 डॉलर प्रति टन की बढ़ोतरी को खुद वहन करना संभव नहीं था। लिहाजा, उन्होंने खरीदारों के साथ आपसी सहमति से मई और जून की शिपमेंट के सौदे रद्द कर दिए।' ये सौदे रद्द होना (या 'वॉशआउट') सोयामील के व्यापार में एक दुर्लभ घटना है। कारण है कि इसमें कीमतों में इतना भारी उतार-चढ़ाव आमतौर पर देखने को नहीं मिलता। इन सौदों को रद्द करने पर कोई जुर्माना भी नहीं लगा। सोयाबीन के उत्पादन में गिरावट के कारण सप्लाई में आई कमी के चलते स्थानीय सोयामील की कीमतें एक महीने में 41 प्रतिशत बढ़कर 66,000 रुपये प्रति टन तक पहुंच गईं, जो पिछले चार सालों में इनका सबसे ऊंचा स्तर है। सूत्रों ने बताया कि कीमतों में इस उछाल के कारण जून में लोड होने वाली सोयामील की शिपमेंट के लिए भारत के एक्सपोर्ट ऑफर्स बढ़कर लगभग 695 डॉलर प्रति टन (फ्री ऑन बोर्ड आधार पर) हो गए हैं, जो एक महीने पहले लगभग 475 डॉलर थे।

कृषि उत्पादों के निर्यातक 'सूरज इम्पेक्स' के संस्थापक विनोद जैन ने बताया कि कीमतों के बहुत अधिक होने के कारण भारत को सोयामील के नए निर्यात ऑर्डर नहीं मिल रहे हैं। इसके चलते व्यापारियों ने अफ्रीकी देशों से आयात बढ़ा दिया है। भारत केवल 'नॉन-जेनेटिकली-मॉडिफाइड' सोयाबीन के आयात की अनुमति देता है।

### यह बोली जा रही है कीमत

महाराष्ट्र ऑयल एक्सट्रैक्शंस के मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज अग्रवाल ने बताया कि इस महीने ट्रेडर्स ने जून और जुलाई में भारत को शिपमेंट के लिए अफ्रीकी सोयाबीन 700 डॉलर से 760 डॉलर प्रति टन की कीमत पर (कॉस्ट, इंश्योरेंस और फ्रेट के आधार पर) खरीदा है। सोयामील बनाने और उसका एक्सपोर्ट करने वाली कंपनी है। एक सूत्र ने बताया कि ट्रेडर्स ने इस महीने कम से कम 80,000 टन सोयाबीन खरीदा है। खरीदारी अभी भी जारी है क्योंकि स्थानीय सोयाबीन की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं। महाराष्ट्र के लातूर में स्थित सोयाबीन प्रोसेसर अशोक भुताडा ने कहा कि सितंबर और अक्टूबर में नई फसल आने तक सोयाबीन की सप्लाई कम रहने की उम्मीद है। इसकी वजह से ट्रेडर्स अफ्रीकी देशों से सोयाबीन इंपोर्ट कर रहे हैं।

# एफडी पर मिलेगा ज्यादा ब्याज, बैंकों की बढ़ गई है मुश्किल!

## बैंक ऑफ इंडिया तुरंत अपनी पॉलिसी रेट्स न बढ़ाये

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बैंकों को पैसा जुटाने के लिए अब पहले से ज्यादा खर्च करना पड़ रहा या उससे ज्यादा के बड़े डिपॉजिट पर ऊंची दरें ऑफर करनी पड़ रही हैं।



है। ऐसे में उम्मीद है कि जल्द ही आपकी पर मिलने वाले ब्याज में बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। दरअसल, सर्टिफिकेट ऑफ डिपॉजिट की दरें अप्रैल के मुकाबले मई में 0.60 प्रतिशत से 0.70 प्रतिशत (60 से 70 बेसिस पॉइंट्स) तक बढ़ गई हैं। मई में एक साल वाले सीडी रेट्स 7.70 प्रतिशत पर पहुंच गए हैं, जबकि अप्रैल के आखिर में ये करीब 7 प्रतिशत थे। मार्केट में कैश (लिक्विडिटी) की कमी और पैसों की मांग बढ़ने की वजह से बैंकों को 500 करोड़ रुपये

डिपॉजिट की लागत बढ़ने का असर आम लोगों के डिपॉजिट रेट्स पर पड़ेगा। भले ही रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया तुरंत अपनी पॉलिसी रेट्स न बढ़ाए, लेकिन उनमें उछाल आएगा। हालांकि, डिपॉजिट रेट्स में कितनी बढ़ोतरी होगी, यह काफी हद तक आरबीआई के आने वाले फैसलों पर निर्भर करेगा। जना स्मॉल फाइनेंस बैंक के ट्रेजरी हेड गोपाल त्रिपाठी ने श्रज्ञ को बताया कि सीडी रेट्स का बढ़ना साफ दिखाता है कि बैंकों के लिए पैसा जुटाना महंगा हो रहा है।

### क्या कह रहे जानकार?

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के डायरेक्टर सौम्यजीत नियोगी का कहना है कि सिस्टम में कैश की उपलब्धता मार्च में कुल डिपॉजिट की करीब 2.5 प्रतिशत थी। यह अब घटकर 0.5 प्रतिशत रह गई है। आने वाले समय में जब बैंक को सरकारी पैकेज के तहत बड़े पैमाने पर लोन बाटेंगे, तो कैश की किल्लत और बढ़ेगी। ऐसे में डिपॉजिट रेट्स का बढ़ना तय है। पब्लिक सेक्टर बैंक के एक अधिकारी ने चिंता जताते हुए बताया कि म्यूचुअल फंड से सीडी में आने वाला पैसा भी कम हो गया है, जिससे स्थिति और कठिन हो गई है।

**कैश की कमी:** त्रिपाठी ने बताया कि एक साल के सरकारी ट्रेजरी बिल (सरकार के कर्ज लेने का पैमाना माना जाता है) और एक साल के सीडी रेट के बीच अब 2 प्रतिशत (200 बेसिस पॉइंट्स) का अंतर आ गया है। आम तौर पर यह अंतर 1.30 प्रतिशत से 1.40 प्रतिशत के आसपास रहता है। यह अंतर बैंकिंग सिस्टम में कैश की कमी की ओर इशारा करता है। बैंकों को पैसा जुटाने के लिए अब पहले से ज्यादा खर्च करना पड़ रहा है उम्मीद है कि जल्द ही एफडी पर मिलने वाले ब्याज में बढ़ोतरी हो सकती है

# भारतीयों की थाली में चावल-रोटी की भरमार, दाल-सब्जी हुईं गायब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीयों की थाली में आज भी अनाज (गेहूं और चावल) का बोलबाला है, जबकि शरीर के लिए जरूरी दालों, सब्जियों, फल, दूध और मछली को नजरअंदाज किया जा रहा है। एक सरकारी स्टडी में यह चौंकाने वाली बात सामने आई है। इस स्टडी में भारतीय परिवारों के खाने-पीने के तौर-तरीकों की तुलना इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च द्वारा तय किए गए पोषण के नियमों से की गई है। एक व्यक्ति को महीने में 7.5 किलो अनाज खाना चाहिए। गांवों की बात करें तो पश्चिम बंगाल, ओडिशा, त्रिपुरा और मणिपुर (11.2 किलो) में सबसे ज्यादा अनाज खाया जाता है। इसके बाद बिहार (11.1 किलो), राजस्थान (10.5 किलो) और छत्तीसगढ़ (10.3 किलो) का नंबर आता है। वहीं शहरों में त्रिपुरा (11.2 किलो) सबसे आगे है। इसके बाद मणिपुर (11.1 किलो), बिहार (10.5 किलो), अरुणाचल प्रदेश और छत्तीसगढ़ (10.4 किलो) का स्थान है। आमतौर पर देखा गया है कि जैसे-जैसे लोगों की कमाई बढ़ती है, वे अनाज कम खाते हैं और प्रोटीन व फैट वाली चीजें ज्यादा लेने लगते हैं। सांख्यिकी मंत्रालय की इस रिपोर्ट में कहा गया है कि अब रेस्तरां में खाना और पैकेट बंद फूड खाना लोगों के लाइफस्टाइल का हिस्सा बन गया है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस आदत की वजह से देश में गैर-संक्रामक बीमारियां तेजी से बढ़ेंगी।



# विवादों के बीच चर्चा में आई टाटा की बैठक, समूह की घाटे वाली कंपनियों पर मंथन




**नईदिल्ली, एजेंसी।** तमाम विवादों के बीच टाटा संस निदेशक मंडल की बैठक संपन्न हो गई है। दिन भर चली बैठक में टाटा डिजिटल समेत नई इकाइयों के प्रमुखों ने निदेशक मंडल (बोर्ड) को कामकाज के बारे में पूरी जानकारी दी। एयर इंडिया, टाटा डिजिटल और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के सीईओ ने छह सदस्यीय बोर्ड के सामने अपनी प्रस्तुतियां दीं। ये कारोबार भविष्य के नजरिये से समूह के कुछ सबसे महत्वाकांक्षी निवेश हैं, लेकिन ये सभी घाटे से जूझ रहे हैं। बैठक में टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा भी मौजूद थे। नोएल कथित तौर पर समूह के कुछ व्यवसायों में हो रहे नुकसान पर चिंता जता चुके हैं। रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में टाटा समूह के गैर-सूचीबद्ध कारोबारों को 10,905 करोड़ रुपये का घाटा हुआ। इस घाटे के बढ़कर 29,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। ताजा बैठक में क्या निर्णय हुआ है इसके बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गयी है। 12 जून को बैठक सूत्रों के अनुसार, टाटा संस बोर्ड की अगली बैठक 12 जून को होने की संभावना है। माना जा रहा है कि चंद्रशेखरन और टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा ने समूह की कंपनियों के प्रदर्शन से संबंधित इसी मुद्दे पर चर्चा करने के लिए सप्ताहांत में मुलाकात की थी।

# मारुति सुजुकी में वर्क फ्रॉम होम लागू

## पीएम मोदी की अपील का असर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने वर्क फ्रॉम होम को लागू कर दिया है। सप्ताह के दूसरे दिन यानी मंगलवार को कहा कि कंपनी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मितव्ययिता की अपील और पश्चिम एशिया में युद्ध के प्रभाव को कम करने की जरूरत को ध्यान में रखते हुए कई कदम उठाए हैं, जिनमें संभव होने पर 'वर्क फ्रॉम होम' लागू करना और विदेशी यात्राओं पर रोक शामिल है। कंपनी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि वह प्रधानमंत्री की मितव्ययिता की अपील और पश्चिम एशिया युद्ध के संभावित प्रभाव को कम करने के आह्वान को अत्यधिक महत्व देती है। मारुति सुजुकी ने कहा कि यह सभी प्रक्रियाओं की समीक्षा करने और उन्हें अधिक कुशल बनाने का उपयुक्त समय है, ताकि राष्ट्रीय उद्देश्यों के साथ-साथ कारोबार के स्वास्थ्य को भी बेहतर किया जा सके। कंपनी के अनुसार, प्रबंधन ने कर्मचारियों को कई उपायों को संस्थागत रूप देने का संदेश दिया



है। इसके तहत जहां संभव हो वहां पर 'वर्क फ्रॉम होम' लागू किया जा रहा है, ताकि आवागमन से जुड़े ईंधन की खपत कम की जा सके। कंपनी ने कहा कि यह कदम उसकी मौजूदा रिमोट वर्किंग नीति के अनुरूप है। इसके अलावा, विदेश यात्राओं को केवल बेहद जरूरी व्यावसायिक जरूरतों तक सीमित करने के निर्देश दिए गए हैं। कंपनी ने कर्मचारियों को बैठकों के लिए वर्चुअल माध्यम को प्राथमिकता देने और घरेलू यात्राओं को भी न्यूनतम रखने को कहा है। मारुति सुजुकी ने कर्मचारियों को भी कार पूलिंग और सार्वजनिक परिवहन के उपयोग जैसे उपाय अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। साथ ही, कार्यालय और घर दोनों जगह ऊर्जा संरक्षण पर जोर देते हुए एयर कंडीशनर, पंखे और रोशनी के बचत के हिसाब से इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है। कंपनी ने कहा कि इन सभी उपायों की जानकारी आंतरिक कर्मचारियों और व्यावसायिक भागीदारों तक व्यापक रूप से पहुंचाई जा रही है।

**हरियाणा में मैन्युफैक्चरिंग लैब:** इस बीच, मारुति सुजुकी ने सरकार के कौशल विकास मिशन के तहत हरियाणा के रोहतक में अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग लैब स्थापित की है। कंपनी ने बयान में कहा कि रोहतक स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) हसनगढ़ में स्थापित इस मैन्युफैक्चरिंग लैब में पहले वर्ष में लगभग 200 छात्रों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस लैब में छात्रों को वाहन असेंबली, वेल्डिंग और रंगाई जैसे कार्यों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। मारुति सुजुकी के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (कॉरपोरेट मामले) राहुल भारती ने कहा- इस लैब में आधुनिक मशीनों और कार्यस्थल जैसे वातावरण का उपयोग किया जाएगा। कौशल विकास मिशन के अनुरूप यह पहल छात्रों को उद्योग की जरूरतों के अनुरूप तैयार होने और बदलते वाहन परिवेश के लिए प्रतिभा को निखारती है। मारुति सुजुकी देशभर में 31 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सहयोग दे रही है और अब तक 18 ऐसी लैब स्थापित कर चुकी है।

# एक जून से इंडिगो एयर इंडिया लेगा बड़ा फैसला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत में हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए आने वाले कुछ महीने थोड़े मुश्किल भरे हो सकते हैं। देश की दो सबसे बड़ी एयरलाइंस एयर इंडिया और इंडिगो ने घरेलू उड़ानों में कटौती करने का फैसला लिया है। 1 जून 2026 से अगले 90 दिनों तक दोनों कंपनियां कई घरेलू रूट्स पर उड़ानों की संख्या कम करेंगी। इसकी सबसे बड़ी वजह एविएशन टर्बाइन फ्यूल यानी विमान ईंधन की कीमतों में भारी बढ़ोतरी और गर्मी की छुट्टियों के बाद यात्रियों की मांग में कमी बताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार एयर इंडिया अपनी घरेलू उड़ानों में करीब 15 प्रतिशत तक कटौती कर सकती है।

• फिर किया कुछ ऐसा कि स्टोरी चेंज, अब छप्परफाड़ कमाई

# नौकरी छोड़कर गांव लौटे तो लोगों ने दिए ताने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महाराष्ट्र में महाबलेश्वर के पास अवकली गांव के रहने वाले राज वाडकर ने मिसाल कायम की है। मुंबई में अपनी अच्छी-भली कॉरपोरेट फाइनेंस की नौकरी छोड़कर वह वापस गांव लौट आए। उन्होंने अपने परिवार की ब्रिटिश काल से चली आ रही 100 साल पुरानी स्ट्रॉबेरी फार्मिंग की विरासत को संभाला। जब वह लौटे तो लोगों ने 'लो आ गए' कहकर ताने भी सुनाए। लेकिन, उन्होंने इन बातों को अनसुना कर अपने काम पर फोकस किया। आधुनिक तकनीक, सोशल मीडिया मार्केटिंग और टूरिस्टों के लिए अनूठे अनुभवों को जोड़कर उन्होंने आज अपने 'फेमस स्ट्रॉबेरी फार्म' को बेहद मुनाफे वाले और आत्मनिर्भर बिजनेस मॉडल में तब्दील कर दिया है। आइए, यहां राज वाडकर की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

महाबलेश्वर क्षेत्र में स्ट्रॉबेरी की शुरुआत औपनिवेशिक काल में हुई थी। ब्रिटिश अधिकारियों ने अपने बंगलों के बाहर निजी इस्तेमाल के लिए इसे शुरू कराया था। बाद में इसे स्थानीय किसानों ने बड़े पैमाने पर अपनाया। राज वाडकर के दादाजी ने 1930 के दशक में इस व्यावसायिक खेती की शुरुआत की थी। इससे बाद में उनके पिता विष्णु नारायण वाडकर ने आगे बढ़ाया।



हालांकि, उस दौर में सालाना कमाई महज 15,000 से 25,000 रुपये के बीच थी। राज ने साल 2018 में बीकॉम पूरा करने के बाद मुंबई में एक रिकवरी एजेंट के रूप में फाइनेंस सेक्टर में कदम रखा। लेकिन, साल 2024 तक आते-आते शहर की तनावभरी लाइफस्टाइल और आबोहवा रास न आने के कारण उन्होंने नौकरी छोड़ दी। फिर अपनी पारिवारिक कृषि विरासत को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए गांव वापस लौट आए। स्ट्रॉबेरी की खेती के लिए 15 डिग्री से 25 डिग्री सेल्सयिस का स्थिर और ठंडा तापमान जरूरी होता है। राज के 2.5 एकड़ के फार्म में हर साल एक बेहद सटीक साइकिल फॉलो किया जाता है। इसकी शुरुआत जून में इटली या कैलिफोर्निया से आयातित लगभग 1,500 से 2,000 मदर प्लांट्स को खरीदने से होती है।महाबलेश्वर की भारी बारिश से बचाने के लिए इन्हें पहले पास के शहर की नर्सरी में क्लोनिंग के जरिए 1 से 1.5 लाख पौधों में तैयार किया जाता है। सितंबर-अक्टूबर में मुख्य खेत में करीब 25,000 पौधे रोपे जाते हैं। अपने पूर्वजों के उलट राज ड्रिप इरिगेशन और मल्चिंग पेपर जैसी आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करते हैं ताकि फल मिट्टी और पानी के सीधे संपर्क में आकर सड़े नहीं। लगभग 60 दिनों के बाद दिसंबर के मध्य से अप्रैल तक फल आने शुरू हो जाते हैं। इससे सालाना लगभग 20 से 25 टन का उत्पादन मिलता है। राज ने अपने बिजनेस मॉडल से बिचौलियों को पूरी तरह हटा दिया है। सीजन की शुरुआत में स्ट्रॉबेरी की कीमतें 500-600 रुपये प्रति किलो तक होती हैं, जो अंत तक 300 रुपये प्रति किलो पर आ जाती हैं। राज ने अपनी बिक्री को तीन हिस्सों में बांटा है।

# एचडीएफसी बैंक में 45 करोड़ की गड़बड़ी

## दो प्रतिशत लुढ़का देश के सबसे बड़े प्राइवेट बैंक का शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में तेजी के बीच आज देश के सबसे बड़े प्राइवेट बैंक एचडीएफसी बैंक का शेयर करीब 2 फीसदी गिर गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बैंक की इंटरनल जांच में 45 करोड़ रुपये की गड़बड़ी सामने आई है। बैंक ने एमडी रंगनाथ की अगुवाई वाले ऑडिट कमेटी ऑफ द बोर्ड से महाराष्ट्र स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन को किए गए ब्याज भुगतान की जांच कराई। यह भुगतान बैंक के पूर्व चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती के 18 मार्च को रिजाइन से कुछ दिन पहले किया गया था। ऑडिट कमेटी ने इस मामले की जांच के लिए इंटरनल विजिलेंस इनवेस्टिगेशन का ऑर्डर दिया था। बैंक के मार्केटिंग डिपार्टमेंट की एक इंटरनल ऑडिट कमेटी ने इस पेमेंट पर सवाल उठाया था और डिपार्टमेंट की परफॉरमेंस को संतोषजनक नहीं बताया था। उसके बाद ही ऑडिट कमेटी ने 12 मार्च को जांच के आदेश दिए थे। विजिलेंस रिपोर्ट 10 अप्रैल को बोर्ड की ऑडिट कमेटी को सौंपी गई। डेवलपमेंट कॉरपोरेशन को किया गया पेमेंट डिफरेंशियल इंटरेस्ट के रूप में दिखाया गया था। लेकिन इसे सीधे कॉरपोरेशन के खाते में डालने के बजाय मार्केटिंग डिपार्टमेंट के जरिए डाला गया था। यह पेमेंट चार लोकल वेंडरों के जरिए सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में योगदान के तौर पर दिखाया गया। यानी इसे मार्केटिंग खर्च के रूप में दिखाया गया था। एचडीएफसी बैंक के पूर्व चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती ने 18 मार्च को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। अपने इस्तीफे में उन्होंने कहा कि पिछले दो साल में बैंक में जो कुछ हुआ, वह उनके व्यक्तिगत मूल्यों और नैतिकता से मेल नहीं खाता है। अतनु के इस्तीफे के बाद एचडीएफसी ने आरबीआई की मंजूरी के बाद पूर्व सीईओ केकी मिस्त्री को अंतरिम पार्ट-टाइम चेयरमैन बनाया था। एचडीएफसी बैंक का शेयर पिछले सत्र में बीएसई पर 779 रुपये पर बंद हुआ था और आज यह 772.10 रुपये पर खुला। कारोबार के दौरान यह 761.25 रुपये तक गिरा। इसका 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 1,020.35 रुपये और न्यूनतम स्तर 726.75 रुपये है।



## ईद



संतोष महली,
ईटा, लोहरदगा।

मुबारक कर इ भिंड़
तब सफल होइ जायला,
जब एगो भाइ दुसर भाइ कर
दुख दरद में हांथ बढ़ायला।

सजदा में झुकेला माथा
जइसे ही माटी के छुवेला,
अहंकार भुलाय के,उ
पेयार बाटेक सिख जायला।

महिना भइर भुखे पियासे
कइसे !खउड़ाहा जीव रइह
जायला,
अमीर से कहियो गरीब
होलि,तो
खाली पेटे जिना है सेके
बतायला।

दुआ कर बोली सगरे
मस्जिद से गुइंज जायला,
ईद तो हामरे मन के
सान्ती से रहेक सिखायला।

मुबारक कर इ भिंड़
तब सफल होइ जायला,
जब एगो भाइ दुसर भाइ कर
दुख दरद में हांथ बढ़ायला।

# यज्ञ बाबा आश्रम में भव्य पूजा-अर्चना कर आयोजन

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** मोरहाबाद इस्थित यज्ञ बाबा आश्रम में गंगा दशहरा में सनातन परंपरा आउर धारमिक आस्था से ओत-प्रोत भव्य धारमिक कार्जकरम कर आयोजन करल गेलक। कार्जकरम कर तहत भगवान भोलेनाथ कर पावन घट का पारंपरिक रीति-रिवाज आउर वैदिक बिधि-बिधान कर संगे बिसेस पूजन करल गेलक। इकर उपरांत धारमिक मान्यता कर अनुसार ह्णघट परिवर्तनह्ण आउर बिसर्जन कर परक्रिया संपन्न कराल गेलक। ई अवसर में सुंदरकांड सेवा समिति द्वारा सुंदरकांड पाठ कर आयोजन करल गेलक। सैकड़ों जनीमन एके संगे सामूहिक रूप से सुंदरकांड कर पाठ कइर के भगवान हनुमान कर आराधना करलयं।

ई अवसर में मुध गोतिया कर रूप में यज्ञा बाबा आश्रम कर महंत भरत दास उपस्थित रहयं। मुध पुजारी विकास पांडे, रिलेशंस कर निदेसक आशुतोष द्विवेदी, समाजसेवी राजू पोद्दार, राजू दुबे संगे कई नणमान्य अदमी कार्जकरम में पहुंचल रहयं। कार्जकरम के सफल बनायेक में पूनम सिन्हा, सुषमा जायसवाल, अनु पांडेय, रंभा सिंह, प्रियंका सिंह आउर सिंधु सिन्हा संगे समिति कर महिलामन आउर सरधालुमन कर महतपूर्न भूमिका रहे।








# जेएसएलपीएस संकुल संगठन राहगीरमन ले प्याऊ कर करलक सुभारंभ

## पेयजल उपलब्ध करुवायेक एगो महतपूर्न सामाजिक सेवा

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**पलामू।** भीसन गरमी आउर बढ़त तापमान के देखते जिला कर बिभिन्न परखंड में राहगीर आउर आमजन कर सुबिधा जेएसएलपीएस संकुल संगठन पनशाला (प्याऊ) कर सुभारंभ करलक। ई जनहितकारी पहल सखी मंडल कर दीदीमन द्वारा संचालित करल जात हे, जेकर तहत बाजार आउर भीड़भाड़ वाला मुध डहर में अदमीमन के सुद्ध आउर ठंडा पेयजल उपलब्ध कराल जात हे। कार्जकरम कर दौरान आवल गोतियामन महिला समूह कर ई सराहनीय पहल कर परसंसा करते कहलयं कि भीसन गरमी में राहगीरमन के पेयजल उपलब्ध करुवायेक एगो महतपूर्न सामाजिक सेवा आहे। इकर से समाज में सहजोग, संबेदनसीलता आउर जनसेवा कर भावना के बढ़ावा मिलेला। जिला कर चैनपुर, रामगढ़, तरहसी, मेदिनीनगर, हरिहरगंज, पिपरा संगे बिभिन्न परखंड कर संकुल संगठन द्वारा पनसाला कर सुभारंभ करल गेलक। कार्जकरम में बड़ संख्या में सखी मंडल कर दीदीमन भाग लेइ के ई अभियान के सफल बनायेक में सक्रिय भूमिका निभालयं।






# अश्विनी एकादसी में श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में भक्ति कर अनुपम संगम

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**




**रांची।** पुंदाग कर श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में अश्विनी एकादसी सरधा, भक्ति आउर हरसोल्लास कर संगे मनाल गेलक। कार्जकरम कर सुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार आउर बिसेस अनुष्ठान पूजा से भेलक। मंदिर कर पुजारी पंडित अरविंद पांडे बिधिवत पूजा-अर्चना संपन्न करालयं। भगवान के परसाद अरपित करलयं। ई अवसर में श्री राधा रानी कर अलौकिक आउर आकरसक सिंगार नवा लुगा आउर जड़ित आभूसन से करल गेलक। कार्जकरम कर बेरा भजन-कीर्तन आउर सामूहिक आरती कर आयोजन करल गेलक, जेकर में आवल सरधालु भक्तिरस में सराबोर होए के भगवान कर जयकारा से गोटा बाताबरन गुंजायमान करते रहयं। पुरुसोत्तम मास आउर एकादसी कर महिमा कर गुनगान करते भक्तमन आध्यात्मिक ऊर्जा आउर आत्मिक सांति कर अनुभव करलयं। धारमिक अनुष्ठान कर बाद सैकड़ों सरधालुमन कर बीच भेजिटेबल खिचड़ी परसाद कर बितरन करल गेलक। ई अवसर में ट्रस्ट कर अध्यछ डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यछ राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज चौधरी आउर प्रवक्ता संजय सर्राफ अश्विनी एकादसी आउर पुरुसोत्तम मास कर महत्ता उपरे परकास डाललयं। वक्तामन कहलयं कि पुरुसोत्तम मास भगवान बिसनु के समरपित ढेइर पुण्यदायी मास मानल जायेला। ई अवधि में करल गेल जप, तप, दान आउर पूजा कर बिसेस फल प्राप्त होवेला।

# श्री राधा कृष्ण मंदिर में 40 दिनक श्री रामचरितमानस पाठ कर सुभारंभ

**रोज दिना सांझ के बिसेस पाठ, आरती, अरदास आउर परसाद बितरन करल जाई**

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** रातू रोड कर कृष्णा नगर कॉलोनी कर श्री राधा कृष्ण मंदिर में 27 मई के 40 दिनक श्री रामचरितमानस पाठ कर सुभारंभ सरधा आउर भक्ति भाव कर संगे करल गेलक। कार्जकरम कर सुरुआत पंडित रामचंद्र उपाध्याय आउर सीताराम वैदिक मंत्रोच्चारन आउर कलस स्थापना कर संगे करलयं।

ई अवसर में 35 गो महिलामन आउर मंदिर कर मुखी मनोहर लाल जसूजा, चंद्रभान तलेजा आउर रामचंद्र तलेजा द्वारा बिधिवत पूजा-अर्चना कराल गेलक। मंदिर परिसर में श्री रामचरितमानस कर सामूहिक पाठ आगामी 40 दिन तक रोज दिन भक्तमन द्वारा करल जाई, जेकर समापन 7 जुलाई के होवी।

संगे, मंदिर में 24 घंटा अखंड श्री रामचरितमानस पाठ भी निरंतर जारी रही। रोज दिन सांझ कर 4 बजे से 7 बजे तक बिसेस पाठ, आरती, अरदास आउर परसाद बांटल जाई।

कार्जकरम के सफल बनायेक में प्रधान नंदकिशोर अरोड़ा, चंद्रभान तलेजा, रामचंद्र तलेजा, मनोहर लाल जसूजा, सुनील कटारिया, चंदन सिडाना, अरुण जसूजा, किशोरी पपनेजा, पवन मनुजा, हरीश मनुजा, दिनेश गक्खड़, जिमी अरोड़ा, निखिल घई, कुश किंगर, जय गाबा, पवन पपनेजा, देवराज मनुजा, विनीत अरोड़ा कर जोगदान रहे।

राजदेवी मनुजा, कौशल्या देवी पपनेजा, सिम्मी पपनेजा, बबीता पपनेजा, ज्योति अरोड़ा, शशि किंगर, शकुंतला देवी जसूजा, लाजवंती देवी घई, रूबी अरोड़ा, पूनम तलेजा, कांता देवी अरोड़ा, श्वेता चावला, शालू मिड्ढा, सुनीता कात्यान, संगीता मादनपोत्रा, ऋचा मिड्ढा, भावना किंगर, रश्मि काठपाल संगे कई सरधालुमन भी सहजोग देवत हयं।





## काले बांसी बाजले



डॉ लक्ष्मीकांत नारायण
बड़ाईक, (तपकरा)

ए रे..... ए बांसी
काले तो बांसी बाजले।
आधा राती मोर
निंदिया के तोड़ी देले
काले तो बांसी बाजले।। ध्रु।।

बांसी कर धुन स्वरे
कल नहीं मोके परे
काले तो बांसी बाजले।
सेजिया से सुतल परे
मोके तो उठाय देले
काले तो बांसी बाजले।। 1।।

मन करे हर घरी
देखतों नयना भरी
काले तो बांसी बाजले।
बिन पयंरी गोड़े मोर
घुंघरू बजुवाय देले
काले तो बांसी बाजले।। 2।।

मन में मेंजुर झुले
संवरल मोर हिया खुले
काले तो बांसी बाजले।
*नारायण* असे असे
बीचे पंथे ठुनकले
काले तो बांसी बाजले।। 3।।

मुद्रक व प्रकाशक नीलम सिंह द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक :** रतनलाल अग्रवाल, **एग्जीक्यूटिव एडिटर :** शिव कुमार सिंह, **स्टेट ब्यूरो हेड :** कुमार राजेश। **फोन नंबर :** 8210640230, 9934166306, **ई-मेल आईडी :** jharkhandwanitaudyog@gmail.com